पौष शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 9:50 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2080
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
लखनऊ, बुधवार, 24 जनवरी 2024
वर्ष 33, अंक 354, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण

# अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार



www.amritvichar.com

2030 तक पर्यटन पर खर्च में चौथा देश होगा भारत 16
आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा 15

## शेयर बाजार धड़ाम, 8 लाख करोड़ की चपत

मुंबई, एजेंसी

▶▶ सेंसेक्स 1,053 अंक टूटा निफ्टी 21,250 से नीचे

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट का सिलसिला जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 1,053 अंक लुढ़क कर 71,000 अंक के नीचे आ गया।

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के साथ वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली कंपनियों एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एसबीआई में बिकवाली से बाजार नीचे आया। कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने को लेकर चिंता के बीच बिकवाली दबाव देखने को मिला। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में करीब 450 अंक की बढ़त के साथ खुला। लेकिन बाद में यह 1,053.10 अंक यानी 1.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,370.55 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह नीचे में 70,234.55 अंक तक आया, जबकि ऊंचे में 72,039.20 अंक तक गया। पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 330.15 अंक यानी 1.53 प्रतिशत लुढ़क कर 21,241.65 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार मंगलवार की गिरावट के दौरान निवेशकों को करीब आठ लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

## यूपीपीसीएस के अंतिम नतीजे घोषित, सिद्धार्थ गुप्ता ने किया टॉप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा (यूपी पीसीएस) 2023 के अंतिम नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। परीक्षा में 19 प्रकार के पदों के लिए 251 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। देवबंद, सहारनपुर के सिद्धार्थ गुप्ता ने टॉप किया है। जबकि प्रयागराज के प्रेम शंकर पांडेय दूसरे और हरदोई की सात्विक श्रीवास्तव तीसरे स्थान पर रहे। 167 पुरुष और 84 महिला अभ्यर्थी चयनित घोषित किए गए हैं। टॉप 10 में 8 पुरुष दो महिला शामिल हैं। 77 ओबीसी, एससी के 55 और एसटी के दो अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। टॉप 20 अभ्यर्थियों में 13 पुरुष 7 महिला हैं। कुल चयनित अभ्यर्थियों में 68 जिलों का प्रतिनिधित्व हुआ है। पीसीएस 2023 का अंतिम परिणाम आठ माह 9 दिन में पूरा किया गया है। कुल अभ्यर्थियों में महिलाओं का प्रतिशत 33.46 फीसदी है।

22 दिसंबर 2023 को मेंस परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया था। इंटरव्यू के लिए 451 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे। 8 जनवरी से 12 जनवरी के बीच इंटरव्यू आयोजित किए गए। प्रारंभिक परीक्षा में 5 लाख 65 हजार 459 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे, जिसमें 3 लाख 45 हजार 22 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। जबकि मुख्य परीक्षा के लिए 4047 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए थे।

### प्रयागराज के प्रेमशंकर को दूसरा हरदोई के सात्विक को तीसरा स्थान



प्रेमशंकर पांडेय



सात्विक श्रीवास्तव

### राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2023 में 251 अभ्यर्थी हुए सफल

### टॉप टेन अभ्यर्थियों में ये भी

चौथे स्थान पर मैनपुरी के शिव प्रताप, पांचवें स्थान पर बहराइच के मनोज कुमार भारती, छठें स्थान पर चित्रकूट के पवन पटेल, सातवें स्थान पर मेरठ की शुभि गुप्ता, आठवें स्थान पर अयोध्या की निधि शुक्ला, नौवें स्थान पर बिहार के बक्सर जिले के हेमंत मिश्रा व दसवें स्थान पर कासगंज के माधव उपाध्याय रहे।

**सफल अभ्यर्थियों को योगी ने दी बधाई:** यूपी पीसीएस परीक्षा-2023 में चयनित अभ्यर्थियों व उनके स्वजन को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। उन्होंने गुणधर्मिता, शुचिता और पारदर्शिता के सतत् मानक गढ़ते हुए रिकॉर्ड समय में चयन प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की भी प्रशंसा की। परिणाम आने के बाद योगी कहा कि प्रदेश के 68 जिलों से किसी न किसी अभ्यर्थी ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने जिले-परिवार का मान बढ़ाया है। यह उत्तर प्रदेश में ''सुरक्षा, सुशासन और समान अवसर'' की सुनिश्चितता को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने सफल अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की।

### मेहनत का कोई विकल्प नहीं : सिद्धार्थ



**बरेली।** टॉपर सिद्धार्थ गुप्ता सहारनपुर जिले के देबवंद कस्बे के रहने वाले हैं। इनके पिता राजेश गुप्ता किराने की दुकान चलाते हैं, जबकि मां अंजना गृहणी हैं। दिल्ली विवि से ग्रेजुएट सिद्धार्थ ने अमृत विचार से बातचीत के दौरान बताया कि उनका ये दूसरा प्रयास था। वे शुरू से ही एसडीएम बनना चाहते थे। पहले प्रयास में सफलता तो मिली लेकिन एसडीएम पद पर चयन नहीं हो पाया। पहले प्रयास में जो कमी रह गयी थी, उससे सबक लेकर दूसरी बार प्रयास किया और टॉप किया। सिद्धार्थ बताते है कि उनके एक दोस्त ने ही पीसीएस टॉप करने की जानकारी दी, पहले तो उनको यकीन ही नहीं हुआ लेकिन जब यकीन हुआ तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कुछ ही देर में सगे संबंधियों और दोस्तों के फोन आने लगे। सिद्धार्थ अपनी सफलता का श्रेय दोस्तों और परिवार को देते हुए कहते हैं कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं हो सकता। उन्होंने पीसीएस की तैयारी के लिए नोट्स खुद तैयार किए और लाइब्रेरी में जाकर पढाई की। सहायता के तौर पर दिल्ली से कोचिंग ली। इसके साथ साथ 8 घंटे रोजना तैयारी में समय दिया।

## एक नजर

### कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत मिलेगा भारत रत्न



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन ने मंगलवार को यह घोषणा की। जननायक के रूप में मशहूर ठाकुर दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे। उनका 17 फरवरी, 1988 को निधन हो गया था।

### संसद की सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ तैनात

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दौरान आगंतुकों और उनके सामान की जांच के लिए नई व्यवस्था के तहत संसद परिसर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 140 की कर्मियों की टुकड़ी तैनात की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले महीने संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की थी जिसके बाद सीआईएसएफ की तैनाती को मंजूरी दी गई थी।

### कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा पर तय की समय सीमा

**ओटावा।** कनाडा ने आवास संकट से निपटने के लिए नए अंतर्राष्ट्रीय छात्र वीजा पर तत्काल दो वर्ष की समय सीमा तय की है। इस कदम से देश में पढ़ाई करने को इच्छुक भारतीय छात्रों पर असर पड़ सकता है। आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने कहा कि समय सीमा के तहत 2024 में नए अध्ययन वीजा में 35 प्रतिशत की कमी आएगी। इस सीमा के परिणामस्वरूप 2024 में 3,64,000 नए वीजा जारी किए जाने की उम्मीद है।

### महिला पायलट ने पति पर दर्ज कराई दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट

**लखनऊ।** महिला पायलट ने अपने आईआरएस अधिकारी पति व अन्य ससुरालीजनों पर दहेज में डेढ़ करोड़ रुपये मांगे जाने और न देने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। उसने हजरतगंज थाने में केस दर्ज कराया है। पीड़ित महिला पायलट के मुताबिक 17 सितंबर 2020 में उनका निकाह आशियाना सेक्टर के निवासी आईआरएस अधिकारी मिनहाजुद्दीन से हुआ था। वह इस समय गुजरात में डिप्टी कस्टम कमिश्नर के पद पर तैनात हैं। आरोप है कि निकाह के चार दिन पहले ससुर ने उनके पिता से दहेज में दो करोड़ रुपये की मांग की थी।

# 5 लाख रामभक्त पहुंचे, योगी ने संभाली कमान

### प्रमुख सचिव गृह, डीजी कानून-व्यवस्था को भेजा, फिर खुद अयोध्या पहुंचे योगी

### श्रद्धालुओं से मुख्यमंत्री ने की अपील, संयम बरतें सहयोग करें, सबको दर्शन देंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रीरामलला के बालरूप विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान के अगले दिन अयोध्या में उमड़े लाखों श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राउंड जीरो पर खुद कमान संभाल ली है।

मंगलवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद और डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को भेजने के बाद अचानक अयोध्या पहुंचे मुख्यमंत्री ने पहले हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। फिर स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए दिशा-निर्देश दिया। इसके बाद श्री रामजन्मभूमि मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री ने मंदिर न्यास के पदाधिकारियों के साथ दर्शन के लिए उमड़ रहे अपार जन सैलाब के प्रबंधन, दर्शन-पूजन व्यवस्था को और व्यवस्थित करने पर चर्चा की। इस बीच, मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से संयम और सहयोग की अपील की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अयोध्या में उमड़े जनसमुद्र के बीच सबको रामलला के दर्शन हों। इसके लिए संयम बनाये रखें। अत्यधिक भीड़ से दर्शनार्थियों को असुविधा होगी। ऐसे में सभी लोग श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास, स्थानीय पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि सरकार, न्यास और प्रशासन हर रामभक्त को सुविधा से रामलला का दर्शन कराने का प्रयास कर रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलाधिकारी ने आठ स्थानों पर मजिस्ट्रेट तैनात कर दिए हैं। इन मजिस्ट्रेट को शांति, सुरक्षा, यातायात व लोक व्यवस्था के प्रबंधन के लिए लगाया गया है। श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित दर्शन हेतु अयोध्या पुलिस द्वारा सभी ड्यूटी प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात कर रही सतर्कता बरती जा रही है। जनपद के सभी अन्तरजनपदीय बार्डर, बैरियर, चेक प्वाइंट पर पुलिस बल की ड्युटी लगाकर जनपद मे आने वाले सभी संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। साथ ही सभी महत्वपूर्ण स्थानों, होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर संदिग्ध वाहनों, व्यक्तियों की जांच की जा रही है। किसी भी तरह के अफवाह को रोकने के सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर भी सतर्क नजर रखी जा रही है। मुख्यमंत्री ने भीड़ के बीच लगातार आवश्यक सू चनाओं की उद्घोषणा करने के निर्देश भी दिए, साथ ही कहा कि नगर में स्वच्छता की स्थिति बनाए रखी जाए।

### रामलला के दर्शन को अयोध्या में उमड़ी भीड़

**मनुहार कर जगाए गए रामलला** भगवान राम बाल्य स्वरूप में भव्य राम मंदिर में विराजमान हैं। इसलिए पूजा पद्धति में वात्सल्य की भी झलक मिल रही है। मंगलवार सुबह 4.30 बजे उन्हें मंगल आरती और मनुहार के साथ जगाया गया। इसके बाद उन्हें स्नान कराया गया और सुबह 6.30 बजे ऋंगार आरती हुई। जिसके बाद उनकी सेवा करने के बाद भोग लगाया गया। सुबह सात बजे से गर्भगृह के कपाट दर्शन के लिए खोले गए। रामलला के मंदिर से कुछ दूर पर स्थित हनुमानगढ़ी में भी बजरंगबली के दर्शन के लिए लंबी कतार लगी रही।



प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला दर्शन के लिए मंगलवार को अयोध्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● एजेंसी



अयोध्या में मंगलवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### रामपथ, धर्म पथ और जन्मभूमि पथ पर तिल रखने की जगह नहीं

अयोध्या में मंगलवार को वही हुआ जो अवश्यम्भावी था। सदियों की प्रतीक्षा के बाद श्रीरामलला सोमवार को अपने नव्य, भव्य, दिव्य मंदिर में विराजमान हुए तो मंगलवार को पौ फटने से पहले ही उनके दर्शन को आतुर लाखों-लाख श्रद्धालु उमड़ पड़े। हाड़ कंपाने वाली ठंड के बावजूद अयोध्या की सड़कों पर आस्था का हुजूम उमड़ पड़ा। धर्मपथ, राम पथ और श्रीरामजन्मभूमि पथ के मार्गों पर तिल रखने की जगह नहीं दिख रही थी। भीड़ के चलते रामलला के कपाट एक घंटे पहले खोले गए। रात 3 बजे से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। लोगों में मंदिर के अंदर जाने के लिए होड़ मची। मंदिर के कपाट तो सुबह सात बजे खुले लेकिन रात के दूसरे पहर से ही श्रद्धालुओं की कतार लग गई। हालांकि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सहूलियत के लिए मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर प्रशासन व पुलिस की टीमें पूरी तरह मुस्तैद थीं। उधर सुबह मंदिर के कपाट खुलने के बाद श्रीरामलला के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ तो आस्थावानों की संख्या असंख्य होने लगी। दोपहर होते-होते करीब तीन लाख श्रद्धालु प्रभु का बाल रूप निहार कर निहाल हो चुके थे। डीएम नीतीश कुमार के मुताबिक देर शाम तक करीब पांच लाख श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर चुके थे।

## एक अयोध्या मन में लेकर लौटा हूं : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी



▶▶ प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर साझा किया अनुभव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनना उनके जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों में था और वह वहां से एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटे हैं जो कभी उनसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिखे दो पन्नों के एक पत्र में यह बात कही। पत्र की प्रति एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा, दो दिन पूर्व मुझे आदरणीय राष्ट्रपति जी का एक बहुत ही प्रेरणादायी पत्र मिला था। मैंने आज अपनी कृतज्ञता पत्र के माध्यम से प्रकट करने का प्रयास किया है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर देश भर में जश्न का माहौल भारत की शाश्वत आत्मा की एक निर्बाध अभिव्यक्ति और देश के पुनरुत्थान में एक नए चक्र की शुरुआत है। इसके जवाब में मोदी ने लिखा कि अयोध्या धाम में अपने जीवन के सबसे अविस्मरणीय क्षणों का साक्षी बनकर लौटने के बाद मैं आपको यह पत्र लिख रहा हूं। मैं एक अयोध्या अपने मन में भी लेकर लौटा हूं। एक ऐसी अयोध्या, जो कभी मुझसे दूर नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति को उनकी शुभकामनाओं और स्नेह के लिए आभार जताया।

## राहुल, अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी

गुवाहाटी, एजेंसी

▶▶ भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान हिंसा पुलिस से झड़प का मामला

▶▶ बैरिकेड तोड़ने पर मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने डीजीपी को दिए थे निर्देश



असम पुलिस ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ हिंसा में शामिल होने के आरोप में मंगलवार को प्राथमिकी दर्ज की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व सरमा ने यह जानकारी दी। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' इस समय असम में है। हिंसा की कथित घटनाएं उस समय हुईं, जब पार्टी समर्थकों और नेताओं ने गुवाहाटी में प्रवेश करने की कोशिश में अवरोधक तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ झड़प की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कांग्रेस सदस्यों द्वारा हिंसा, उकसावे, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और पुलिसकर्मियों पर हमले के अनियंत्रित कृत्यों के संदर्भ में आज राहुल गांधी, के सी वेणुगोपाल, कन्हैया कुमार और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

इससे पहले, शर्मा ने राज्य के पुलिस महानिदेशक को अवरोधक तोड़ने के लिए भीड़ को उकसाने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया था। जिन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, वे आपराधिक साजिश, गैरकानूनी रूप से एकत्र होने, दंगा करने, लोकसेवक को अपने कर्तव्य का निर्वहन करने से रोकने के लिए आपराधिक बल का प्रयोग करने या हमला करने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और अन्य अपराधों से संबंधित हैं। राहुल गांधी ने कहा कि शर्मा द्वारा उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया जाना इस बात का प्रमाण है कि मुख्यमंत्री के दिल में डर है।

## सीबीआई ने 60 करोड़ रिश्वत लेने के मामले में दर्ज किया केस

नई दिल्ली, एजेंसी

▶▶ सात रेलवे अधिकारी और एक निजी कंपनी आरोपी

सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे में 2016 से 2023 तक की परियोजनाओं में 60 करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में रेलवे के सात कर्मचारियों और निजी कंपनी भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे के वरिष्ठ खंड अभियंता संतोष कुमार के परिसरों पर तलाशी के बाद उन्हें दो करोड़ रुपये की रिश्वतखोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया था जिसके बाद यह मामला सामने आया। सीबीआई अधिकारियों के अनुसार तलाशी के दौरान मिली सामग्री से पता चला कि भरतिया इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की रिश्वत दी थी। उन्होंने कहा कि तलाशी के दौरान सीबीआई को कंपनी की परियोजनाओं से जुड़े उन अधिकारियों के नामों की सूची भी मिली जिन्होंने कथित रूप से 2016 से 2023 के बीच नकदी में और अपने परिजनों के बैंक खातों में रिश्वत प्राप्त की थी। अधिकारियों के अनुसार निजी कंपनी को उत्तर पूर्व सीमांत रेलवे से 2016-22 के दौरान छह बड़ी परियोजनाओं का ठेका मिला।

**जेफरीज का दावा** अयोध्या में एक वर्ष के अंदर 5 करोड़ भक्तों के आने की उम्मीद, एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट में उप्र को 2024-25 में 25 हजार करोड़ टैक्स मिलने की उम्मीद

## रामनगरी अयोध्या से पीछे होंगे वेटिकन सिटी और मक्का

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्टॉक मार्केट रिसर्च फर्म जेफरीज का दावा है कि अयोध्या धाम श्रद्धालुओं की संख्या के मामले में वेटिकन सिटी और मक्का को भी पीछे छोड़ देगा। वेटिकन सिटी कैथोलिक समुदाय जबकि का सऊदी अरब में मक्का मुस्लिम समुदाय का पवित्र स्थान है। अयोध्या में 5 करोड़ लोगों के आने की संभावना जताई गई है, हालांकि मंदिर खुलते ही पहले दिन छह लाख लोगों के दर्शन से आकलन करें तो, यह आंकड़ा भी छोटा लगता है।



रिपोर्ट के अनुसार स्विटजरलैंड, इटली, फ्रांस, अमेरिका, यूएई आदि ने पर्यटन के बलबूते पर अतुलनीय आर्थिक विकास किया है। अपनी अर्थव्यवस्था को विकसित श्रेणी की बना दिया है। इसी प्रकार अब अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारत भी इस श्रेणी के देशों में शामिल होने जा रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था में विकास दर 10 प्रतिशत के पार जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक नए हवाई अड्डे, विस्तारित रेलवे स्टेशन, आवासीय योजनाओं और बेहतर सड़क संपर्क जैसी सुविधाओं के लिए अयोध्या पर 10 अरब डॉलर से अधिक खर्च किए गए हैं। इससे शहर में नए होटल खुलेंगे और अन्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी।

### अयोध्या धाम की वार्षिक आय में होगी वृद्धि, बढ़ेगा रोजगार

रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने के साथ-साथ अयोध्या धाम की वार्षिक आय में भी वृद्धि होगी। अभी देश में आंध्र प्रदेश में स्थित तिरुपति बालाजी से राज्य को 1200 करोड़ की आय होती है, जहां हर वर्ष 2.5 करोड़ श्रद्धालु पहुंचते हैं। वैष्णो देवी में प्रतिवर्ष 80 लाख लोग जाते हैं, जहां से वहां 500 करोड़ रुपये का टूरिज्म बूस्ट मिलता है। वहीं आगरा ताज महल में 70 लाख लोगों के पहुंचने से 100 करोड़, आगरा फोर्ट में 30 लाख लोगों के माध्यम से 27.5 करोड़ रुपये की वार्षिक आय होती है। वेटिकन सिटी और मक्का की बात करें तो मक्का में प्रति वर्ष 2 करोड़ लोग आते हैं, जिससे सऊदी अरब को 12 बिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है, जबकि वेटिकन सिटी में 90 लाख लोग प्रतिवर्ष आते हैं जिनसे 315 मिलियन डॉलर की वार्षिक आय होती है।

**इसलिए बढ़ेंगे पर्यटक :** रिपोर्ट के मुताबिक, अयोध्या में नए हवाईअड्डे का पहला चरण शुरू हो गया है जो 10 लाख यात्रियों को संभाल सकता है। रेलवे स्टेशन को प्रतिदिन 60 हजार यात्रियों को संभालने के लिए विस्तारित किया गया है। वर्तमान में अयोध्या में 590 कमरों वाले करीब 17 होटल हैं। 73 नए होटल तैयार किए जा रहे हैं। इंडियन होटल्स, मैरियट और विंडहैम पहले ही होटल बनाने के लिए समझौते कर चुके हैं। आईटीसी भी अयोध्या में संभावनाएं तलाश रही है। ओयो की योजना अयोध्या में एक हजार कमरे जोड़ने की है। 12 सौ एकड़ की ग्रीनफील्ड टाउनशिप बनाने की योजना चल रही है।

### 25 हजार करोड़ के टैक्स कलेक्शन की संभावना

एसबीआई रिसर्च ने एक रिपोर्ट में दावा किया है कि राम मंदिर और अन्य टूरिज्म सेंट्रिक इनीशिएटिव्स के कारण उत्तर प्रदेश को 2024-25 में 25 हजार करोड़ रुपये टैक्स मिलने की उम्मीद है। अयोध्या अहम फैक्टर होगा। इसके चलते प्रदेश इस वर्ष करीब 4 लाख करोड़ रुपये और अमीर हो जाएगा।

### जीडीपी में 443 अरब डॉलर का होगा योगदान

रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यटन ने कोविड पूर्व यानी 2018-19 के दौरान जीडीपी में 194 अरब डॉलर का योगदान दिया। 2032-33 तक इसके 8 फीसदी की दर से बढ़कर 443 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीद है।


MK® TRADE MARK
बन्धानी हींग
पुण्यश्लोकबाबूकिशोरचन्द्रजी
भगवान श्री रामलला
विग्रह प्राण प्रतिष्ठा
की शुभ घड़ी में संपूर्ण भारत वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बस "खुशबू" ही नहीं "स्वाद" भी है
"शुद्धता का एहसास" भी है।
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555





## शहर में आज

- मोहनलालगंज ब्लॉक परिसर में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत रोजगार मेला - 10:00 बजे।
- गैलेक्सी स्पोर्ट्स स्टेडियम में यूपी व पुडुचेरी के बीच मुकाबले का अंतिम दिन - 10:00 बजे।
- केडी सिंह बाबू में खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिता - 11:00 बजे।
- गोसाईंगंज के ग्राम बसरहिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर - 11:00 बजे।
- जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रम प्रकोष्ठ की बैठक - 4:00 बजे।

## एक नजर

### अयोध्या के लिए कल से चलेंगी मेमू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे ने श्रद्धालुओं के लिए लखनऊ से मेमू ट्रेन का संचालन करेगा। लखनऊ से अयोध्या तक 25 जनवरी से मेमू ट्रेन का संचालन शुरू होगा। ट्रेन नंबर 04204 मेमू ट्रेन चारबाग रेलवे स्टेशन से शाम 05 :25 बजे रवाना होगी जो कि रात 09 :10 बजे अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या कैंट से ट्रेन नंबर 04203 मेमू सुबह 05 :45 बजे रवाना होगी जो सुबह 09 :10 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच जाएगी। दोनों ओर से यह ट्रेन मल्हौर, जुग्गौर, सफेदाबाद, बाराबंकी, रसौली, सफदरगंज, सैदखानपुर, दरियाबाद, पटरंगा, रौजागांव, रूदौली, गौरियामऊ, बड़ागांव, देवराकोट, सोहावल, सालारपुर स्टेशनों पर भी रुकेगी।

# ठंड-गलन से बुरा हाल, न्यूनतम पारा पहुंचा 3.5 डिग्री

## धूप निकलने के बावजूद लोगों को नहीं मिली सर्दी से राहत, राजधानी में मंगलवार रहा सीजन का सबसे ठंडा दिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** धूप निकलने के बावजूद मंगलवार लखनऊ में सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। न्यूनतम तापमान 7 डिग्री से लुढ़ककर 3.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग की ओर से आगे भी तापमान में गिरावट बने रहने की संभावना जताई गई है।

सर्द हवाओं के बीच सोमवार रात से ही तापमान गिरना शुरू हो गया। देर रात घना कोहरा भी छा गया, जो सुबह तक रहा। करीब 10 बजे हल्की धूप निकली, लेकिन गलन से राहत नहीं मिल सकी। ऐसे में तापमान लगातार गिरता चला गया। मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि निचले शोभमण्डल में प्रचलित सर्द उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। भारी गिरावट का असर लखनऊ और उसके आसपास के जनपदों में देखने को मिली है। आगे भी ऐसी ही स्थिति बने रहने की संभावना है।

**नमी की प्रचुरता के कारण छाया घना कोहरा :** मौसम विभाग के अनुसार, हवा की धीमी रफ्तार, नमी की प्रचुरता एवं काफी ऊंचाई तक विस्तृत निम्न वायुमंडलीय स्थिरता के प्रभाव से कोहरे में वृद्धि हुई है, जो आगे भी बनी रहेगी। ऐसे में आवाजाही पर सतर्कता बरती जानी आवश्यक है।


कड़कड़ाती ठंड में मंगलवार सुबह घने कोहरे के बीच हजरतगंज में गंतव्य को जाते राहगीर।


भीषण ठंड में सिविल अस्पताल के सामने से गुजरती महिला।

### मौसम विभाग ने किया शीतलहर को लेकर अलर्ट

मौसम विभाग की ओर से उत्तर भारत से जुड़े जनपदों में अति शीतलहर और शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। बताते हैं कि विकिरण ऊष्मन में आई कमी के कारण अधिकतम तापमान भी सामान्य से कहीं नीचे पहुंच गया है। ऐसे में कई स्थानों पर तेजी से पाला पड़ने के संकेत भी मिले हैं।

### आसपास के क्षेत्रों में तेजी से गिरा तापमान

लखनऊ का न्यूनतम तापमान 3 .5 डिग्री रिकार्ड किया गया। बाराबंकी में 5 डिग्री रहा। हरदोई में 8 डिग्री रिकार्ड हुआ। वहीं, लखीमपुर खीरी का तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### शून्य तक पहुंची दृश्यता

लखनऊ और सीतापुर में सोमवार रात से मंगलवार सुबह तक कई स्थानों पर दृश्यता शून्य रिकार्ड की गई। इसके बाद दृश्यता शून्य से बढ़कर 199 मीटर तक पहुंची। लोगों को आने जाने में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। रोजमर्रा के कार्य भी प्रभावित रहे।

### इन जनपदों में रहेगा कोहरा

लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई और उन्नाव में अति घना कोहरा छाए रहने के संकेत मौसम विभाग की ओर से दिए गए हैं। रायबरेली और बाराबंकी में भी आने वाले दिनों में कोहरा छाए रहने की संभावनाएं हैं।

# एक उड़ान रद, एक दर्जन से अधिक विलंब से गईं

संवाददाता, सरोजनीनगर/लखनऊ

**अमृत विचार :** कोहरे की मार के कारण विमान की रफ्तार धीमी पड़ गई है। खराब मौसम की वजह से विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं और यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

मौसम के कारण लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 को रद कर दिया गया। दूसरी ओर, बेंगलुरु से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6353 सुबह 8:35 के बजाय 11:10 पर पहुंची। नागपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7467 सुबह 9:10 के बजाए 12:51 पर पहुंची। इंदौर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7127 सुबह 10:05 के बजाय 1:01 पर पहुंची। मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 914 सुबह 10:15 के बजे 11:19 पर पहुंची। मुंबई से लखनऊ आने वाली



आकाश एयरलाइंस की उड़ान संख्या क्यूपी 1524 सुबह 11:00 के बजाय दोपहर 1:08 पर पहुंची। देहरादून से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 305 दोपहर 12:25 के बजाय 1:30 पर पहुंची। मुंबई से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2442 दोपहर 1:15 के बजाय 3:16 पर पहुंची। जयपुर से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7319 दोपहर 1:55 के बजाय 2:44 पर पहुंची। दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आई 5738 दोपहर 2:20 के बजाय 4:34 पर पहुंची। रांची से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 6522 दोपहर 2:45 के बजाय 4:38 पर पहुंची।

# उच्च स्थान पर चयनित हो अंजनी ने बढ़ाया मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा-2023 (पीसीएस) का अंतिम परिणाम घोषित किया। परीक्षा में लखनऊ की अंजनी यादव ने 12वां स्थान प्राप्त कर अपना व परिवार का मान बढ़ाया है। एकेटीयू से बीटेक करने वाली अंजनी ने मुख्य परीक्षा की तैयारी प्रयागराज में रहकर की। अंजनी का कहना है कि किसी को तरक्की पाना है तो अपनी तुलना किसी से न करें, सोशल मीडिया से परहेज करना बेहतर ही रहेगा।

लखनऊ निवासी अंजनी यादव का कहना है कि उन्होंने हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट की पढ़ाई लखनऊ पब्लिक इण्टर कॉलेज से की थी। वर्ष 2014 में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से बीटेक करने के बाद नोएडा स्थित एक निजी संस्थान में 5 वर्षों तक सेवाएं दीं, लेकिन कुछ बेहतर करने के जज्बे ने उन्हें तैयारी करने को प्रेरित किया। इसी के दृष्टिगत वह प्रयागराज पहुंची। वहीं से तैयारी का सफर शुरू हुआ। खुद के खर्चे पूरे करने के लिए तैयारी के साथ नौकरी भी की, लेकिन लक्ष्य निर्धारित रहा। ऐसे में दूसरे प्रयास में ही उन्होंने परीक्षा उत्तीर्ण की।

युवाओं को नसीहत देते हुए कहती हैं कि अपनी तुलना किसी से न करें, ध्यान केवल लक्ष्य पर रखें। सोशल मीडिया से हर हाल में दूरी बनाएं। लखनऊ का मान बढ़ाने वाली अंजनी डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को अपना आदर्श मानती हैं।भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह के ज़ज़्बे को आत्मसात किया।


पिता प्रदीप यादव के साथ अंजनी।

### पीसीएस परीक्षा-2023

- कहा, अपनी तुलना किसी से न करें, सोशल मीडिया से करें परहेज
- अंजनी ने प्रयागराज में रहकर की मुख्य परीक्षा की तैयारी

### पुलिस में हैं पिता और बहन

अंजनी के पिता प्रदीप कुमार यादव यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक के पद पर रायबरेली में तैनात हैं। मां गृहणी हैं। बहन भी उप्र पुलिस में सेवाएं दे रही हैं। अंजनी बताती हैं कि समय-समय पर मां ने भी काफी मार्गदर्शन किया है।

# घरेलू बिजली कनेक्शनों पर अब नहीं चलेगा कारोबार

- चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर वसूला जाएगा जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अब घरेलू कनेक्शन से व्यावसायिक कार्य नहीं किए जा सकेंगे। दुकानों से लेकर व्यावसायिक कार्यों तक के लिए उपभोक्ताओं को अलग से व्यावसायिक कनेक्शन लेना होगा। इसके लिए राजधानी में चेकिंग अभियान भी शुरू कर दिया गया है।

चेतावनी के बाद भी जो उपभोक्ता अपने घरेलू कनेक्शनों से व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाएंगे, उनसे भारी जुर्माने को वसूलने की तैयारी विभाग द्वारा कर ली गई है। साथ ही हर उपकेंद्र को हर महीने कम से कम 50 व्यावसायिक कनेक्शन देने के लिए पावर कारपोरेशन ने दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। लेसा अधिकारियों के अनुसार, शहर में लाखों ऐसे उपभोक्ता हैं, जो घरेलू बिजली कनेक्शनों से व्यावसायिक कार्य कर रहे हैं। उन पर नकेल कसने के लिए विभाग ने चेंकिंग करा उनको अलग व्यावसायिक कनेक्शन देने की कवायद शुरू कर दी है।

शहर में घरेलू कनेक्शन से व्यावसायिक कार्य करने वाले उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए विभाग ने इसे रोकने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए विभाग ने राजधानी में चेकिंग अभियान शुरू कर दिया है। जिन घरों से दुकानों और कॉम्प्लेक्सों को एक ही कनेक्शन से सब मीटर के जरिए बिजली आपूर्ति हो रही है। ऐसे सभी कनेक्शनों को अलग व्यावसायिक कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करना होगा। इसके लिए विभाग ने सभी उपकेंद्रों के अधिकारियों को क्षेत्र में चेकिंग करने के लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही व्यावसायिक इलाकों में एक ही कनेक्शन से चल रहीं दुकानों को व्यावसायिक कनेक्शन दिया जायेगा। सभी उपकेंद्र अधिकारियों और कर्मचारियों को इसी कार्यों में लगाया गया है। चेकिंग के दौरान ऐसे सभी उपभोक्तओं से चेतावनी देने के साथ भारी जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसके बाद भी जो उपभोक्ता ऐसा करते पाये जायेंगे, उनके बिजली कनेक्शनों को काट दिया जायेगा।

> घरेलू कनेक्शनों के जरिये व्यावसायिक उपभोग करने वाले लोगों को अब अलग कनेक्शन लेना होगा। चेकिंग कराकर ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित किया जा रहा है। हर एक उपकेंद्र अधिकारी को अपने क्षेत्र से महीने में 50 व्यावसायिक कनेक्शन देने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं।
>
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

# अकबर नगर मामले में आज होगी सुनवाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर स्थित कुकरैल नदी पर बने मकान, दुकान व कॉम्पलेक्स के ध्वस्तीकरण की आज हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने अपील कर्ताओं की याचिका पर रोक लगाई थी। यह अंतिम फैसला होगा। एलडीए कुकरैल नदी व बंधे पर कब्जा कर बने सैकड़ों मकान, दुकान व कॉम्पलेक्स तोड़कर नदी का सुंदरीकरण करेगा। यह सरकार की सुरक्षित जगह है। वर्तमान में नदी के डूब क्षेत्र में 100 से अधिक व्यवसायिक भवन बने हैं। वहीं अकबरनगर प्रथम और अकबरनगर द्वितीय में शोरूम, फर्नीचर कारखाने, गोदाम व मकान समेत करीब 1200 भवन हैं। इन सभी कब्जेदारों को 20 दिसंबर को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया गया था। एलडीए की इस कार्रवाई के विरोध में छह अपीलकर्ता हाई कोर्ट गए थे। हाई कोर्ट ने मंडलायुक्त न्यायालय में सुनवाई का मौका देकर 20 दिसंबर तक ध्वस्तीकरण पर रोक लगाई थी। हालांकि मंडलायुक्त न्यायालय से अपील खारिज हो गई थी। इसके बाद अपीलकर्ता दोबारा हाईकोर्ट गए थे। इस दौरान स्टे की तारीख बढ़ाई गई थी। अब अंतिम सुनवाई बुधवार को होनी है। मंगलवार को अधिकारियों ने विभागीय वकीलों के साथ कोर्ट के लिए अभिलेख तैयार किए। सुनवाई की जानकारी क्षेत्र में पंपलेट बांटकर व चस्पा कर दी गई।



## एक नजर

### बैंक से करोड़ों के गबन का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए बैंक से ढाई करोड़ रुपये गबन के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को देर शाम एसटीएफ ने उसे गोरखपुर से दबोचा। उसके पास से एक फारच्यूनर और जाली दस्तावेद बरामद किए गए हैं। एसटीएफ को जाली दस्तावेजों के जरिए लोन कराकर लोन को जमा नहीं कर उसे एनपीए खाते में डाल दिए दिए जाने की सूचना मिल रही थी। एसटीएफ टीम को पता चला कि शाहपुर में ऐसे दो मामले दर्ज हैं। आईसीआईसीआई बैंक के रिजनल हेड आशुतोष कुमार मिश्रा ने रियाज, शरुफ, रुद्रांश पाण्डेय, अर्चना पाण्डेय व अन्य लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया था। बाद में बैंक की तफ्तीश में मुख्य अभियुक्त के रूप में रुद्राष पाण्डेय का नाम सामने आया।

# 57 युवाओं को इजराइल में मिलेगा रोजगार, हुआ चयन

## आईटीआई में आयोजित परीक्षा में कई जनपदों से आए 750 लोगों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के 57 युवाओं को इजराइल में रोजगार मिलेगा। इसको लेकर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को परीक्षा का आयोजन हुआ। परीक्षा के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्यमंत्री ने बताया कि पहले चरण में हुई परीक्षा के दौरान कुल 750 युवा परीक्षा में शामिल हुए। साक्षात्कार के दौरान 57 लोगों को चयनित किया गया। बताते हैं कि आगे भी ये परीक्षाएं जारी रहेंगी।

एमओयू के तहत इजराइल और भारत सरकार में अनुबंध हुआ, जिसमें 10 हजार युवाओं को इजराइल में रोजगार देने पर अनुबंध हुआ था। परीक्षा में लखनऊ सहित आसपास जनपदों के अलावा सुदूर क्षेत्रों से आकर युवा सम्मिलित हुए। साक्षात्कार के दौरान विशेषज्ञों ने अनुभवों की परीक्षा ली। मंत्री कपिल देव अग्रवाल बताते हैं कि भारत से कुल 10 हजार श्रमिक इजराइल भेजे जाएंगे। ऐसे में रोजगार के चयन को लेकर आगे भी परीक्षाएं जारी रहेंगी। उधर कार्यक्रम के दौरान श्रमायुक्त मारकण्डेय शाही, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के निदेशक कुणाल सिल्कू, अपर निदेशक मानपाल सिंह, संयुक्त निदेशक सत्यकांत, मोहनलाल गंज संस्थान के प्रधानाचार्य एसके श्रीवास्तव, चारबाग प्रधानाचार्य चन्द्रशेखर सिंह सहित अन्य सम्मिलित रहे।


राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित परीक्षा में शामिल परीक्षार्थी।

### सभी को दिया जाएगा प्रशिक्षण

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर बताते हैं कि युवाओं को रोजगार दिलाने से पूर्व उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाएगा। ऐसा इसलिए, ताकि चयन प्रक्रिया में उन्हें कोई भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### 31 को होगा रोजगार मेले का आयोजन

31 जनवरी को भी रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। ट्रेनिंग काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी एमए खां ने बताया कि आयोजित होने वाले मेले में महिला और पुरुष दोनों ही प्रतिभाग कर सकते हैं।

### मिशन रोजगार योजना के तहत होंगे लाभान्वित

कार्यक्रम में आए व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के सचिव एम. देवराज ने बताया कि युवाओं को रोजगार देने के लिए मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना लगातार प्रयत्नशील है। आगे भी इसी उपक्रम में परीक्षाओं के आयोजन होंगे।

# ग्रेड-4 के डॉक्टरों को मिलेगी पदोन्नति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे ग्रेड चार के डॉक्टरों का इंतजार खत्म होगा। मंगलवार को शासन में विभागीय पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक में कई घंटे की मशक्कत के बाद पदोन्नति पाने वाले नाम चयनित किये जा चुके हैं। मगर अंतिम मुहर नहीं लगी है, जिसकी वजह से कितने और किन डॉक्टरों को पदोन्नति मिली है, गोपनीयता बनी हुई है।

19 हजार से ज्यादा डॉक्टरों के कैडर में ग्रेड पांच में 105 पद हैं, जिनमें करीब 83 पद रिक्त हैं। इन पदों पर पदोन्नति के लिए डॉक्टर्स लंबे समय से बाट जोह रहे हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय द्वारा ग्रेड पांच में पदोन्नति के लिए ग्रेड चार के लगभग 250 डॉक्टरों की सूची भेजी गई है। हर डॉक्टर की सेवाएं और उनके सीआर का निरीक्षण किया गया है। मालूम हो कि स्वास्थ्य विभाग में ग्रेड तीन से चार में प्रोन्नति का इंतजार करने वाले डॉक्टरों की भी बड़ी संख्या है, क्योंकि ग्रेड चार में करीब एक हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं, इसी प्रकार ग्रेड तीन में करीब तीन हजार पद रिक्त हैं। रिक्तियों की संख्या बढ़ने की वजह, विभाग में नई सेवा नियमावली है, क्योंकि नई सेवा नियमावली की वजह से ग्रेड एक व ग्रेड दो में डॉक्टरों को वरिष्ठता सूची नहीं जारी हुई थी।

> लाभार्थियों की सूची अभी शासन द्वारा जारी नहीं हुई है। प्रयास है कि 15 फरवरी 2024 तक सभी ग्रेड के डॉक्टर्स की डीपीसी संपन्न हो जाये।
>
> -डॉ.राजा गणपति, निदेशक प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग

# तीन बिजली कंपनियों ने हासिल की बी श्रेणी

## उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल वितरण निगम ने किया बेहतर प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कानपुर को बिजली देने वाली केस्को कंपनी का स्तर घटा, ए से नीचे गिरकर बी प्लस श्रेणी में
- रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन ने की उपभोक्ता सेवा की रेटिंग की घोषणा

**अमृत विचार :** उपभोक्ता सेवा की रेटिंग में प्रदेश की तीन बिजली कंपनियों ने उच्च श्रेणी हासिल की है। मध्यांचल, पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने 'सी प्लस' श्रेणी से उच्चीकृत होकर 'बी' श्रेणी में पहुंच गये हैं, जबकि कानपुर को बिजली आपूर्ति करने वाली केस्को कंपनी घटकर 'बी प्लस' श्रेणी में पहुंच गई है। केंद्र सरकार की कंपनी रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉरपोरेशन आरईसी की ओर से हाल ही में वर्ष 2022-23 की उपभोक्ता सेवा की रेटिंग की घोषणा में कंपनियों की स्थितियों का खुलासा हुआ है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से 62 वितरण बिजली कंपनियों के 32 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं की उपभोक्ता सेवा रेटिंग को लेकर अध्ययन किया गया। जारी रिपोर्ट में अनुसार, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम 'सी' प्लस पर ही बनी हुई है। पूरे देश में दिल्ली के बाद उत्तर प्रदेश की निजी क्षेत्र की कंपनी नोयडा पावर कंपनी को 'ए प्लस' ग्रेड दिया गया है। रेटिंग में प्रमुख रूप से पूरे देश के सभी राज्यों में उपभोक्ताओं को मिलने वाली सभी सेवाएं बिजली आपूर्ति, बिजली कनेक्शन जारी करने, बिलिंग, मीटर संबंधी मामले, विद्युत व्यथा निवारण फोरम में शिकायतों का निस्तारण आदि का अध्ययन किया गया है। आरईसी की ओर से एक मानक बनाकर उस पर 100 अंक के आधार पर अलग-अलग श्रेणी में ग्रेडिंग किए जाने का प्रावधान किया गया।



### बिजली कंपनियों में और सुधार की जरूरत

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि उपभोक्ता सेवा रेटिंग से एक बात साफ हो गई कि प्रदेश में बिजली कंपनियों में उपभोक्ता सेवा में खास सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार व पावर कॉरपोरेशन को गंभीरता से विचार-विमर्श कर प्रदेश के बिजली उपभोक्ता सेवा में सुधार के लिए अग्रसर होना चाहिए, ताकि प्रदेश की निजी कंपनी की तरह और उच्च श्रेणी मिल सके।

| बिजली कंपनियां | ग्रेड | नंबर |
|---|---|---|
| कानपुर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी | बी प्लस | 0 से 80 |
| दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम | बी | 60 से 70 |
| मध्यांचल विद्युत वितरण निगम | बी | 60 से 70 |
| पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम | बी | 60 से 70 |
| पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम | सी प्लस | 50 से 60 |

### 2025 तक नंबर वन बनाने का लिया संकल्प

राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री व शीर्ष ऊर्जा प्रबंधन के नेतृत्व में उपभोक्ताओं के हित में चलाई जा रही कई महत्वपूर्ण योजनाओं के कारण कंपनियों में सुधार हुआ है। इसका श्रेय जमीनी स्तर पर अभियंताओं समेत सभी कार्मिकों की कड़ी मेहनत को भी जाता है। उन्होंने कहा कि अभियंता व कार्मिक 2025 तक प्रदेश को उपभोक्ता सेवा में नंबर वन बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

# यूपी की झांकी में होंगे राम मंदिर के दर्शन


गणतंत्र दिवस के अवसर पर सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शित की जाने वाली झांकी को तैयार करते कारीगर। अमृत विचार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र सूचना विभाग ने विकसित भारत और समृद्ध विरासत की थीम पर 26 जनवरी की परेड के लिए उप्र की भव्य झांकी तैयार की है।

झांकी में पौराणिक स्थलों के साथ अयोध्या का दीपोत्सव और दिव्य राम मंदिर के भी दर्शन होंगे। इसमें उप्र की रैपिड रेल और निवेश को भी दर्शाया गया। उप्र में बनने वाली ब्रह्मोस मिसाइल झांकी को सुंदर बना रही है। प्रयागराज में 2025 में होने वाले महाकुंभ का भी दर्शन होगा। वहीं रैपिड रेल के साथ ही ब्रह्मोस मिसाइल मेक इन इंडिया का लोगो है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट, नोएडा में एशिया की सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री का डिस्प्ले और उप्र के बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर की कहानी बताते एक्सप्रेसवे को भी दिखाया गया। एजुकेशन हब के रूप में भी विकसित हो रहे उप्र को भी झांकी में जगह दी गई है।

# लोगों को पीडीए-इंडिया पर ज्यादा भरोसा

- अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव में जनता की निगाह एनडीए-भाजपा के मुकाबले पीडीए-इंडिया पर ज्यादा है। पीडीए में पीड़ित, दलित, अगड़े, पिछड़े, महिलाएं, अल्पसंख्यक सभी शामिल है। भाजपा कुछ वर्गों में सीमित है।

सपा प्रमुख मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीडीए सामाजिक न्याय और जातीय जनगणना की पक्षधर है। भाजपा ने हमेशा पीडीए की उपेक्षा की है। वह आरक्षण को भी खत्म करने की साजिशें कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार राजधानी लोकतंत्र का नया इतिहास रचेगी, क्योंकि यहां जो भी विकास हुआ है, सपा सरकार में ही हुआ है। भाजपा राज में तो लूट जारी है और भ्रष्टाचार हर ओर पनप रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि जिन लोगों ने भाजपा को वोट दिया था, वे भी अब भाजपा से क्षुब्ध है। भाजपा नेतृत्व ने जितने वादे किए थे एक भी पूरा नहीं किया। किसान, नौजवान, शिक्षक, व्यापारी, अधिवक्ता सभी तो दुखी हैं। देश-प्रदेश में नफरत और समाज को बांटने वाली गतिविधियां चल रही हैं।


पुस्तक 'सब्र' का विमोचन करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव, साथ में अन्य। अमृत विचार

### पुस्तक 'सब्र' का किया विमोचन

अखिलेश यादव ने पासी जयवीर सिंह की थीसिस 'स्टडी ऑफ डिजिटल डिवाइड ऐंड प्रिपेयरनेस फॉर ऑनलाइन टीचिंग ऐट सेकेंडरी टीचर एजूकेशन इंस्टीट्यूशंस' और वरूण शुक्ला की कविता पुस्तक 'सब्र' का विमोचन किया। राष्ट्रीय जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में चयनित और मंडलीय प्रतियोगिता में पुरस्कृत कु. कृतिका राजभर (13) को भी सपा प्रमुख ने सम्मानित किया।

# अयोध्या में पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को रिमांड पर लेगी एटीएस

## गैंगस्टर की खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की होगी जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने का कर रहे प्रयास
- अयोध्या को लेकर खतरनाक साजिशों का पता लगाएगी एटीएस

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के एक सप्ताह पहले पकड़े गए खालिस्तानी समर्थकों को एटीएस रिमांड पर लेगी। इसकी लिए कागजी तैयारी शुरू कर दी हैं। एटीएस गैंगेस्टर शंकर लाल दुसाद और उसके दो साथियों से पूछताछ कर खालिस्तानी आतंकी पन्नू से रिश्ते की जांच करेगी। साथ ही उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की जड़ों तक पहुंचने की कोशिश करेगी। फिलहाल तीनों खालिस्तानी समर्थक तीन फरवरी तक न्यायिक हिरासत के तहत जेल में हैं।

दरअसल, एटीएस खालिस्तानी समर्थकों से पूछताछ में यह जानने का प्रयास करेगी कि आतंकी पन्नू ने अयोध्या में गड़बड़ी को लेकर अपने खतरनाक इरादे के साथ किस तरह की तैयारी कर रखी है। इन समर्थकों के पन्नू से किस हद तक रिश्ते हैं। बीते गुरुवार को एटीएस की शुरुआती पूछताछ में गैंगस्टर शंकर लाल दुसाद उर्फ शंकर जाजोद ने बताया था कि विदेश में रह रहे हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा, जो खालिस्तान समर्थक है, उसके द्वारा मुझे निर्देश दिया गया था कि प्रतिबंधित आतंकी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के मुखिया गुरपतवन्त सिंह पन्नू ने कहा है कि अयोध्या जाकर वहां रेकी कर नक्शा भेजें तथा उसके निर्देश का इंतजार करें। उसी अनुसार घटना का अंजाम दिया जाएगा एवं सामग्री आदि उपलब्ध करा दी जाएगी।

एटीएस के मुताबिक, फिलहाल हरमिन्दर सिंह उर्फ लांडा नाम के शख्स की अभी कहीं से शिनाख्त नहीं हो पा रही है। लिहाजा रिमांड पर लेकर नए सिरे से यह पता लगाया जाएगा कि वाकई हरमिन्दर ने ही दुसाद को पन्नू का संदेश दिया था या दुसाद सीधे तौर पर पन्नू से जुड़ा हुआ है। एटीएस का मानना है कि अगर दुसाद, खालिस्तानी आतंकवादी पन्नू से सीधे जुड़ा हुआ है तो उसे पन्नू के आगे की खतरनाक गतिविधियों की पूरी जानकारी होगी। ऐसे में उससे पूछताछ कर महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की जा सकती है। इसके अलावा उप्र में खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों और उनकी जड़ों तक पहुंचने में भी कामयाबी मिल सकती है। वहीं दूसरी ओर एटीएस की एक टीम पकड़े गए तीनों समर्थकों की कुंडली खंगालने में जुटी हुई है।


हजरतगंज की ओर जाते प्रदर्शनकारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

# राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोकने के विरोध में प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ समेत प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश

**अमृत विचार :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के असम पहुंचने पर राहुल गांधी को मंदिर में दर्शन करने से रोकने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मंगलवार को लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में धरना-प्रदर्शन के माध्यम से आक्रोश व्यक्त किया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में परिवर्तन चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर 'राहुल संघर्ष करो हम आपके साथ हैं' के नारों की गूंज के साथ विधानसभा की ओर प्रतिरोध मार्च करते हुए कूच किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं व नेताओं को पुलिस द्वारा रास्ते में केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर बैरिकेड लगाकर बलपूर्वक रोक दिया गया। इस दौरान पुलिस एवं कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। सरकारी वाहनों में जबरन बैठाकर कार्यकर्ताओं को ईको गार्डेन ले जाया गया। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री डॉ. मसूद अहमद, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, प्रदेश सचिव सच्चिदानंद पाण्डेय, मेजर राणा शिवम सिंह, नरेंद्र गौतम, अमित त्यागी, बृजेन्द्र कुमार सिंह, कैप्टन वंशीधर मिश्रा, सचिन रावत, रामबाबू बाजपेई सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पीएम विश्वकर्मा योजना की होगी समीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीएम विश्वकर्मा योजना के निरस्त आवेदन या फिर खामियां जिलों में सुधारी जाएंगी। इसकी समीक्षा भी की जाएगी। इसके लिए सीडीओ को यूजर आईडी व पासवर्ड दिए गए हैं। इनमें खामियां दुरुस्त कर नियमित समीक्षा होगी। जो न होने के कारण प्रगति का पता नहीं चल रहा है। इस पर पंचायती राज विभाग ने जोर दिया है, क्योंकि 26 जनवरी को योजना प्रधानमंत्री द्वारा लागू की जाएगी। गांवों में मिसमैच नामों में भी सुधार कर पोर्टल पर भरे जाएंगे।

### कम समय में दो करोड़ नल कनेक्शन का लक्ष्य पूरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** हर घर नल योजना के तहत कम समय में प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ कनेक्शन किए गए। तमिलनाडु के महाबलीपुरम में मंगलवार से शुरू हुई ऑल इंडिया सेक्रेटरीज कांफ्रेंस के पहले सत्र में उत्तर प्रदेश नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बड़ा प्रदेश होने के नाते पहले बुदेलखंड और विंध्य क्षेत्र में परियोजना को शुरू किया गया। इन दोनों क्षेत्रों में पहले पानी की समस्या बहुत अधिक थी। आज बुंदेलखंड और विंध्य क्षेत्र के 90 प्रतिशत से अधिक घरों में नल से पानी की आपूर्ति हो रही है। योजना के तहत भूगर्भ स्तर बढ़ाने व नदियों को साफ करने का काम किया जा रहा है।

### एसटीएफ के हत्थे चढ़ा 50 हजार का इनामी

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने मंगलवार को पचास हजार के इनामी बदमाश अशोक को गिरफ्तार किया है। हापुड़ जिले का हिस्ट्रीशीटर अशोक अमरोहा में हत्या के एक सनसनीखेज मामले में वांछित था। उसके खिलाफ हरियाणा, देहरादून, हापुड़, अमरोहा, बुलंदशहर, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर जिले में हत्या, हत्या की कोशिश और लूट जैसे 25 संगीन जुर्म दर्ज हैं। एसटीएफ के मुताबिक, एसटीएफ टीम को अशोक के अमरोहा क्षेत्र में होने की सूचना मिली थी। सीओ एसटीएफ विमल कुमार सिंह और इंस्पेक्टर दीपक सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि 2008 में हापुड़ के गैंगस्टर ओमपाल के सम्पर्क में आने के बाद उसने जरायम की दुनिया में कदम रखा था।


सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते मुख्यमंत्री योगी।

### देश के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं नेताजी सुभाष : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस देश के शौर्य व पराक्रम के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के आंदोलन के दौरान उन्होंने युवाओं को एकजुट करके लड़ने की नई प्रेरणा दी थी। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, मोहसिन रजा, एमएलसी इंजीनियर अवनीश सिंह, बुक्कल नवाब, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम आदि मौजूद रहे।

### रालोद ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया याद

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयन्ती मनाई गई। माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटेल, महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, अम्बुज पटेल, महेश पाल धनगर, सुमित सिंह, रमेश कश्यप, शहजाद, रवीन्द्र मिश्र, जगजीवन राम पाल, वीरेंद्र तोमर आदि लोगों ने नेताजी को याद किया।

# 15 करोड़ मतदाता तय करेंगे लोकसभा प्रत्याशियों का भाग्य

## लोकसभा चुनाव के लिए प्रकाशित हुई अंतिम मतदाता सूची, पुनरीक्षण के दौरान बढ़ गए करीब 26 लाख मतदाता

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 8 करोड़ 14 लाख 33 हजार 752 पुरुष, 7 करोड़ 14 लाख 82 हजार 605 महिला, 7705 थर्ड जेंडर व 1153 विदेशों में रहने वाले ओवरसीज मतदाता शामिल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव 2024 में प्रदेश के 15 करोड़ 29 लाख 24 हजार 62 मतदाता प्रदेश की 80 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों का भाग्य तय करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मंगलवार को प्रदेश के सभी जिला निर्वाचन कार्यालयों पर प्रदेश की अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी गई। नई सूची के तहत अब प्रदेश के कुल मतदाताओं में 8 करोड़ 14 लाख 33 हजार 752 पुरुष, सात करोड़ 14 लाख 82 हजार 605 महिला, 7705 थर्ड जेंडर व 1153 विदेशों में रहने वाले ओवरसीज मतदाता शामिल हैं। संक्षिप्त विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान करीब 26 लाख मतदाता बढ़ गये हैं।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पूर्व में प्रदेश में मतदाताओं की कुल संख्या 15 करोड़ 3 लाख 39 हजार 879 थी। वर्तमान में प्रदेश की सबसे बड़े विधानसभा क्षेत्र साहिबाबाद (गाजियाबाद) में कुल मतदाता 10 लाख 33 हजार 312 हैं। सबसे छोटी सीसामऊ (कानपुर नगर) जिसमें कुल मतदाता दो लाख 69 हजार 873 हैं। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के कुल 403 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से दावे और आपत्तियां प्राप्त की गईं, जिनका निस्तारण किया गया। वर्तमान समय में प्रदेश मे कुल 1,62,012 मतदेय स्थल हैं।

### 57 लाख तीन हजार 304 नए मतदाता जुड़े

पुनरीक्षण में कुल 57 लाख तीन हजार 304 मतदाता शामिल हुए और कुल 31 लाख 19 हजार 121 मतदाता विलोपित हुए। इस प्रकार मतदाता सूची में शुद्ध रूप से कुल वृद्धि 25 लाख 84 हजार 183 की बढ़ोतरी हुई। पुनरीक्षण के दौरान कुल 57 लाख तीन हजार 304 नये मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं, जिसमें 25 लाख 77 हजार 967 पुरुष, 31 लाख 24 हजार 901 महिला व 436 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। पूर्व में मतदाता सूची में जेंडर अनुपात 867 था, जो अंतिम प्रकाशित नामावली में 878 हो गया है। जेंडर अनुपात 11 अंकों की वृद्धि हुई है। इसमें अभी और वृद्धि की संभावना है।

### 18-19 आयु वर्ग में 15.57 लाख नाम जोड़े गए

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं के कुल 15.57 लाख नाम जोड़े गए, जो कुल जोड़े गए नामों का 27.29 प्रतिशत है। वर्तमान में 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 20.41 लाख है। मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित करने के संदर्भ में इस पुनरीक्षण अवधि में कुल 31.19 लाख मतदाताओं के नाम विभिन्न श्रेणियों के विलोपित किये गये हैं। इसमें 10.50 लाख मृतक श्रेणी, 14.14 लाख शिफ्टेड श्रेणी व 6.21 लाख रिपीटेड श्रेणी में विलोपित किए गए।

### एक सप्ताह तक दिखाई जाएगी मतदाता सूची

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची सभी मतदेय स्थलों पर एक सप्ताह तक लोगों के लिए प्रदर्शित की जाएगी, ताकि लोग उसमें संशोधन करा सकें। जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी, जिसके माध्यम से मतदाता अपना नाम देख सकते हैं। टोल फ्री नं. 1950 पर फोन कर व वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से भी अपने नाम की जानकारी कर सकते हैं। साथ ही अपने बीएलओ से सम्पर्क करके भी अपना नाम देख सकते हैं।

### 10.5 लाख दिव्यांग मतदाता चिन्हित

मतदाता सूची में विद्यमान विभिन्न श्रेणी की त्रुटियों में 7.19 लाख संशोधन संबंधी कार्रवाई की गई, जिसमें से 62,285 मतदाताओं ने स्थान परिवर्तन किया। कुल 10.50 लाख दिव्यांग मतदाता चिन्हित किये गये हैं।

### ईवीएम से परिचित कराने के लिए चलेंगी 246 वैन

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के दिन 25 जनवरी से मतदाताओं को ईवीएम और वीवीपैट की प्रक्रिया से परिचित कराने व उन्हें जागरूक करने के लिए प्रदेशभर में 246 मोबाइल प्रदर्शनी वैन चलायी जायेंगी।

## एक नजर

### जमा योजना के नोडल अधिकारी नियुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : आरमर्ड केबिल के भंडारण के लिए जमा योजना के तहत इंदिरानगर और पुरनिया उपकेंद्र के अवर अभियंता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मूलकार्य के साथ ही मेंटीनेंस कार्य और भूमिगत केबिल के भंडारण को देखने के लिए इन्हें मनोनीत किया गया है। जरूरत के अनुसार केबिल की मांग होने पर ट्रांसगोमती के सभी क्षेत्रों के जेई को यहां से ही आरमर्ड केबिल को लेना होगा। यह जानकारी मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने दी।

### ट्रांसगोमती के कई इलाकों में रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

अमृत विचार, लखनऊ : मेंटीनेंस कार्य के चलते मंगलवार को ट्रांसगोमती के कई इलाकों मे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सर्वोदय नगर, रहीमनगर, शक्ति नगर सहित भरतनगर, केशवनगर, दुर्गा मंदिर के आस पास के इलाकों मे सुबह 9 बजे से 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# इको जांच के इंतजार में बढ़ रहा दिल का दर्द

## सिविल और बलरामपुर अस्पताल में एक साल से इको की जांच ठप, जांच मशीनें हैं खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ये दो उदाहरण महज बानगी भर हैं। जबकि ऐसे कई मरीजों को रोजाना इको जांच के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। दिलचस्प यह है कि सालभर से कागज दौड़ रहे हैं। शहर के इन दोनों बड़े अस्पतालों में शुमार बलरामपुर और सिविल अस्पताल में इको जांच ठप है।

इसकी वजह जांच की मशीन का खराब होना है। जांच के लिए मरीजों को केजीएमयू और लोहिया संस्थान भेजा जा रहा है। जहां मरीजों का पहले से ही अधिक लोड होने के कारण जांच के लिए एक से डेढ़ महीने का समय दिया जा रहा है। मजबूर होकर मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। या फिर निजी लैब से जांच करवाकर सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों को दिखा रहे हैं। निजी लैब में इको जांच तीन से चार हजार रुपये में हो रही है। हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल की हृदय रोग ओपीडी में रोजाना 200-250 मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। जिसमें से करीब 10-15 मरीजों को इको की जांच लिखी जाती है। अस्पताल में एक वर्ष पहले तक इको जांच होती थी। लेकिन मशीन के खराब होने के बाद जांच बंद हो गई। कई बार ऑपरेशन के लिए मरीजों को इको न होने के चलते लंबा इंतजार करना पड़ता है। वहीं, बलरामपुर अस्पताल में हृदय रोग विभाग की ओपीडी में रोजाना 200 के करीब मरीज पहुंचते हैं। जिसमें से करीब 8-10 मरीजों को इको की जांच लिखी जाती है। अस्पताल से जुड़े कर्मचारियों के मुताबिक कोविड के पहले तक बलरामपुर अस्पताल में इको की जांच होती थी। लेकिन कोविड के बाद से मशीन खराब होने पर जांच बंद हो गई। जिसके बाद शासन को पत्र लिख कर नई मशीन की मांग की गई।



▸▸ निजी लैब में तीन से चार हजार में हो रहीं इको जांच

> अस्पताल प्रशासन की ओर से शासन को पत्र लिखा गया था। जिसका बजट भी पास हो चुका है। जल्दी ही मशीन कार्पोरेशन से खरीद कर इंस्टॉल करा दी जाएगी।
>
> -डॉ. राजेश श्रीवास्तव, सीएमएस, सिविल अस्पताल

> इको की जांच पहले होती थी लेकिन मशीन खराब होने के बाद से बंद हो गई, दोबारा मशीन के लिए पत्र लिखा जा चुका है। जल्द ही फिर से जांचें शुरू हो जाएंगी।
>
> -डॉ. अतुल मेहरोत्रा, सीएमएस बलरामपुर अस्पताल

**केस 1** आलमबाग निवासी नूपुर बनर्जी की मां को हृदय सम्बंधित दिक्कत थी। बीते सप्ताह उन्होंने सिविल अस्पताल में दिखाया। डॉक्टरों ने इको जांच लिखी। पता करने पर मालूम हुआ कि यह जांच केजीएमयू में होगी। जहां एक महीने से अधिक की वेटिंग रहती है। लिहाजा मरीज का इलाज शुरू नहीं हो सका।

**केस 2** बालागंज के सरफराजगंज निवासी मो.कामरान ने पिता को परेशानी होने पर बलरामपुर अस्पताल में डॉक्टर को दिखाया। जहां डॉक्टर ने इको जांच लिखी। साथ ही यह भी बताया गया कि जांच अस्पताल में न होकर बाहर से करानी होगी। बाहर जांच तीन से चार हजार रुपये की होती है।

# वीआईपी आवागमन के लिए गोल्फ कार्ट की करें व्यवस्था

▸▸ यूपी दिवस को लेकर मंडलायुक्त एवं डीएम ने अवध शिल्पग्राम में किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी दिवस की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब और डीएम सूर्यपाल गंगवार ने निरीक्षण किया। मंडलायुक्त ने वीआईपी आवागमन के लिए गोल्फ कार्ट की व्यवस्था करने को कहा।

अवध शिल्पग्राम में आज होने वाले यूपी दिवस को लेकर मंडलायुक्त ने तैयारियों से संबंधित सभी काम पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही साफ-सफाई, लाइटिंग की संख्या बढ़ाने, पेयजल की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था कराने को कहा।

### रैन बसेरों में ठंड से बचने के लिए रखें पर्याप्त इंतजाम

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने भीषण ठंड व शीतलहर के चलते मंगलवार देर रात शहर में बने विभिन्न रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर सुविधाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर के सभी रैन बसेरों में पर्याप्त मात्रा में कंबल की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही लोगों को पीने के लिए गुनगुना पानी, पर्याप्त मात्रा में बिस्तर व भोजन आदि का इंतजाम रखें। मंडलायुक्त सबसे पहले गोमती नगर के विनीत खंड स्थित रैन बसेरा गईं। रैन बसेरे में रहने वाले लोगों से बातचीत कर जानकारी ली। इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्थायी रैन बसेरा चारबाग और मिठाई वाला चौराहा का भी निरीक्षण कर सुविधाएं देखी।

# 28 अरब से होगा विकास, 8 करोड़ से साफ होंगे नाले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम शहर का 28 अरब रुपये से विकास कराएगा। इसमें 8 करोड़ रुपये से नालों की साफ-सफाई साल में दोबारा कराई जाएगी। इससे बारिश में जलभराव जैसी समस्या लोगों को नहीं झेलनी पड़ेगी। मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय स्थित बाबू राज कुमार श्रीवास्तव कक्ष में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई कार्यकारिणी की विशेष बैठक में मूल बजट वर्ष 2024-25 में बजट पास किया गया।

नालों की सफाई के लिए इस वर्ष 3 करोड़ रुपये बढ़ाए गए हैं। इससे मई और नवंबर में सफाई कराई जाएगी। वहीं, ऊबड़-खाबड़ सड़कों की मरम्मत के लिए 15वें वित्त से 13 करोड़ का बजट पास किया है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार व सदस्यों के बीच संशोधित बजट पर विचार-विमर्श कर स्वीकार किया गया। पिछले वर्ष की अपेक्षा कई मदों में बजट बढ़ाया गया तो कई का घटाया गया। वहीं, गृहकर वसूली पार्षदों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक वार्ड में कैम्प लगाकर की जाएगी। इसके अलावा नगर निगम अपने पार्कों एवं पार्किंग स्थलों की दीवारों पर विज्ञापन के लिए शुल्क निर्धारित करेगा। अब एक फरवरी को सदन की बैठक होगी।

**डंपिंग ग्राउंड में बनेगा नगर निगम का हाईटेक मुख्यालय :** बैठक में यह भी प्रस्ताव पास हुआ कि गोमती नगर के फन मॉल स्थित आरआर कार्यशाला के सामने डंपिंग ग्राउंड पर नगर निगम का नया हाईटेक मुख्यालय बनाया जाएगा। पांच मंजिला भवन में आफिस के साथ भूमिगत पार्किंग बनेगी। हाईटेक सुविधाओं से लैस होगा। वहीं, नगर निगम सलेमपुर पतौरा में 14 बीघा में इंटरनेशनल स्टेडियम बनाएगा। साथ ही नगर निगम की मेयर, नगर आयुक्त और अपर नगर आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के लिए अर्जुनगंज में आवास बनाने का प्रस्ताव पास किया गया है। अब स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव जाएगा।



नगर निगम मुख्यालय पर मूल बजट वर्ष 2024-25 कार्यकारिणी की विशेष बैठक करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, साथ में अन्य।

▸▸ कार्यकारिणी की विशेष बैठक में 2024-25 का बजट पास

▸▸ पिछले वर्ष की अपेक्षा नालों की सफाई में 3 करोड़ रुपये बढ़ाए

### क्रेन होंगी वापस, शौचालय के ठेकों की होगी जांच

शहर में बेतरतीब खड़े हो रहे वाहनों के विरुद्ध टोचन व जुर्माना वसूलने का कार्य यातायात पुलिस से वापस लेने का फैसला लिया गया है। इसके लिए यातायात पुलिस से क्रेन वापस ली जाएंगी। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को यह जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही सुलभ संस्था को शौचालय निर्माण के दिए गए ठेके की जांच कराई जाएगी। निर्माण में पीली ईंटों के इस्तेमाल की शिकायत है। अधिशासी अभियंता से रिपोर्ट मांगी है। कल्याण मंडप मीटिंग, कान्फ्रेन्स, पार्टी आदि कार्यक्रम के लिए दिए जाएंगे। इसका शुल्क जल्द निर्धारित किया जाएगा। वहीं, सभी जोनल अधिकारी अपने जोन में 100-100 वेंडर बसाएंगे। इसके लिए मॉडल वेंडिंग जोन का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रेषित किया गया। साथ ही बिना स्वीकृति रोड काटने या खुदाई करने पर संस्थाओं को नोटिस जारी कर जुर्माना वसूला जाएगा।

### बजट में ये भी कार्य

शौचालयों की मरम्मत के लिए 50 लाख, पार्कों के लिए 5 करोड़ 50 लाख, वेंडिंग जोन 50 लाख, लावारिस शवों के अंतिम संस्कार के लिए 10 लाख, श्मशान घाट व कब्रिस्तान की मरम्मत के लिए 10 लाख और नगर निगम की इमारतों की मरम्मत के लिए 20 लाख रुपये पास हुए हैं। इसी तरह कूड़ाघर बनाने के लिए 50 लाख, पुराने कूड़ाघर की मरम्मत के लिए 50 लाख स्वीकृत हुए हैं। वहीं, वेंडिंग जोन 50 लाख से बढ़ाकर 2 करोड़, पार्कों की मरम्मत के लिए 5 करोड़ 50 लाख से बढ़ाकर 6 करोड़ तो श्मशान घाट की मरम्मत के लिए 10 लाख से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये का बजट दिया गया है। वित्तीय वर्ष में 621 करोड़ रुपये गृहकर वसूला जाएगा।

### लखनऊ आपका स्वागत करता के लगेंगे बोर्ड और बनेगी ओपन जिम

नगर निगम की चारों सीमाओं पर लखनऊ आपका स्वागत करता लिखे बोर्ड लगेंगे। इसके लिए सम्बन्धित विभाग से एनओसी ली जाएगी। वहीं, जल संस्थान में अवर अभियंता तो अधिशासी अभियन्ता की तैनात की जाएगी। प्रत्येक जोन में अधिक से अधिक पार्कों में नर्सरी भी लगाई जाएगी। मेयर ने कहा कि पार्कों की देखरेख के लिए उसे कोई भी गोद ले सकता है। स्ट्रीट लाइट, खम्भों पर टेलीफोन, इंटरनेट कम्पनियों द्वारा तार लगाने से पहले नगर निगम से संबंधित विभाग व कंपनियों को एनओसी लेनी पड़ेगी। ऐसा न करने पर नोटिस जारी कर जुर्माना लगाया जाएगा। वहीं, सीएसआर फंड से 100 पार्कों में 20 करोड़ रुपये से ओपन जिम बनेंगे।

### ये प्रस्ताव पास

- नगर निगम अपने विद्यालय का छह करोड़ से जीर्णोद्धार करेगा
- नगर निगम परिसर 6 करोड़ में होगा कम्प्यूटराज्ड
- गृहकर के दायरे में इंडस्ट्रियल एरिया शामिल
- नगर निगम ईईएसएल कर्मियों का ब्योरा जुटाएगा
- आलमबाग में अप्रैल तक पेयजल की होगी सुविधा

# दो घंटे बंद रहा रोडवेज बसों का संचालन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अयोध्या से यात्रियों को लाने को भेजी गईं 100 खाली बसें

▸▸ लखनऊ से भेजी गईं 20 बसें

**अमृत विचार:** प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद बार अयोध्या धाम में इतनी भीड़ हो गई है कि मंगलवार को वहां के लिए आज दोपहर दो घंटे संचालन बंद करना पड़ा। प्रशासन से आदेश मिलने के बाद राजधानी के चारों बस अड्डों से रोडवेज बसों का संचालन बंद करना पड़ा। इतना ही नहीं अयोध्या जिला प्रशासन के आदेश पर परिवहन निगम ने वहां से यात्रियों को लाने के लिए सौ बसें भेजी। लखनऊ से 20 खाली बसें वहां के लिए रवाना की गई।

परिवहन निगम के अधिकारियों के अनुसार अयोध्या के लिए आज से राम रथों का संचालन किया जाना था। समय से बसें भी बस अड्डे पहुंच गई। इनके साथ ही अन्य सामान्य बसें भी अयोध्या धाम जाने को तैयार थी। तकरीबन दो बजे राजधानी के आलमबाग, चारबाग, कैसरबाग और अवध बस अड्डे पर अयोध्या में अत्यधिक भीड़ होने की सूचना मिली। साथ ही अयोध्या धाम के लिए जाने वाली बसों का संचालन दो घंटे रोकने के लिए कहा गया। भीड़ होने के कारण बसें अयोध्या में नहीं पहुंच पा रही थी। इसके चलते चारों ही बस अड्डे से अयोध्या धाम का संचालन रोकना पड़ा। बसों में अयोध्या धाम जाने को बैठे श्रद्धालुओं को बस अड्डे पर ही रोका गया। यहां उनके रुकने पर तुरंत ही उनके खाने-पीने की व्यवस्था की गई।

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के प्रधान प्रबंधक व प्रवक्ता अजीत सिंह के अनुसार अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट गई। इससे वहां पर आवागमन प्रभावित गया। अयोध्या के जिलाधिकारी ने अयोध्या को आने वाली बसों का संचालन रोकने को कहा। साथ ही वहां से यात्रियों को रवाना करने को 100 बसों की मांग जिसे तुरंत वहां भेजा गया। रोडवेज कर्मचारियों के अनुसार अयोध्या धाम के लिए तकरीबन तीन से चार घंटे तक बसों का संचालन बंद रहा। बीच-बीच में एक-दो बसें भेजी जाती रही। लेकिन शाम सात बजे जाकर बसों का संचालन सामान्य हो सका। अवध बस अड्डे पर तैनात एआरएम मनोज शर्मा ने बताया कि शाम के बाद बसों में यात्रियों की भीड़ कम हो गई। दोपहर में यात्रियों को बस अड्डों पर ही रोका गया। श्रद्धालुओं ने भी रोडवेज का सहयोग किया। अयोध्या से सूचना मिलने के बाद अयोध्या की तरफ जा रही बसों को अन्य रास्तों से चलाया गया।

### कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के निर्णय का स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ : कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के निर्णय का मंगलवार को आंबेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक न्याय और सामाजिक समरसता के पक्ष में यह बड़ा निर्णय लिया है। जो राम राज्य स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# सीएमएस संस्थापक का आज होगा अंतिम संस्कार

▸▸ अंतिम दर्शन के लिए गोमती नगर स्थित सीएमएस ऑडिटोरियम में रखा गया पार्थिव शरीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. जगदीश गांधी का शव मंगलवार को गोमतीनगर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के द्वितीय कैम्पस के ऑडिटोरियम में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। सीएमएस संस्थापक डॉ. गांधी ने बहाई धर्म को अपना लिया था। इसलिए बुधवार को बहाई धर्म के अनुसार ही उनका शव दफनाया जाएगा। बता दें कि उनका निधन सोमवार को हो गया था।

मंगलवार को अंतिम दर्शन के लिए सीएमएस गोमती नगर में हजारों की संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शहर की तमाम मूर्धन्य हस्तियों के साथ ही छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों ने उनकी यादों को संजोया और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

डॉ. जगदीश गांधी की पत्नी डॉ. भारती गांधी, पुत्र विनय गांधी, पुत्री सुनीता गांधी, प्रो. गीता गांधी किंगडन, प्रो.नीता गांधी फारूही व प्रधानाचार्य, कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में आए हुए लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान लोगों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एक युग का अंत हो गया।



डॉ. जगदीश गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को गोमतीनगर स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल के द्वितीय कैम्पस में पहुंचकर सीएमएस संस्थापक डॉ. जगदीश गांधी के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. जगदीश गांधी का लम्बी बीमारी के बाद बीते सोमवार को निधन हो गया था।

**सक्रियता** नव मतदाता सम्मेलन के लिए छात्रों से किया जा रहा है संपर्क

# चुनाव में नव मतदाताओं की भूमिका अहम : द्विवेदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चुनाव में नव मतदाताओं की भूमिका अहम होती है। नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युवा मतदाताओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

मंगलवार को भाजपा महानगर कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि कॉलेजों, शिक्षण संस्थाओं और कोचिंग सेंटरों में नव युवाओं से संपर्क कर 7820078200 नंबर पर मिस्ड कॉल कराई जा रही है। मिस्ड कॉल कराकर प्राप्त लिंक के माध्यम से नव मतदाता सम्मेलन में शामिल होने के लिए पंजीकरण कराया जा रहा है। भाजयुमो की ओर से देश और प्रदेश में विधानसभा स्तर पर नवमतदाता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। लखनऊ महानगर में नवमतदाता सम्मेलन प्रत्येक विधानसभा में दो स्थानों पर होगा। प्रत्येक विधानसभा में दो कार्यक्रम न्यूनतम एक हजार नव मतदाताओं की सहभागिता के साथ होंगे।

भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि 25 जनवरी को लखनऊ महानगर की ओर से प्रत्येक विधानसभा में दो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर बड़ी एलईडी लगाकर युवा नव मतदाता प्रधानमंत्री का सुबह 11 बजे वर्चुअल रूप से संबोधन सुनेंगे। सुभाष गर्ल्स कॉलेज, खुन खुन जी गर्ल्स कॉलेज, केकेसी कॉलेज, डीएवी कॉलेज, क्राइस्ट चर्च कॉलेज, जुबली डिग्री कॉलेज, सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज, सिटी कान्वेंट में सम्मेलनों का आयोजन होगा। अभियानों को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए संयोजक नियुक्त किए गए हैं।



पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी व अन्य।

▸▸ राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाताओं को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री

### महानगर अध्यक्ष ने दी नमो एप की जानकारी

अमृत विचार, लखनऊ : भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि नमो एप अभियान में सभी वार्डों, बाजारों, विद्यालय में शिविर लगाकर जानकारी दी जा रही है। साथ ही नमो एप डाउनलोड कराया जा रहा है। द्विवेदी की अध्यक्षता में पूर्वी विधानसभा मंडल चार के इंदिरानगर में सक्सेना इंटर कॉलेज और इंदिरा प्रदर्शनी वार्ड में पार्षद कार्यालय में शिविर लगाकर सभी छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को नमो एप डाउनलोड कराकर विकसित भारत एंबेसेडर बनाया गया। इस दौरान नमो अभियान महानगर संयोजक गौरव भाटिया, कॉलेज प्रबंधक पंकज सक्सेना, पार्षद भृगुनाथ शुक्ला, पार्षद कल्पना वर्मा, राम कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष योगेश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### एसकेडी में मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती

**लखनऊ :** एसकेडी अकादमी की सभी शाखाओं में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के निदेशक मनीष सिंह ने सुभाष चन्द्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि नेता जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। इस दौरान अकादमी की सभी शाखाओं में नव भारत के निर्माण में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के विचारों की प्रासंगिकता विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान की डिप्टी डायरेक्टर निशा सिंह, असिस्टेंट डायरेक्टर कुसुम बत्रा और असिस्टेंट डायरेक्टर डी के सिंह उपस्थित थे।

# अलीगंज हनुमान मंदिर में लगेंगे अयोध्या से आए पत्थर

## राम मंदिर निर्माण के लिए आए पत्थरों से होगा 80 फीट चौड़े और 20 फीट ऊंचे द्वार का भी निर्माण

नीरज अभिषेक, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए लाए गए पत्थरों से ही अलीगंज स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। 80 फीट चौड़े और 20 फीट ऊंचे मुख्य द्वार का निर्माण भी इन्हीं पत्थरों से किया जाएगा। मंदिर प्रांगण में इन पत्थरों को लगाकर इन्हें आकर्षक बनाया जा रहा है।

मंदिर प्रबंधन के अनुसार, इसे भव्य रूप दिए जाने की तैयारी है। इसके लिए प्रबंधन ने बजट भी जारी कर दिया है। अयोध्या में विभिन्न जगहों से पवित्र पत्थरों को लाकर निर्माण कार्य किया जा रहा है। अयोध्या जैसी पवित्र नगरी श्रद्धालुओं के मन में बसी हुई है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद वहां से कुछ पत्थरों को यहां लाने की तैयारी है। अलीगंज के हनुमान मंदिर के कायाकल्प को लेकर यहां पर निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है।


अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर का प्रवेश द्वार। अमृत विचार

**▸▸ पत्थरों से रखी जाएगी प्राचीन अलीगंज हनुमान मंदिर की आधारशिला**

### मुख्य द्वार और परिसर में बनीं दुकानों को हटाया गया

मंदिर के निर्माण के लिए यहां के मुख्य द्वार से लेकर मंदिर परिसर के अंदर बनीं दुकानों को हटा दिया गया है। मंदिर को भव्य बनाने के लिए उसके मुख्य द्वार को खास चौड़ा किया गया है। इसके साथ ही अगल-बगल बने शनिदेव, महादेव के मंदिर को भी भव्यता प्रदान की जाएगी। इसके लिए अयोध्या में बने मंदिर में प्रयोग हुए पत्थर को यहां लगाने का फैसला किया गया है। मंदिर प्रबंधन के सदस्य राकेश दीक्षित ने बताया कि इस मंदिर का खास महत्व है। राष्ट्रपति से लेकर कई बॉलीवुड अभिनेता तक यहां माथा टेकने आ चुके हैं। इसी मंदिर के नाम से बडे.मंगल के मेले का आयोजन आज भी होता है।

### अयोध्या के कारीगर इसे और बेहतर बनाएंगे

मंदिर ट्रस्ट के सचिव एवं सेवानिवृत्त पूर्व आईपीएस राजेश कुमार पांडेय ने बताया कि अयोध्या के पवित्र पत्थर जल्द पहुंचने वाले हैं। और तो और कुशल कारीगर भी अयोध्या से लाए जा रहे हैं। अब मंदिर का निर्माण कार्य तेजी से शुरू हो चुका है। इसके लिए अयोध्या से पत्थर भी मंगवाये गये हैं। पत्थर खरीदे जाने का आर्डर भी दिया जा चुका है। इसका बजट भी जारी कर दिया गया है। जल्द ही यह मंदिर श्रद्धालुओं को अलग भव्यता के साथ दिखेगा। मंदिर बहुत जल्द ही श्रद्धालुओं को अनोखे रूप और नई सजावट के साथ सभी के सामने होगा।

## आदित्य के खेल से जीता लखनऊ मंडल

**लखनऊ :** खेल निदेशालय की देखरेख में बस्ती में आयोजित की गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट में लखनऊ मंडल टीम विजेता बनी। फाइनल मैच में लखनऊ मंडल ने झांसी मंडल को 2-0 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की।

**सूचना**

सूचित किया जाता हो कि मेरा इण्टरमीडिएट प्रमाण पत्र एवं सह अंकपत्र वर्ष 2016 जिसका अनुक्रमांक न0 1324830 वास्तव में खो गया है। **-शिवा पुत्र श्री धर्मदत्त, निवासी- ग्रा0पो0 बढिन, औरैया, मो0- 9027926479**

**सूचना**

सूचित कि मैने अपना नाम SAEED ALI से बदलकर SAID ALI रख लिया। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। - C/o- MUBARAK ALI 226/258 NEAR- TRANSFARMER-CHAURAHA KAJIPURA DAKSHINI, BAHRAICH (UP)-271801

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उप्र का इण्टरमीडिएट वर्ष 2017 अनुक्रमांक 1580663 तथा प्रमाणपत्र क्रमांक 117824 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है। **- शमा बानो पुत्री आशिक अली, निवसी- ग्राम/ पोस्ट मीरानपुर, जिला सुलतानपुर, उत्तर प्रदेश।**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जमुआ वि.खं.मानधाता, प्रतापगढ़**

पत्रांकः मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक - 23-01-2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्न कार्य हेतु एसओबी ईट, इण्टरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, रेता, सीमेण्ट, सरिया, जी.एस.बी. गिट्टी, मिट्टी, सोक पिट सम्बन्धी व अन्य सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हों तो अपनी दरें सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 24-01-2024 से 28-01-2024 तक सील बन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिन में 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन दिनांक 28-01-2024 को शाम 4 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/ परियोजना का नाम | अनुमानित लागत | कार्य की माप |
|---|---|---|---|
| 1 | विश्वकर्मा मंदिर से पटेल के घर तक इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण | 5,77,913.00/- | 100 × 03 मीटर |

**श्रीमती समा**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा.पं.जमुआ,वि.खं. - मानधाता, जनपद प्रतापगढ़**

**श्रीमती ममता सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं.जमुआ,वि.खं. - मानधाता, जनपद प्रतापगढ़**

## सार-संक्षेप


अन्न रथ को रवाना करते क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा। अमृत विचार

### यूनियन बैंक ने अन्न रथ की शुरुआत की

**अमृत विचार, लखनऊ :** भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। ऐसे में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की है, जिसका वितरण यूनियन बैंक के अन्न रथों से किया जा रहा है। ठंड से रक्षार्थ बैंक जरूरतमंद भक्तों को कंबल वितरित कर रहा है। उक्त रथों को परिचालित करते हुए क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने कहा कि अयोध्या एक धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगर है। जहां के राजा प्रभु राम ने अपने कार्यों से विश्व को त्याग, समर्पण एवं सेवा का आदर्श सिखाया है। बैंक क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना कर 64 शाखाओं के माध्यम से अवध के नागरिकों की सेवा कर रहा है। इस अवसर पर सभी कार्यपालकों एवं स्टाफ की उपस्थिति में क्षेत्र प्रमुख हिमांशु मिश्रा ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, साथ में अन्य। अमृत विचार

### रंगभारती द्वारा उप्र की 73वीं वर्षगांठ सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** रंगभारती एवं उत्तर प्रदेश नागरिक परिषद के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान के प्रेमचंद सभागार में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की पूर्व-संध्या पर प्रदेश की 73वीं वर्षगांठ का आयोजन हुआ। रंगभारती संस्था ने वर्ष 1985 में देश में पहली बार उत्तर प्रदेश की वर्षगांठ मनानी शुरू की थी। 73वीं वर्षगाठ पर मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल हुए। उन्होंने अपने सम्बोधन में उत्तर प्रदेश के विशेष महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रदेश की एकता एवं अखण्डता पर बल दिया। पूर्व-विधानसभाध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में जितनी अधिक संख्या में महान विभूतियों का जन्म हुआ, वैसा उदाहरण विश्व में अन्यत्र मिलना कठिन है। आयोजित समारोह में विभिन्न विधाओं के ख्यातिप्राप्त लोगों को अभिनंदित किया। इस मौके पर वरिश्ठ राजनेता कुंवर रेवतीरमण सिंह को कर्मवीर राजनेता रंगभारती सम्मान मिला। पूर्व पुलिस महानिदेशक प्रकाश सिंह को विश्वनाथ लहरी रंगभारती सम्मान दिया गया। शिक्षाविद सूर्य प्रसाद दीक्षित और रवींद्र प्रताप सिंह को डॉ. संपूर्णानंद रंगभारती सम्मान दिया गया। भातखण्डे संगीत विवि की कुलपति एवं सुविख्यात नृत्यांगना प्रो. मांडवी सिंह को उदयशंकर रंगभारती सम्मान सहित अन्य को विभिन्न क्षेत्रों में सम्मानित किया गया।

# भाषा विवि ने दिया मतदान जागरूकता का संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा वॉकाथान का आयोजन हुआ। जागरूकता रैली रूमी दरवाजे से चौक स्टेडियम तक आयोजित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में सम्मिलित अधिकारियों के साथ 200 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की।

भाषा विवि में वॉकाथान का आयोजन किया गया। मतदान जागरूकता विषय पर कुलपति प्रो. एनबी सिंह के नेतृत्व में परिसर में एक रैली का भी आयोजन किया गया। वॉकाथान में सहभागिता तथा रैली का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. रामदास, डॉ. जफरून नकी तथा डॉ. ममता शुक्ला उपस्थित रहे।


वॉकाथान में सम्मिलित भाषा विवि के प्रवक्ता व अन्य। अमृत विचार

### स्नातक विषयों का परीक्षा परिणाम घोषित

भाषा विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया गया है। सत्र 2023-24 की परीक्षाओं के परिणाम में बीए (एनईपी) प्रथम छमाही, बी कॉम (एनईपी) प्रथम छमाही, बीबीए (एनईपी) प्रथम छमाही, बीसीए (एनईपी) प्रथम छमाही, बीएससी (एनईपी) प्रथम छमाही और बीएड तृतीय छमाही के परीक्षा परिणाम शामिल हैं। भाषा विवि के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह का कहना है कि सभी परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

### भाषा विवि में मिली व्यंजनों की टॉस्क

मिलेट के पोषण तथा महत्व को बढ़ाने के उद्देश्य से भाषा विश्वविद्यालय में मिलेट मेले का आयोजन किया गया। चेतना और आहार में मिलेट की उपयोगिता को लेकर विवि के विभागाध्यक्षों और विशेषज्ञों द्वारा छात्रों को बिन्दुवार जानकारी दी गई। मेले में मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह बने। ऐसे में विवि के शैक्षणिक, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और छात्रों द्वारा विभिन्न नवीन और पारंपरिक व्यंजन तैयार किए गए। इस अवसर पर विवि के वित्त अधिकारी साजिद आजमी, पत्रकारिता और जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ. रुचिता सुजाय चौधरी सहित अन्य ने छात्राओं को मेले से जुड़ी जानकारियां दीं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-रोजा वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी**

पत्रांकः मेमो / एस एल डब्ल्यू एम / 2023-24 दि.- 22.01.2024

**निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रौजा वि0 ख0 गौरीगंज जनपद अमेठी में एस एल डब्ल्यू एम योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदायें दिनांक 29/01 /2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 29/01/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष ... खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्ते लागू -**

**कार्य का नाम**

1- सीएससी सेंटर निर्माण कार्य लागत -4 लाख मजदूरी + मैटेरियल

**कमलेश**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रौजा**
**वि. ख. गौरीगंज, अमेठी**

**राजीव कुमार मौर्य**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत रौजा, वि. ख. गौरीगंज**
**जनपद अमेठी**

# याद किए गए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर लखनऊ विश्वविद्यालय सहित महाविद्यालयों में विविध आयोजन हुए। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र के जीवन और व्यक्तित्व पर अतिथिगणों ने प्रकाश डाला।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर लविवि के सुभाष हॉस्टल में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सम्मिलित कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान नेताजी के व्यक्तित्व और जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद रजिस्ट्रार विनोद कुमार सिंह, डीन एजुकेशन प्रोफेसर दिनेश कुमार, चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह एवं प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्यों ने भी नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### विद्यांत हिंदू कॉलेज में पुस्तकों की प्रदर्शनी

विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज में नेताजी की जयंती पर पुस्तकों की प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में नेताजी की स्थायी विरासत और भारत के इतिहास को आकार देने में उनकी भूमिका का विस्तार से अतिथिगणों द्वारा वर्णन किया गया। मानव आधार सेवा समिति के संस्थापक पीके घोष ने नेताजी के सिद्धांतों और कार्यों के बीच संबंध स्थापित किए जाने को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर राजीव शुक्ला सहित काफी संख्या में महाविद्यालय के छात्र उपस्थित रहे।


पराक्रम दिवस के अवसर पर सम्मानित होने वाली विभूतियां। अमृत विचार

### सुभाष रत्न से सम्मानित हुईं 50 विभूतियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** पराक्रम दिवस के अवसर पर नेता जी सुभाष चंद्र बोस पत्रकार असोसिएशन की ओर से मंगलवार को सुभाष चंद्र बोस जयंती धूमधाम से मनाई गई। एसोसिएशन के चेयरमैन नवल किशोर त्रिपाठी ने बताया कि सीतापुर रोड स्थित मां वैष्णो गेस्ट हाउस में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 विभूतियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कैप्टन सरोज सिंह, कर्नल शिव बालक सिंह, सूबेदार मेजर एएस यादव एवं सूबेदार कृष्णपाल सिंह ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करके की। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। जिसमें कवि डॉ. अजय प्रसून, मधु पाठक, प्रमोद शुक्ला, प्रेम शंकर शास्त्री, प्रतिभा श्रीवास्तव, उमा लखनवी, पंडित बे अदब लखनवी, प्रवीण पांडे, रामराज भारती और नीलू वैश्य ने वीर और हास्य रस से भरी कविताओं की प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों की वाहवाही बटोरी। इस मौके पर एसोसिएशन के संरक्षक शैलेन्द्र शुक्ला सहित मीना पांडे, सुमन शुक्ला, हरिहर वर्मा, पंकज मिश्रा, विनय शुक्ला, सुरेश चंद्र शुक्ला और पिंकी पचौरी आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरिया वि.ख. गौरीगंज, जनपद अमेठी**

पत्रांकः मेमो/एस एल डब्ल्यू एम/ 2023-24 दि.- 22.01.2024

**निविदा**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टिकरिया वि0 ख0 गौरीगंज जनपद अमेठी में एस एल डब्ल्यू एम योजना से कराये जाने वाले निम्न कार्य हेतु सामाग्री आपूर्ति किए जाने हेतु अनुभवी व पंजीकृत फर्मो से मुहरबंद निविदाये दिनांक 29/01 /2024 तक अपरहान 3.00 बजे तक आमंत्रित कि जाती है एवं उसी दिन दिनांक 29/01/2024 को ग्राम पंचायत के कार्यालय में निविदा दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधिओ के समक्ष ... खोली जाएगी कार्य की bill of quantity भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

**नियम व शर्ते लागू -**

**कार्य का नाम**

1- एस एल डब्ल्यू एम के तहत होने वाले कार्य की लागत- 6.14 लाख

**आशा देवी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत टिकरिया**
**वि. ख. गौरीगंज, अमेठी**

**धर्मेंद्र पटेल**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत टिकरिया**
**वि. ख. गौरीगंज, अमेठी**

## 'कंजूस' ने छोड़ी दर्शकों पर अमिट छाप

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से स्वर्ण संगीत एवं नाट्य समिति के तत्वावधान में वाल्मीकि रंगशाला उप्र संगीत नाटक अकादमी में तीन दिवसीय स्वर्ण संगीत नाट्य समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की प्रथम संध्या में आयोजक संस्था द्वारा मौलियर के मूल नाटक का हजरत आवारा के नाट्य रूपान्तरण एवं तरूण मुखर्जी के निर्देशन में नाटक 'कंजूस' का मंचन किया गया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। मंचन से पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रदीप कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। हास-परिहास की चाशनी से परिपूर्ण नाटक 'कंजूस' ने ज्यादा लालच न करने की सलाह देते हुए पैसे के पीछे न भागने के लिए प्रेरित किया। जिसकों दर्शकों की जमकर सराहना मिली। नाटक में सौरभ सिंह, सुप्रिया कुशवाहा, मोहित यादव, अशोक लाल, तारिक इकबाल, अरूण कुमार विश्वकर्मा, अचला बोस, जारा हयात सहित अन्य ने अपना दमदार अभिनय किया। नाटक के पार्श्व पक्ष में प्रकाश - गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव, संगीत - दीपिका बोस, रूप सज्जा - विश्वास वैश्य और मंच परिकल्पना में स्निग्धा मुखर्जी का योगदान नाटक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

## मेट्रो स्टेशन पर शुरू हुई प्रदर्शनी

**अमृत विचार, लखनऊ :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर तीन दिवसीय प्रदर्शनी मंगलवार को शुरू हुई। इसमें घर में तैयार चॉकलेट, हस्तशिल्प उत्पाद, खिलौने, बेकरी, सूखे मेवे पौधे कपड़े, सजावट का सामान और अन्य कई उत्पाद उपलब्ध हैं।

मेट्रो यात्री एवं अन्य लोगों के लिए यह प्रदर्शनी सुबह 11 से रात आठ बजे तक खुली रहेगी। 25 जनवरी को प्रदर्शनी का समापन होगा।

## स्मारक संरक्षण कर्मचारियों ने श्रीराम से लगाई अर्जी

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में स्मारक संरक्षण कर्मचारियों ने धरना स्थल पर ही सुंदरकांड का पाठ किया और आरती की। कर्मचारियों ने दीये जलाए और अपनी मांगों के निस्तारण के लिए राम से अर्जी लगाई।स्मारक समिति के कर्मचारी इको गार्डेन धरना स्थल पर पिछले 37 दिनों से धरना दे रहे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि पुनरीक्षित वेतनमान, स्थाई करण, मृतक आश्रितों को नौकरी, एनपीएस खाता, सवेतन चिकित्सा अवकाश, दीपावली बोनस, 7वां वेतनमान, समेत लगभग 11 मांगें हैं जिन्हें जल्द से जल्द पूरे होने की कर्मचारी उम्मीद कर रहे हैं। जब तक मांगें पूरी नहीं हो जातीं तब तक धरना निरंतर जारी रहेगा।

**आवश्यकता है**

**अमृत विचार बरेली ऑफिस को**

- सर्कुलेशन मैनेजर
- अकाउंटेंट (विज्ञापन विभाग)
- सिक्योरिटी गार्ड की

**वेतन :- योग्यता अनुसार**

इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 9518031113, 8476006584

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

**आयोजन** | 10 दिवसीय उत्तरायणी कौथिग-2024 के समापन दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

# प्रोत्साहन और वादों के बीच सम्पन्न हुआ उत्तरायणी कौथिग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पर्वतीय महापरिषद द्वारा आयोजित दस दिवसीय उत्तरायणी कौथिग-2024 के समापन दिवस पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा का स्वागत मुख्य संयोजक टीएस मनराल, संयोजक केएन चन्दोला और अध्यक्ष गणेश जोशी एवं महासचिव महेन्द्र सिंह रावत ने किया। सुबह के सत्र का उद्घाटन सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने किया। मीडिया प्रभारी हेमन्त सिंह ने बताया कि उत्तरायणी कौथिग में अन्तिम दिन एकल गायन, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद, सामान्य ज्ञान, अपनी बोली अपनी भाषा, खेलकूद के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को करीब 500 से अधिक पुरस्कार वितरित किए गए। मेधावी सम्मान के अन्तर्गत शिक्षा में उत्कृष्ट अंकों से उत्तीर्ण 20 मेधावी विद्यार्थियों को भी उत्तरायणी कौथिग के मंच से पर्वतीय महापरिषद द्वारा पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महासचिव महेन्द्र रावत ने किया। संयोजक के रूप में केएन चन्दोला रहे। इस अवसर पर महेन्द्र पन्त, गोविन्द बोरा, सुन्दर पाल सिंह बिष्ट, गोपाल गैलाकोटी, प्रो. आरसी पन्त, एनके उपाध्याय, डीडी नरियाल, राजेन्द्र सिंह रावत, लाबीर सिंह बिष्ट, केएस रावत, एमएस मेहता, चंचल सिंह बोरा, डॉ. बीएस नेगी, रविन्द्र बिष्ट, गोपाल गैलाकोटी, शंकर पाण्डेय, गोपाल जोशी, नारायण पाठक, संजय पाण्डेय, पूरन जोशी, केएन पाठक, कमल नेगी, रमेश उपाध्याय, पीपी पन्त, हरीश काण्डपाल, आनन्द भण्डारी, बीबी चन्दोला, बसन्त भट्ट, गोविन्द पाठक, कैलाश बिनवाल, महेश बिष्ट, सुमन रावत मंजू पडेलिया, गंगा भट्ट, सुमन मनराल, माया भट्ट, चित्रा काण्डपाल, दीप्ती जोशी, मोहिनी धपोला, मोहन बिष्ट मोना, पुष्कर नयाल, सुनील किमोठी, सुदीप जोशी, दीपक चिलकोटी, भुवन पाण्डेय, प्रशान्त भण्डारी, चन्द्रकांत जोशी, सूरज बिष्ट, प्रदीप बिष्ट, टीडी काण्डपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।


उत्तरायणी कौथिग कार्यक्रम के दौरान सांसद रीता बहुगुणा जोशी, साथ में अन्य।

### सर्द मौसम में भरा जोश

सांस्कृतिक संध्या में ओहो डिजिटल रेडियो उत्तराखण्ड के निर्माता आरजे काव्य, उत्तराखण्ड की अभिनेत्री स्वेता मेहरा के मैं पहाड़न मेरा झुमका पहाड़ी... गीतों की वाहवाही लूटी। मेहमान कलाकार सौरव मैठाणी, मनोज सामंत एवं ललित गित्यार के हुनर सराहा गया।

### मुख्य अतिथि ने दिया युवा सम्मान

सांस्कृतिक क्षेत्र में युवा सम्मान 2024 गोविन्द बोरा व सरोज खुर्ल्बे को अतिथि डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा दिया गया। इस कड़ी में सुदीप जोशी, ख्याली सिंह कड़ाकोटी व उत्तरायणी सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान केएस रावत, बसन्त भटट, गौरा देवी जानकी अधिकारी को प्रदान किया गया। उत्तरायणी सम्मान नरेन्द्र सिंह देवडी और आजे काव्य लाबीर सिंह बिष्ट को दिया गया।

**लखनऊ विकास प्राधिकरण**
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 - 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र) वेबसाईट : "http://www.ldalucknow.co.in"

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. स. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम | मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री महेश कुमार यादव | भूखण्ड सं.-2/574 | शारदा नगर योजना | 22.11.2022 | 1. श्रीमती लाजवंती यादव | 1. श्रीमती कीर्ति यादव<br>2. श्री पवन कुमार | पुत्री<br>पुत्र |
| 2 | श्री सुलेमान | आश्रयहीन भवन सं.-3/1073, सेक्टर - 3 जानकीपुरम विस्तार योजना | जानकीपुरम विस्तार योजना | 06.03.2015 | 1. श्री गयासुद्दीन-पुत्र<br>2. श्री रफीक अहमद-पुत्र<br>3. श्रीमती जयनब-पुत्री<br>4. श्रीमती नूरजहाँ-पुत्री | श्री अजीज | पुत्र |
| 3 | स्व. रंजन बासु | भवन सं.-3/75 | विनय खण्ड, गोमती नगर | 05.10.2015 | श्री रूपायन बासु | उत्तराधिकार के आधार पर | पुत्र |
| 4 | स्व. मुखतियार वर्मा एवं व्यंजना वर्मा (क्रेता) | भूखण्ड सं.-2/16 | विशेष खण्ड | 01.07.2003 एवं 27.04.2021 | श्री मुकुल वर्मा (पुत्र) | 1. श्रीमती मुक्ता वर्मा | पुत्री |
| 5 | स्व. रवि प्रकाश उपाध्याय (क्रेता) | भूखण्ड सं.-2/101 | विराम खण्ड | 10.01.2003 | श्रीमती सरोज उपाध्याय (पत्नी) | 1. श्री रजनीश उपाध्याय,<br>2. श्री अविनाश उपाध्याय,<br>3. श्री रोहित उपाध्याय,<br>4. श्रीमती स्वेता दुबे,<br>5. श्रीमती साधना नागेन्द्र मालवीय | पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्र<br>पुत्री<br>पुत्री |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**

# अयोध्या जाने वाली एक दर्जन से अधिक आस्था ट्रेनें लखनऊ होकर गुजरेंगी

## वंदे भारत समेत कई प्रमुख रेल गाड़ियों में 28 तक वेटिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तीन जोनल रेलवे ने अयोध्या जाने के लिए 36 जोड़ी आस्था स्पेशल ट्रेनों के रूट और समय सारिणी की अधिसूचना जारी की

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या में जुटनी शुरू हो गई है। भीड़ को देखते हुए तीन जोनल रेलवे (उत्तर रेलवे, दक्षिण पूर्वी और पूर्वी तट रेलवे) ने अयोध्या जाने के लिए 36 जोड़ी आस्था स्पेशल ट्रेनों के रूट और समय सारिणी की अधिसूचना मंगलवार को जारी कर दी। इसमें उत्तर रेलवे की 16 आस्था स्पेशल ट्रेनें लखनऊ से होते हुए अयोध्या पहुंचेंगी।

उत्तर रेलवे जोन से हरिद्वार-अयोध्या धाम, श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा-अयोध्या कैंट, बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन-अयोध्या कैंट, जम्मूतवी-अयोध्या कैंट, पठानकोट-अयोध्या कैंट सहित 16 आस्था ट्रेन शामिल है। दक्षिण पूर्वी जोन से टाटा नगर-दर्शन नगर, बोकारो स्टील सिटी-दर्शन नगर, रांची-दर्शन नगर, बालासोर-दर्शन नगर, हावड़ा-अयोध्या, टाटा नगर-अयोध्या कुल 06 आस्था ट्रेन है। इसके अलावा पूर्वी तट रेलवे से पुरी-दर्शन नगर आस्था स्पेशल, खुर्दा रोड-दर्शन नगर, भुवनेश्वर-दर्शन नगर, कटक-दर्शन नगर, भदरक - दर्शन नगर सहित 14 आस्था ट्रेन शामिल है।

आनंद विहार-अयोध्या वंदे भारत एक्सप्रेस में 28 जनवरी तक वेटिंग है। आनंद विहार से अयोध्या आने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में 25 जनवरी को 37 वेटिंग चेयरकार में है। 26 जनवरी को 64 और 27 को 33 वेटिंग लिस्ट है। वंदे भारत की एक्जक्यूटिव क्लास का भी कुछ ऐसा ही हाल है। ट्रेन में 28 जनवरी के बाद ही कंफर्म टिकट उपलब्ध है। दिल्ली-अयोध्या एक्सप्रेस की स्लीपर में 155, एसी थर्ड में 75 और एसी सेकेंड में वेटिंग 46 तक हो गई है। कैफियात एक्सप्रेस की स्लीपर की वेटिंग 250, एसी थर्ड की वेटिंग 103 और एसी सेकेंड में भी 24 वेटिंग तक हो गई है।

### लखनऊ से गुजरेंगी ये ट्रेनें

हरिद्वार-अयोध्या धाम- 25 जनवरी, अयोध्या धाम-हरिद्वार- 27 जनवरी, श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा-अयोध्या कैंट- 30 जनवरी, अयोध्या कैंट-श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा- एक फरवरी, बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन-अयोध्या कैंट-दो फरवरी, अयोध्या कैंट-बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन- चार फरवरी, जम्मूतवी-अयोध्या कैंट -छह फरवरी, अयोध्या कैंट-जम्मूतवी- आठ फरवरी, पठानकोट-अयोध्या कैंट नौ फरवरी, अयोध्या कैंट-पठानकोट- 11 फरवरी, अंब अंदौरा-अयोध्या कैंट-29 जनवरी, अयोध्या कैंट-अंब अंदौरा- 31 जनवरी, ऊना हिमाचल-अयोध्या कैंट- पांच फरवरी, अयोध्या कैंट ऊना हिमाचल- सात फरवरी, देहरादून-अयोध्या कैंट - एक फरवरी, अयोध्या कैंट-देहरादून- तीन फरवरी, योगनगरी ऋषिकेश-अयोध्या कैंट -आठ फरवरी, अयोध्या कैंट-योगनगरी ऋषिकेश- 10 फरवरी।

## गांवों तक बेहतर नेट और तेज कॉल की सुविधा जल्द

**लखनऊ :** शहर से लगे हुए गांवों में लोगों को बेहतर नेट और तेज कॉल की सुविधा देने के लिए बीएसएनएल अपने कार्य क्षेत्र का विस्तार कर रहा है। एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) एक प्रकार की ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन तकनीक है जो डेटा संचारित करने के लिए फाइबर-ऑप्टिक केबल का उपयोग करता है। बीएसएनएल एफटीटीएच की मदद से गांवों में तेज गति से डेटा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसकी मदद से गांव क्षेत्रों में रहने वाले लोग कम धनराशि में इंटरनेट का लाभ ले पाएंगे और साथ ही कॉलिंग का भी फायदा मिलेगा।

बीएसएनएल के मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि गांवों में तेजी से फाइबर केबल को पहुंचाने का कार्य चल रहा है। टेलिकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है जिससे लोगों को सस्ता और तेज इंटरनेट प्राप्त हो सके।



लखनऊ के चौक सर्राफा बाजार में भगवान का रथ निकलने से पहले करीब एक किलोमीटर मार्ग पर फूलों की पंखुरिया बिछाते इब्जा के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी व अन्य, साथ में चिकन संगठन, चौक सर्राफा एसोसिएशन, मराठी समाज, बंगाली समाज, जगन्नाथ और पब्लिक बाल रामलीला समिति एवं जॉगर्स पार्क समिति के पदाधिकारी, शोभायात्रा में श्रीराम परिवार का स्वागत करते व्यापारी।


गुईन रोड पर कार्यक्रम के दौरान एकत्रित व्यापारी नेता व अन्य।


श्री राम रोड में पताका फहराते व्यापारी।

● गुईन रोड पर स्टेशनरी व्यापारियों ने पूरे बाजार को बिजली की झालरों और नारंगी गुब्बारों से सजा दिया। इस मौके पर अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, गौरव महेश्वरी, संजीव सेठी, विशाल गौड़, राजीव जैन, रविंद्र भयाना समेत सैकड़ों व्यापारी रामधुन पर झूमते रहे। लखनऊ अमीनाबाद स्थित श्री राम रोड पर सैकड़ों व्यापारियों ने जय श्रीराम के झंडों के साथ बाजार में पदयात्रा निकाली। इस मौके पर लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष प्रभू जालान समेत दर्जनों व्यापारियों ने आतिशबाजी छुड़ाई। वहीं भूतनाथ व्यापार मंडल की ओर से व्यापारियों ने बाजारों में प्रसाद वितरण का क्रम जारी रखा। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता की अगुवाई में कारोबारियों ने आतिशबाजी वाली पिस्टल से फायर भी किया।


आतिशबाजी वाली पिस्टल से फायर करते व्यापारी।

## सार-संक्षेप


शोभा यात्रा का स्वागत करते स्कूल के शिक्षक व कर्मचारी। अमृत विचार

### बाल निकुंज स्कूल में शाम को दीप जलाकर मनाई दीपावली

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज स्कूल्स एंड कॉलेजेस लखनऊ की देखरेख में सर्व सिद्ध भगवान श्रीराम की शौर्य शोभा रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर बाल निकुंज कॉलेज में सैकड़ों दीप प्रज्ज्वलित कर संध्या काल में 'जग-मग दीप जलें' का जय घोष किया गया। इसी श्रृंखला में शिक्षक समूह और छात्र -छात्राओं ने मिलकर सुंदरकांड पाठ कर भगवान राम का आह्वान किया।

### सैनिकों के नाम रही महोत्सव की शाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश महोत्सव की शाम सैनिकों के नाम रही। सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष व महोत्सव आयोजक डॉ. अमित सक्सेना, मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कमांडर दीपेश त्यागी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। 8वां उत्तर प्रदेश महोत्सव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के शुभ अवसर पर सुभाष चंद्र बोस सेवा संस्थान द्वारा संस्थापक अमित श्रीवास्तव व अनुराग श्रीवास्तव के निर्देशन में व स्क्वाडन लीडर राखी अग्रवाल के संयोजन में सैनिकों, पूर्व सैनिकों व उनके परिवारजनों को देश रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेजर के किशोर, केपी पांडे, बीके शुक्ला, मनीष भोज, कर्नल राम अंसल यादव, आईएस वर्मा, एमके पांडेय समेत कई सैनिकों पूर्व सैनिकों व उनके परिवार जनों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। महोत्सव में फीमेल वॉइस में गुड्डू बंसल के अलावा सुनील कुमार और हसन ने गीत गाया। इसके अलावा सीएल कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अतुल दुबे, रश्मि दुबे, कृष्ण कुमार तिवारी, रेनू तिवारी, कंचन यादव, नेहा सिंह, मानसी सिंह, प्रियंका, रीता सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे। महोत्सव के आयोजक सृजन फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अमित सक्सेना ने बताया कि महोत्सव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर नेताजी के जीवन से जुड़े कार्यक्रमों का मंचन किया गया। महोत्सव आगामी 30 जनवरी तक चलेगा।

### दूसरे राउंड में ही हारे लखनऊ नवाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** ताइक्वांडो प्रीमियर लीग सीजन वन के दूसरे चरण की विजेता ट्रॉफी पंजाब रॉयल्स ने कड़ी टक्कर के बाद गुजरात थंडर्स को हराते हुए जीत ली। दूसरी ओर यूपी की टीम लखनऊ नवाब का सफर रोमांचक मुकाबलों में लगातार दूसरी हार के साथ खत्म हो गया। हैदराबाद के सरुर नगर इंडोर स्टेडियम में सोमवार रात आयोजित इस लीग के मुकाबलों में लखनऊ नवाब ने दिल्ली वारियर्स के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन अंत में 2-1 से हार गई। इस मैच में लखनऊ नवाब की चुनौती कुणाल भाटी, नीरज मेहरा व भावना गौतम पेश कर रहे थे। लखनऊ नवाब के सीईओ डा .आनंद किशोर पाण्डेय ने कहा कि इस बार बदले भार वर्ग में हमारे खिलाड़ियों ने खासा दम दिखाया लेकिन ये ताइक्वांडो का फटाफट एडीशन है। हम अब अगले सीजन में नये जोश और बेहतर तैयारियों के साथ आएंगे।

## सिद्धार्थ ने जड़ा शतक, यूपी मजबूत

**लखनऊ :** सिद्धार्थ यादव के आतिशी शतक (104 गेंदों पर 101 रन) की बदौलत उत्तर प्रदेश ने कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी के तहत मैच में पुडुचेरी पर दबाव बना लिया है। तीसरे दिन मंगलवार को मेजबान उत्तर प्रदेश ने सात विकेट पर 357 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। आज का खेल खत्म होने तक पुडुचेरी ने दूसरी पारी में दो ओवर खेले, लेकिन खाता नहीं खोल सकी।

स्पोर्ट्स गैलेक्सी स्टेडियम में मंगलवार को मुकाबले की शुरुआत तीन घंटे की देरी से हुई। यहां एक विकेट खोकर 132 से आगे खेलते हुए स्वास्तिक और रितुराज ने पारी को आगे बढ़ाया। दूसरे छोर पर सिद्धार्थ ने पहले अर्धशतक और फिर शतक पूरा किया। सिद्धार्थ का शतक पूरा होते ही यूपी के कप्तान कृतज्ञ सिंह ने पारी घोषित कर दी और 127 रन की अहम बढ़त हासिल की। पुडुचेरी की ओर से पूविया ने तीन और नमन ने दो विकेट हासिल किए। बुधवार को मुकाबले का आखिरी दिन है, जहां यूपी की टीम पुडुचेरी को हराने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेगी। अगर टीम सीधी जीत दर्ज नहीं कर पाती है तो भी टीम के खाते में पहली पारी में बढ़त के आधार पर तीन अहम अंक शामिल होंगे।


हेमवती नंदन बहुगुणा टूर्नामेंट में जीतने वाली विजेता टीम व अन्य। अमृत विचार

## शाहिद और छोटू के गोल से स्पोर्ट्स कॉलेज बना चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ छठा हेमवती नंदन बहुगुणा फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित

▸▸ फाइनल में टेक्ट्रो क्लब को दी 3-0 से शिकस्त

**अमृत विचार :** चौक पर आयोजित किए गया छठा हेमवती नंदन बहुगुणा टूर्नामेंट में कुर्सी रोड स्थित गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज की टीम चैंपियन बनी।

मंगलवार को खेले गए फाइनल में स्पोर्ट्स कॉलेज ने टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब को 3-0 से हराया। विजेता टीम की ओर से शाहिद ने 2 और छोटू पटेल ने 1 गोल किया। विजेता टीम को हेमवती नंदन बहुगुणा जोशी की बेटी और प्रयागराज से सांसद रीता बहुगुणा जोशी रही। उन्होंने विजेता टीम को सम्मानित किया। समापन समारोह में संतोष श्रीवास्, अर्शद आजमी, जेपी बाजपेई, दिनेश चंद, आकाश उपाध्याय मौजूद रहे। टूर्नामेंट के आयोजक महेश बाल्मीकि ने सांसद रीता बहुगुणा जोशी का स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में लखनऊ फुटबॉल् एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल ने सभी को धन्यवाद दिया।

## चौक ने बीकेटी को दी शिकस्त

**लखनऊ :** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अवसर पर खेल विभाग की देखरेख में जिला स्तरीय बालिका कबड्डी और खो खो प्रतियोगिता केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रजनीश मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया। आज खेले गए कबड्डी मुकाबले में चौक स्टेडियम ने बीकेटी को 50-24 से हराया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शुकुलदुलैचा, वि०ख० मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-23.01.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शुकुलदुलैचा, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे राज्यवित्त/पंद्रहवाँ वित्त योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म /भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-24.01.2024 से 29.01.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा /कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत शुकुलदुलैचा, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-29.01.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1- | कृपा शुक्ला के घर के पूरब पुजारी पाण्डेय के घर होते हुए इटरलॉकिंग तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2,51,217.35 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री। | 100 |
| 2- | मेहीलाल के घर से विनोद पाण्डेय के घर होते हुए उत्तर खड़ंजा तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 2,27,977.02 रुपये। | इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, ईट आदि सामग्री। | 100 |
| 3- | रमाशंकर गुप्ता के घर से पक्की सड़क के तक खड़ंजा निर्माण कार्य। | 2,28,487.51 रुपये। | एसओबी ईट आदि सामग्री। | 100 |

नोट- निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।
ग्राम प्रधान- ग्रा0पं0- शुकुलदुलैचा, वि0खं0-मोतिगरपुर, जनपद-सुल्तानपुर
ग्राम पंचायत सचिव- ग्रा0पं0- शुकुलदुलैचा वि0खं0-मोतिगरपुर, जनपद-सुल्तानपुर

**कार्यालय नगर पंचायत मूसानगर जनपद कानपुर देहात**

पत्रांक- 992/न0पं0मूसा0/ ई -निविदा सूचना - सी. एम. एन.एस.वाई. /2023-24 दिनांक : 23/01/2024

**ई-निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत मूसानगर में स्वच्छ भारत मिशन के सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत कराया जाने वाले कार्यो हेतु ई-निविदायें ई-टेण्डर पोर्टल पर दिनांक 24.01.2024 को आमंत्रित की जाती है। निविदाओं से सम्बन्धित समस्त विवरण नियम व शर्ते वेबसाइट (www.etender. up.nic.in) पर उपलब्ध है, जिसका अनुपालन समस्त प्रतिभागियों को किया जाना अनिवार्य है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत मूसानगर
कानपुर देहात

**पूजा निषाद,** अध्यक्ष
नगर पंचायत मूसानगर
कानपुर देहात

## सीएसडी सहारा अकादमी की जीत में जयप्रकाश का तूफानी शतक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ हिन्दुस्तान फायर क्रिकेट क्लब को 141 रन के बड़े अंतर से किया पराजित

**अमृत विचार :** जय प्रकाश गुप्ता (128 रन, 89 गेंद, 20 चौके, एक छक्का) के नाबाद शतक से सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने द्वितीय तारा देवी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच में हिन्दुस्तान फायर क्रिकेट क्लब को 141 रन के बड़े अंतर से पराजित कर पूरे अंक हासिल किए।

गियर क्रिकेट मैदान पर सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी बीकेटी ने निर्धारित 30 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 249 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज करण शुक्ला ने 44 गेंदों पर 11 चौकों से 59 रन की तेज अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि तीसरे नंबर पर उतरे जय प्रकाश गुप्ता ने 89 गेंदों पर तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 20 चौके व एक छक्के लगाते हुए नाबाद 128 रन बनाकर अपनी टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया।

हिन्दुस्तान फायर क्रिकेट क्लब से दिव्यांशु सिंह ने 6 ओवर में 42 रन देकर 5 विकेट हासिल किए। जवाब में हिंदुस्तान फायर क्रिकेट क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए 24.5 ओवर में 108 रन पर ही ढेर हो गया। शानदार बल्लेबाजी के लिए सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी के जय प्रकाश गुप्ता को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

कार्यक्रम | हस्तशिल्प महोत्सव में निशुल्क भारत टैलेंट हंट-2024 का आयोजन

# आरंभ है, प्रचंड है ...रामजी की निकली सवारी ...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रगति पर्यावरण संरक्षण ट्रस्ट के तत्वावधान में 17 दिवसीय भारत हस्तशिल्प महोत्सव में मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कलाकारों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

कांशीराम स्मृति उपवन आशियाना में चल रही सांस्कृतिक संध्या में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेंटमेरी इंटर कॉलेज से आईं छात्रा वरुण्या और यशिका ने नृत्य गायन प्रस्तुत किया। वहीं प्रिया द्वारा आरंभ है, प्रचंड है का नृत्य प्रस्तुतिकरण सराहा गया। छात्रा माही द्वारा मुलाकात एक बहाना है का गायन किया गया। छात्र आदित्य नारायण सिंह ने रामजी की निकली सवारी तथा सुख के सब साथी की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। संस्कृतिक संध्या में कलाकारों द्वारा सुंदर प्रस्तुति को लेकर अतिथिगणों द्वारा सराहना की गई।

**बच्चे देंगे आकर्षक प्रस्तुतियां** : भारत हस्तशिल्प महोत्सव में निःशुल्क भारत टैलेंट हण्ट-2024 का आयोजन हो रहा है। इसमें बच्चों व युवाओं को गायन, नृत्य, वादन, किड्स मॉडलिंग, मेंहदी, रंगोली, कबाड़ से जुगाड़, सिलाई, चित्रकला, निबंध लेखन, मिस्टर मिस और मिसेज भारत प्रतियोगिताओं में शामिल होने का मौका मिलेगा।

**भारत हस्तशिल्प महोत्सव रत्न सम्मान** : भारत हस्तशिल्प महोत्सव में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली अनेक विभूतियों को भारत हस्तशिल्प महोत्सव रत्न सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। इसमें सभी वर्गों को शामिल किया जाएगा।


भारत हस्तशिल्प महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक संध्या के दौरान नृत्य प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी। अमृत विचार

### 28 राज्यों से शामिल हुए हैं कामगार

उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, पंजाब, ओडिशा, मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, गोवा सहित 28 राज्यों से कामगार शामिल हुए हैं। इन्होंने कला संस्कृति, पर्यटन, हस्त शिल्प, देशी उत्पाद, वस्त्र, फर्नीचर, मसाले, हैण्डलूम हैण्डी क्राफ्ट, आटोमोबाइल सहित अन्य स्टाल लगाए हैं। कार्यक्रम में शामिल देशी उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे।

**कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि0ख0 तालग्राम-कन्नौज।**

**नीलामी सूचना**

कार्यालय जिलाधिकारी जनपद कन्नौज के आदेश पत्रांक एस0एस0ए0 3870-78/2023-24/ दिनांक-21.10.2023 द्वारा वि0ख0 तालग्राम में संचालित विद्यालयों में जर्जर कुल 19 विद्यालयों की नीलामी अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सहायक एवं वित्त लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा जनपद कन्नौज एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत तालग्राम की समिति द्वारा स्थान कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी वि0ख0 तालग्राम (सराय प्रयाग) में दिनांक 16.11.2023 को नीलामी की गयी थी। जिसमें से अवशेष 5 विद्यालय निम्नवत है। 1. कम्पोजिट विद्यालय मझपुर्वा 2. उच्च प्राथमिक विद्यालय नेपालपुर 3. उच्च प्राथमिक विद्यालय खबरामऊ 4. प्राथमिक विद्यालय तालग्राम 5. प्राथमिक विद्यालय अयूबपुर की नीलामी पुनः 29.01.2024 को खण्ड शिक्षा अधिकारी वि0ख0 तालग्राम (सराय प्रयाग) में की जायेगी। नीलामी सम्बंधित अधिकतम जानकारी निविदा दाता/ ठेकेदार ब्लाक संसाधन केन्द्र सराय प्रयाग से नीलामी दिनांक 29.01.2024 तक प्राप्त कर सकते है।

(रमेश चन्द्र चौधरी)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
वि0ख0 तालग्राम-कन्नौज।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नानेमऊ, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-23.01.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नानेमऊ, विकासखंड मोतिगरपुर जनपद सुलतानपुर पंचम राज्यवित्त/पंद्रहवाँ केंद्रीय वित्त/मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक-24.01.2024 से 29.01.2024 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत नानेमऊ, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक-29.01.2024 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1- | घनी का पूरा पक्की सड़क से वंशराज पांडेय के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 837000.00 रुपये। | जिग जैग इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 2- | मलिकपुर इंटरलॉकिंग से गया प्रसाद मिश्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य । | 720000.00 रुपये। | जिग जैग इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 3- | दुबे का पूरा राधेश्याम तिवारी के घर से वंशराज के घर खड़ंजा तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 499950.00 रुपये। | जिग जैग इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 4- | मलिकपुर इंटरलॉकिंग से विवेक मिश्रा के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 499900.00 रुपये। | जिग जैग इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 5- | शाहपुर नानेमऊ निर्मला शर्मा के घर इंटरलॉकिंग से चन्द्रभान शर्मा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण। | 405000.00 रुपये। | जिग जैग इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 6- | शाहपुर पक्की सड़क से श्यामलाल के घर तक खड़ंजा या इंटरलॉकिंग कार्य। | 499500.00 रुपये। | जिग जैग इंटरलॉकिंग ईट, बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 7- | शाहपुर नानेमऊ राममूर्ति शर्मा के घर से प्रदीप के घर के पीछे तालाब तक नाली निर्माण। | 425000.00 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, सरिया, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 8- | चनहा रामचरण के घर से तालाब तक नाली निर्माण। | 385000.00 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, सरिया, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 9- | टिकरेगाव संतू वर्मा के घर से नाला तक नाली निर्माण। | 385000.00 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, सरिया, ईट गिट्टी आदि सामग्री। | 100 |
| 10- | श्मशान घाट बाउंड्रीवाल रिपेयर, उच्चीकरण एवम पेंटिंग कार्य। | 350000.00 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेंट, गिट्टी, ईट, सरिया, ईट गिट्टी, पेंट, पुट्टी आदि सामग्री। | 100 |

नोट- शेष नियम व शर्ते लागू होगी। निविदा कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
ग्राम प्रधान- ग्रा0पं0- नानेमऊ, वि0खं0-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर
ग्राम पंचायत सचिव- ग्रा0पं0- नानेमऊ वि0खं0-मोतिगरपुर जनपद-सुल्तानपुर

## एक नजर

### साइकिल चोरी का आरोप लगा मजदूर को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सैरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र गुप्ता के मुताबिक, उमरभारी निवासी मजदूर अशोक गौतम सोमवार दोपहर क्षेत्र की बाबा ट्रेडर्स की दुकान पर बैठा था। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि इसी बीच मनोज यादव भाई बबलू और परिचित दीपक को लेकर उसके पास पहुंचा और उससे गायब हुई साइकिल के बारे में पूछताछ करने लगे। इस पर पीड़ित ने जानकारी होने से उन्हें मना कर दिया। तब आरोपियों ने उस पर साइकिल चोरी किए जाने का आरोप लगाते हुए मारने-पीटने लगे। तभी स्थानीय लोग उसे बचाने पहुंचे। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। इसके बाद मजदूर ने आरोपियों के खिलाफ सैरपुर थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि मामले की गहनता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### बीड़ी मांगने के विवाद में युवक से मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज प्रभारी निरीक्षक महेंद्र शुक्ला के मुताबिक, चांद सराय गांव निवासी राम कुमार ने गांव के रहने वाले ओमकार रावत के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 30 दिसम्बर को बेटे पवन का बीड़ी मांगने को लेकर ओमकार से झगड़ा हो गया था। इसके बाद आरोपी ने बेटे से मोबाइल छीन जमीन पर पटक कर तोड़ दिया था। इसका विरोध किए जाने पर आरोपी ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीट बेटे को लहूलुहान कर दिया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप के बाद दोनों को शांत कराया। इसके बाद ओमकार बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। पीड़ित का कहना है कि बेटा ओमकार से अपनी जान का खतरा बता रहा है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# गणतंत्र दिवस पर इन रास्तों का करें चयन

## 26 जनवरी के मौके पर होने वाले विभिन्न आयोजनों को लेकर शहर में रूट डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गणतंत्र दिवस के दिन (26 जनवरी) को राजभवन, हजरतगंज, चारबाग की ओर जाना है तो पहले वैकल्पिक मार्ग जान लें। भूलवश बिना वैकल्पिक मार्ग जाने घर से निकले हैं तो बीच रास्ते से लौटना पड़ सकता है या जाम में फंसकर घंटों परेशान हो सकते हैं। गणतंत्र दिवस पर होने वाले तमाम आयोजनों के चलते शहर में डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी। डीसीपी ट्रैफिक ह्रदेश कुमार ने बताया कि नई यातायात व्यवस्था 25 जनवरी को दोपहर दो बजे से कार्यक्रम के समाप्त होने तक लागू रहेगी। जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

डीसीपी ने कहा कार्यक्रमों के चलते किसी को ट्रैफिक संबंधित कोई समस्या आती है तो कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं। समस्या का समाधान किया जाएगा।



### बापू भवन चौराहा

रायल होटल (बापू भवन) चौराहा से सिसेण्डी और कन्धारी बाजार, लालबाग चौराहा, सिसेंडी, कन्धारी बाजार, नूर मंजिल तक कार्यक्रम होने तक आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग डॉ. सूजा रोड या लालबाग होकर तय किए गए हैं।

### चारबाग से हजरतगंज के लिए इन रास्तों से निकलें

आलमबाग, मवैय्या से चारबाग जाने वाले वाहन लाटूश रोड, गुप्ता तिराहा से रविन्द्रालय (बालविद्या मन्दिर) केकेसी नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग चारबाग लाटूश रोड (गुप्ता तिराहे) से बायें बांसमंडी चौराहा कैसरबाग या रविन्द्रालय से दाहिने यू-टर्न लेकर मवैय्या, आलमबाग तय किया गया है।

डीएवी कॉलेज ओवर ब्रिज ढाल से, बांसमंडी चौराहे से गुरु गोविन्द सिंह चौराहा (राणा प्रताप) की ओर आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। इन रूटों के वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग कैसरबाग या चारबाग तिराहे से दाहिने नत्था तिराहा, मवैय्या, आलमबाग होकर तय किया गया है।

मोहन होटल तिराहे से केकेसी एपीसेन रोड तिराहा की ओर आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग बांसमंडी, रविन्द्रालय तिराहा से दाहिने मुड़कर नत्था, मवैया तय किया गया है।

केकेसी तिराहा से चारबाग रविन्द्रालय व राणा प्रताप चौराहा की ओर आवागमन बंद रहेगा। इन रूट के वाहनों के लिए लोको चौराहा, कुंवर जगदीश, आलमबाग या सदर कैंट, अब्दुल हमीद चौराहा, एसएन ओवर ब्रिज, लालबत्ती, बन्दरियाबाग, गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

सदर और कुंवर जगदीश चौराहा (बूचड़ी ग्राउन्ड), लोको चौराहा से केकेसी, चारबाग से लोको चौराहा तक आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग लोको वर्क शॉप फतेहअली, आलमबाग और सदर कैंट तय किया गया है।

### बर्लिंग्टन चौराहा

- बर्लिंग्टन चौराहा से सिंचाई भवन, सदर की ओर से बर्लिंग्टन तक आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग उदयगंज तिराहे से सदर ओवर ब्रिज या योजना भवन, लालबहादुर शास्त्री तिराहे से दाहिने, लालबत्ती चौराहा होकर तय किए गए हैं।
- कैसरबाग अशोक लाट चौराहे से बर्लिंग्टन चौराहे नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग अशोक लाट कैसरबाग चौराहे से बांसमंडी, चारबाग, नत्था या परिवर्तन चौक तय किए गए हैं।

राणा प्रताप चौराहे से छितवापुर चौकी, केकेसी से चारबाग की ओर आवाजाही बंद रहेगी। इन रूट के वाहन बांसमंडी चौराहा होकर निकल सकेंगे।

हीवेट रोड तिराहे से राणा प्रताप चौराहा वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग बांसमंडी, अशोक लाट, कैसरबाग चौराहा होकर तय किया गया है।

उदयगंज, सिंचाई भवन से एनेक्सी, हुसैनगंज चौराहा से लालबहादुर शास्त्री तिराहे से सिसेंडी विधान सभा की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग लालबत्ती चौराहा, उदयगंज तिराहे से सदर ओवर ब्रिज मिलेगा। इस रूट पर जिनके पास कार पास होगा सचिवालय विधानभवन के पीछे से सचिवालय जा सकेंगे।

सदर ओवर ब्रिज (कैंट क्षेत्र) से हुसैनगंज होकर कैसरबाग नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग कैंट, अब्दुल हमीद, एसएन पेट्रोल पंप, कटाईपुल, बन्दरियाबाग, गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा, संकल्प वाटिका, सुशीला स्मृतिका, हनुमान सेतु, सुभाष चौराहा, क्लार्क अवध, सीडीआरआई निर्धारित किए गए हैं।

### विधानसभा का क्षेत्र

- हजरतगंज चौराहा से रायल होटल (बापू भवन) चौराहा तक विधानसभा मार्ग पर यातायात 25 जनवरी दोपहर 2 बजे से बंद कर दिया जाएगा।
- नावेल्टी (लालबाग) चौराहा से कैपिटल तिराहा के बीच आवागमन बंद रहेगा। केवल कार पास वाले वाहन ही जनपथ तक आ सकेंगे।

बंदरियाबाग चौराहा से हजरतगंज नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा या लालबत्ती चौराहा से सदर कैंट से गंतव्य तक जा सकेंगे। केवल कार पास वाले वाहन बन्दरियाबाग से डीएसओ चौराहा होकर सिसेंडी तिराहा से विधान सभा गेट नंबर सात से अन्दर पहुंच सकेंगे।

कैसरबाग, अशोक लाट चौराहा से वालिंग्टन चौराहा या बापू भवन (रायल होटल) 11 चौराहा की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग बांसमंडी, नत्था, आलमबाग, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, हनुमान सेतु मन्दिर तिराह से दाहिने, सुशीला स्मृतिका, संकल्प वाटिका और सिकन्दरबाग व 1090 चौराहा निर्धारित किए गए हैं।

**हजरतगंज चौराहा से मेफेयर तिराहा तक-**हजरतगंज चौराहा से मेफेयर, सुभाष, परिवर्तन चौक चौराहे की ओर कार्यक्रम समापन तक आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग हजरतगंज चौराहा से अशोक मार्ग होकर मीराबाई मार्ग, सप्रू मार्ग तिराहा, सिकन्दरबाग चौराहा से संकल्पवाटिका तिराहा, सुशीला स्मृतिका, हनुमान सेतु, सुभाष चौराहा तय किए गए हैं।

### इन रास्तों पर होगी रिहर्सल

गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड का रिहर्सल बुधवार को किया जायेगा। रिहर्सल सुबह 6 बजे से शुरू होगी। इसके लिये रूट तय किया गया है। परेड रविन्द्रालय, बाल संग्रहालय चारबाग से शुरू होगी। यहां से केकेसी तिराहा, पीसीएफ बीलि्डंग के सामने से छितवापुर पुलिस चौकी पहुंचेगी। यहां से विकासदीप, राणा प्रताप चौराहा, वार्लिंगटन चौराहा, बापू भवन चौराहा पहुंचेगी। यहां से विधान सभा के सामने से हजरतगंज चौराहा से बांये अल्का तिराहा, मेफेयर तिराहा, बाल्मीकि तिराहा, डीएम आवास के सामने पहुंचेगी। जहां से डीएम आवास पेट्रोल पम्प के किनारे से मेट्रो पुल के नीचे होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम तिराहे (मैट्रो स्टेशन) से दायें एसबीआई तिराहे के बायें होकर केडी सिंह बाबू स्टेडियम के गेट नंबर- छह से प्रवेश कर समाप्त होगी। डीसीपी ट्रैफिक ह्रदेश कुमार ने बताया सुबह छह बजे से परेड के समापन तक इन रास्तों से डायवर्जन लागू रहेगा।

डीएसओ चौराहा से सिसेंडी तिराहा तक सुबह 8 बजे से कार्यक्रम के समाप्त होने तक आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।महानगर, निशातगंज, संकल्पवाटिका तिराहे से हजरतगंज चौराहा, विधानसभा मार्ग की ओर आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग संकल्प वाटिका तिराहे से बांए बैकुंठधाम, पीएनटी बालू अड्डा, 1090 चौराहा, जियामऊ, गोल्फ क्लब, बन्दरियाबाग, लालबत्ती, एसएन ओवर ब्रिज कैन्ट तय किए गए हैं।

# सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब करने का प्रयास

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

- प्राण प्रतिष्ठा के लिए गैर-समुदाय के युवकों ने किया भड़काऊ पोस्ट
- हिंदू युवा वाहिनी समेत कई संगठनों ने इटौंजा थाने में दर्ज कराई एफआईआर
- पुलिस ने दो को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

**अमृत विचारः** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन गैर-समुदाय से जुड़े युवकों ने सोशल मीडिया के माध्यम से माहौल खराब करने का प्रयास किया। जानकारी मिलते ही कई हिंदू संगठन एकत्र हो गए। संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने तत्काल खुराफातियों के खिलाफ इटौंजा थाने में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग कर प्रदर्शन किया। आनन-फानन पुलिस ने खुराफातियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

सूत्रों की मानें तो इटौंजा क्षेत्र के हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला प्रभारी विमल सिंह परमार, भाजपा जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अतुल मिश्र, अंकुर गुप्ता समेत कई पदाधिकारियों ने इटौंजा थाने में सलमान शेख के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पदाधिकारियों का आरोप है कि प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन खुराफाती ने माहौल खराब करने की कोशिश करते हुए वाट्सएप पर ब्लैक-डे का स्टेट्स अपलोड किया। जिसे भाजपा पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता ने देखा। आरोप है कि सोनिकपुर गांव निवासी अफजल, आरिफ व इटौंजा निवासी मोहसिन एक आंतकी संगठन (पीएफआई) के एजेंट हैं। मामले को संज्ञान में लेते हुए पुलिस सोनिकपुर गांव पहुंची। पुलिसकर्मियों ने पारिवारिक सदस्यों से पूछताछ कर अफजल को हिरासत में लिया है। थाने में उससे पूछताछ की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक मारकंडेय यादव ने बताया कि तहरीर के बाद पुलिस ने सोनिकपुर सलमान शेख और अफजल पर एफआईआर दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### वायरल वीडियो के बाद पकड़े गए आयोजक

हजरतगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नरही निवासी मोहित गुप्ता ने साथी अभिषेक और कुलदीप पाल के साथ मिल कर प्राण-प्रतिष्ठा वाले दिन भंडारे का आयोजन किया था। आरोप है कि चौराहे पर लगाए गए पंडाल में दोपहर के वक्त भड़काऊ गाना बजाया गया। जिसमें आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल हुआ था। सूत्रों की मानें तो नजदीकी बिल्डिंग से किसी शख्स ने आपत्तिजनक गाने पर डांस करते हुए युवकों का वीडियो रिकॉर्ड कर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह के मुताबिक, कार्यक्रम के आयोजक मोहित, अभिषेक और कुलदीप पाल के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है।

# स्पेशल सेल का इस्तेमाल निर्दोष अधिवक्ताओं को परेशान करने के लिए न हो : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

- संपत्तियों पर कब्जा, वादकारियों को धमकाने व अदालती कार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले वकीलों को ही मॉनीटर करे स्पेशल सेल

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वाले वकीलों से सम्बंधित मामलों की सुनवाई करते हुए कहा है कि ऐसे मामलों के लिए बनाई गई पुलिस की स्पेशल सेल व कोर्ट के आदेश का इस्तेमाल निर्दोष वकीलों को परेशान करने के लिए न किया जाए। न्यायालय ने कहा कि हम यह स्पष्ट करते हैं कि स्पेशल सेल सिर्फ उन्हीं मामलों व शिकायतों की निगरानी करे जो संपत्तियों पर अवैध कब्जा करने वाले, वादकारियों अथवा गवाहों को धमकाने वाले तथा अदालती कार्यवाहियों में बाधा उत्पन्न करने वाले वकीलों के विरुद्ध दर्ज करवाई गई हैं।

यह टिप्पणियाँ न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने अनिल कुमार खन्ना समेत वकीलों से सम्बंधित मामलों पर विचाराधीन कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए की हैं। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि हमारी मंशा वकीलों के बीच के अराजक तत्वों की पहचान करना है न कि सभी वकीलों को एक ही नजर से देखना। न्यायालय ने उपरोक्त टिप्पणियाँ करते हुए कहा कि स्पेशल सेल द्वारा वकीलों के ऐसे मामलों की मॉनीटरिंग अथवा विवेचना के दौरान यदि किन्हीं मामलों में उनके साथ किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता सामने आती है तो उसके भूमिका की भी विधिवत जांच होनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं ने भी न्यायालय से कहा कि तेजी से बढ़े लॉ कॉलेज भी दूषित पृष्ठभूमि से आए लोगों के इस पेशे में शामिल हो जाने के कारक हैं। इस पर न्यायालय ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया व बार काउंसिल ऑफ यूपी के अधिवक्ताओं से लखनऊ बेंच के क्षेत्राधिकार में आने वाले जनपदों में स्थापित लॉ कॉलेजों का ब्यौरा तलब किया है।

### जालसाजों ने पूर्व सैन्य कर्मी से ऐंठे 43 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर अपराधियों ने पूर्व सैन्यकर्मी से धोखाधड़ी कर 43 हजार रुपये ऐंठ लिए। तहरीर मिलने पर पीजीआई पुलिस ने साइबर ठगों पर आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। रायबरेली रोड स्थित एल्डिको उद्यान-टू निवासी पूर्व सैन्यकर्मी अतुल कुमार मिश्रा के मोबाइल पर गत 19 जनवरी को एक अनजान नंबर से कॉल आई। फोनकर्ता ने खुद का परिचय हरिओम के रूप में देते हुए कहा कि आपके परिचित का बेटा अस्पताल में भर्ती है। वह ऑनलाइन भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। वह किसी और से आपके खाते में रुपये भेजवा रहे हैं। उसे वापस भेज दें। इतने में उनके मोबाइल पर पैसे आने का मैसेज आ गया। इतने में उन्होंने 43 हजार आठ सौ रुपये बताए खाते में भेज दिए। बाद में पता चला कि उनके खाते में पैसा तो आया ही नहीं है। इंस्पेक्टर पीजीआई के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जालसाजों ने महिला के बैंक खाते से 42 हजार किए पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खाता अपडेट कराने पहुंची पीड़िता तो पता चली जालसाजी

**अमृत विचारः** थाना अंतर्गत कल्याणपुर निवासी शांति कुमार पांडेय ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उन्होंने करीब छह महीने पहले बैंक में बचत खाता खुलवाया था। उन्होंने बैंक में जमा निकासी की जानकारी की मंशा से अपना मोबाइल नंबर भी दर्ज कराया था, लेकिन उनके पास बैंक के मैसेज नहीं आ रहे थे।

वजह जानने वह बैंक पहुंची तब उन्हें पता चला कि उनके खाते से 42 हजार रुपये निकाले गए हैं। उन्होंने रुपये नहीं निकालने की बात कही, अफसरों ने जांच की तो पता चला कि अमित कुमार व शैलेंद्र कुमार नामक युवकों ने उनके खाते से रुपये निकाले हैं। पीड़िता का कहना है कि उसका न तो एटीएम कार्ड है और न ही किसी को ओटीपी आदि बताया है। इसके बाद भी उसके खाते से रुपये कैसे निकाले जा सकते हैं। पीड़िता ने बैंक कर्मियों की मिलीभगत से रुपये निकाले जाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर गुडम्बा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### कायस्थ समाज ने हर्षोल्लास से मनाई सुभाष चंद्र बोस जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमीनाबाद के लाटूश रोड कूल भाष्कर मार्केट में स्थित कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट इस्टेट के कार्यालय पर कायस्थ समाज के लोगों ने मंगलवार शाम नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डॉ सुशिल कुमार सिन्हा,अध्यक्ष सलाहकार समिति वीके श्रीवास्तव, मेंबर इंचार्ज आनंद कुमार श्रीवास्तव व राज श्रीवास्तव समेत संस्था के समस्त पदाधिकारियों एवं कायस्थ समाज के लोगों ने नेता जी के प्रतिमा पर पुष्पगुच्छ अर्पित कर भगवान चित्रगुप्त की प्रार्थना एवं विधिवत आरती के पश्चात नेता जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये आदर्श मार्गों पर चलने का संकल्प लिया।

### छुट्टा गोवंश को बाउंड्री वॉल के अंदर किया बंद



गोवंशों को पकड़कर कान्हा उपवन ले जाती नगर निगम टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर के नटकुर गांव वासियों ने सोमवार को पूरे दिन गांव के आसपास खेतों में फसल बर्बाद कर रहे 16 आवारा गोवंशों को पकड़कर गांव के बाहर खाली पड़े बाउंड्री वॉल युक्त एक प्लाट के अन्दर बंद कर दिया। जहां पूरी रात यह जानवर बिना चारा पानी के अंदर बंद रहे। बाद में ग्रामीणों ने इसकी सूचना नगर निगम विभाग को दी। सूचना के बाद मंगलवार को पहुंची नगर निगम विभाग की कैटिल कैचिंग टीम ने सभी जानवरों को ले जाकर नादरगंज स्थित कान्हा उपवन में छोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यह जानवर आए दिन लोगों के खेतों में खड़ी गेहूं सहित अन्य रवि की फसलों को बर्बाद कर रहे थे।

### सीएचसी की ओपीडी में बिजली सप्लाई रही बाधित

**अमृत विचार, मोहनलालगंज :** सीएचसी मोहनलालगंज में बीते कई दिनों से ओपीडी में बिजली सप्लाई बाधित रही। बिजली ठीक कराने के लिए अधीक्षक ने सीएमओ को पत्र लिखकर जानकारी भी दी। मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज के सीएचसी की बिजली ठीक कराई गई। जानकारी के मुताबिक सीएचसी में लगा मेन स्विच बीते कई दिनों से खराब होने के चलते ओपीडी की बिजली बाधित रही। सीएमओ कार्यालय की ओर से भेजे गए कर्मचारियों ने मंगलवार दोपहर बाद बिजली ठीक की। कार्य के दौरान समूचे सीएचसी में बिजली गुल रही।

### चोरी की कार समेत चार आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** इंस्पेक्टर बंथरा ने बताया कि बिजनौर के सरयू बिहार निवासी ओम प्रकाश पांडेय ने तहरीर दी थी। बताया था कि जसवंत सिंह उनकी ईको कार चलाता था। 21 जनवरी को वह कार में सीएनजी भरवाने गया था। दोपहर तीन बजे उसने ओम प्रकाश को फोन कर बताया कि कार चोरी हो गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार की बरामदगी के प्रयास में जुटी थी। सुरागरसी के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को मवई पडियाना तिराहे से गिरफ्तार किया। जसवंत समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर कार बरामद कर ली गई। पूछताछ में आरोपियों ने कार चोरी का जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों में जसवंत के अलावा, बीरेन्द्र यादव निवासी ग्राम डलौना, थाना मोहनलालगंज, राहुल कुमार निवासी ग्राम सुरैचा, थाना कमलापुर जिला सीतापुर, और छोटू चौरसिया निवासी जोरावरगंज, थाना असोहा जिला उन्नाव शामिल हैं।

### योगी ने की कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के निर्णय की प्रशंसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने के निर्णय की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सम्मान को वंचितों, शोषितों और उपेक्षितों के लिए किए गए उनके योगदान के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया है। योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सामाजिक न्याय के अग्रदूत, जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को (मरणोपरांत) भारत रत्न से विभूषित किए जाने का निर्णय अभिनंदनीय है। सामाजिक न्याय को समृद्ध करता यह निर्णय लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी सच्ची श्रद्धा तथा वंचितों, शोषितों व उपेक्षितों के उन्नयन हेतु उनके योगदानों के प्रति देशवासियों की ओर से समेकित श्रद्धांजलि है।

### रोजगार मेले का जिलों ने नहीं दिया हिसाब

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल विकास मिशन की तरफ से आयोजित रोजगार मेलों का जिलों ने हिसाब नहीं दिया। बराबर पत्राचार के बाद भी खर्च का उपभोग प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। मिशन निदेशक से सभी जिलों को रिमाइंडर कर खर्च का हिसाब मांगा गया है। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत ब्लॉकों पर आयोजित रोजगार मेलों के खर्च का हिसाब नहीं दिया गया है। जबकि आयोजन में खर्च धनराशि का एक सप्ताह में उपभोग प्रमाण पत्र देना होता है। इस संबंध में मिशन की तरफ से बराबर पत्राचार किया गया। इधर, जनवरी का 50 प्रतिशत से अधिक समय बीत चुका है। इस लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए मिशन निदेशक ने सभी जिला समन्वयक को दोबारा पत्र जारी कर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं।

### इंस्टाग्राम आईडी से महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, क्षेत्र के रहने वाले युवक ने प्रिंसिका श्रीवास्तव के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि कुछ माह पूर्व वह चचेरे भाई के संग रहते थे। इस दौरान उनकी दोस्ती प्रिंसिका श्रीवास्तव से हुई। प्रिंसिका उनके भाई की दोस्त है। जिस वजह से महिला का उनके घर आना जाना था। अगस्त 2023 में प्रिंसिका से झगड़ा हो गया था। इसके बाद महिला उनके घर पहुंची और गाली-गलौज करने लगी। पीड़ित के विरोध करने पर प्रिंसिका उनकी पत्नी को बदनाम करने की धमकी देकर वहां से चली गई। आरोप है कि गत 21 जनवरी को प्रिंसिका ने इंस्टाग्राम पर आईडी एक आईडी बनाई। इसके बाद महिला ने उनकी पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

# खोदाई के लिए बंधी रस्सी में फंसकर रेलवे कर्मी की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आशियाना थानाक्षेत्र अन्तर्गत खजाना मार्केट के समीप हुई दुर्घटना
- परिजन ने जल निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार :** आशियाना थानाक्षेत्र अन्तर्गत खजाना मार्केट के समीप मंगलवार को सीवर खोदाई के लिए जल निगम की तरफ से बांधी गई रस्सी में फंसकर रेलवे कर्मी रोहित सिंह (39) गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मौजूद पटरी दुकानदारों ने तत्काल रेलवे कर्मी को लोकबन्धु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने परिजन को हादसे की सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, रेलवे कॉलोनी चारबाग निवासी रोहित सिंह लोको वर्कशॉप में कार्यरत थे। इसके अलावा वह उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन की वर्कशॉप ब्रांच के कोषाध्यक्ष थे। वह सपरिवार रेलवे की जस्टकैंप कॉलोनी में रहते थे। परिजन ने बताया कि मंगलवार सुबह रोहित बाइक से कार्यालय गए थे। आशियाना निवासी बहन शांति सिंह के छोटे बेटे की शादी के कार्ड बांटने को लेकर दोपहर में रोहित उन्हीं के घर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो खजाना मार्केट से कुछ ही दूरी पर जल निगम ने रस्सी बांधकर एक तरफ से रास्ता बंद कर रखा था। वहां जैसे रोहित बाइक से पहुंचे तो वो रस्सी नहीं देख सके और उसमें फंसकर गिर गए। हेलमेट छिटक कर दूर गिरने से सिर में गंभीर रूप से चोट लग गई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रेलवे कर्मी के परिवार में पत्नी ज्योति के अलावा दो बेटे और बुजुर्ग माता-पिता हैं।

### परिवार ने की जांच की मांग

चचेरे भाई अजय ने बताया कि सरकारी विभाग की तरफ से जो लापरवाही बरती गई है। बिल्कुल गलत है। जिस कर्मचारी की लापरवाही है। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजन की तरफ से लिखित शिकायत नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी को कार ने मारी टक्कर

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रानीखेड़ा गांव के पास तेज रफ्तार कार सवार ने मंगलवार सुबह करीब 11 बजे सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी किशोर यादव की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर कार एक खड्ड में पलट गई। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि रेलवे कर्मी को टक्कर मारने वाली कार के मालिक और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका हिंडोला थानाक्षेत्र अन्तर्गत मातादीन का हाता निवासी निशा की शादी वर्ष 2022 में लालकुआं के दीपक कश्यप के साथ हुई थी। भाई देवेन्द्र का आरोप है कि ससुराल में अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित किया जाता था। पीड़ित ने बताया कि सास छोटे बेटे के संग मिलकर बहन को मानसिक रूप से परेशान करती थी। एक माह पूर्व दीपक ने चाय का स्टॉल लगाने के लिए 20 हजार रुपये लिए थे। हालांकि, दुकान खोलने के 10 दिन बाद ही दीपक ने दुकान बंदकर दी। इसके बाद नया काम शुरू करने के लिए वह बहन से रुपये की मांग कर रहा था। रविवार को निशा और दीपक के बीच विवाद हुआ था। सोमवार को घर में पूजा थी। बुलाने के बाद भी निशा मायके नहीं आई। शाम को मां प्रसाद लेकर उसके कमरे पर पहुंची तो निशा कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी के फंदे के सहारे लटकी हुई थी।

**बुरा हाल** | लकड़ी माफिया के खिलाफ वन विभाग ने कसा शिकंजा

# प्रतिबंधित पेड़ों पर चलाया आरा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** वन विभाग ने अवैध रूप से 27 आम के पेड़ काटने वाले के खिलाफ रहीमाबाद थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। यह रिपोर्ट लकड़ी माफिया के विरुद्ध उच्च अधिकारियों की फटकार के बाद दर्ज कराई गई है।

मलिहाबाद वन रेंज के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में कमालुद्दीन नगर गांव के पीछे हरे-भरे आम के बाग में बीते सोमवार को लकड़ी माफियाओं ने अवैध रूप से 27 पेड़ों को काट डाला। अवैध रूप से काटे गए पेड़ों की शिकायत ग्रामीणों ने क्षेत्र के संबंधित कर्मचारियों अधिकारियों को दी थी लेकिन कोई कार्रवाई न होता देख उन्होंने अवैध कटान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही अवैध कटान पर उच्च अधिकारियों ने संज्ञान ले लिया। उच्च अधिकारियों की फटकार के बाद क्षेत्र के अधिकारियों, कर्मचारियों ने रहीमाबाद थाने पर मंगलवार को तहरीर देकर माल थाना क्षेत्र के रहने वाले लकड़ी माफिया कमलेश तथा राजकुमार पर अवैध रूप से 27 पेड़ काटने का मामला दर्ज कराया। बता दें कि क्षेत्र में लगातार अवैध रूप से हरे-भरे पेड़ों को काटा जाता है। कार्रवाई के बाद भी यह अवैध कटान बंद नहीं हो रही है जिससे फल पट्टी क्षेत्र मलिहाबाद की हरियाली खतरे में नजर आ रही है।



मलिहाबाद क्षेत्र में काटे गये हरे आम के पेड़। अमृत विचार

# नर्सिंग व पैरामेडिकल छात्र छात्राओं के प्रपत्रों में त्रुटियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

## अंतिम मौका

- स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने 31 जनवरी तक दिया मौका
- सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को रोल नंबर समेत छात्र-छात्राओं के नाम प्रेषित किए

**अमृत विचार :** नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों द्वारा छात्र-छात्राओं के स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए प्रपत्रों में त्रुटियां मिली हैं। इन त्रुटियों को सुधारने के लिए 31 जनवरी तक अंतिम मौका दिया गया है। इसके लिए स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने सभी कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को रोल नंबर समेत छात्र-छात्राओं के नाम प्रेषित किए हैं। नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों में नर्सिंग व पैरामेडिकल पाठ्यक्रम की परीक्षाओं की सुचिता बनाए रखने के लिए स्टेट मेडिकल फैक्ल्टी ने इंरोल्ड छात्र-छात्राओं के शैक्षिक प्रपत्रों को वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए अगस्त 2023 में निर्देश दिए थे। इसके बाद कॉलेजों ने प्रपत्र लोड किए, तमाम कॉलेजों में दर्जनों छात्रों के प्रपत्रों में त्रुटियां मिली, त्रुटियां संशोधित न होने की दशा में इंरोल्ड छात्रों के वार्षिक परीक्षा में शामिल होने पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

## एक नजर

### बिजली बिल वसूलने के लिए जल्द चलेगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** ओटीएस योजना के खत्म होने के बाद बकायेदारों से बिल वसूलने के लिए पावर कारपोरेशन जल्द ही अभियान चलायेगा। एक फरवरी से बकाये बिलों की वसूली के लिए विभाग ने अभियान चलाने का फैसला किया है। पहले उपभोक्ताओं को बिलों के समायोजन के लिए कहा जायेगा।फिर भी अगर उपभोक्ता बिल की अदायगी नही करता है, तो उसके बिजली कनेक्शन को काट दिया जायेगा। यह जानकारी मुख्य अभियता ट्रांसगोमती सुनील कपूर ने दी।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा इलाके के हिमानी खेड़ा निवासी विनय कुमार (40) पुताई का काम करता था। शनिवार को घर लौटते समय बंथरा–मोहनलालगंज रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया था। जहां मंगलवार देर शाम उसकी मौत हो गई।

### चार निरीक्षक और 137 उप निरीक्षकों का तबादला

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के पुलिस महकमा में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने चार निरीक्षक और 137 उप निरीक्षकों का तबादला किया गया है। इस फेर बदल में पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक सच्चिदानंद दिवाकर को पश्चिमी जोन, नीलम पांडेय को पुलिस लाइन से मध्य जोन भेजा गया है। इसी तरह पुलिस लाइन में तैनात सतीश चंद्र को पूर्वी जोन और प्रदीप यादव को दक्षिणी जोन में भेजा गया है। इसके अलावा शहर के पांचों जोन से 137 उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया गया है।

### ट्रांसपोर्टर के मकान से 10.80 लाख की चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर थाना प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, मूलरूप से प्रतापगढ़ के लालगंज थानाक्षेत्र निवासी ट्रांसपोर्टर इस्तखार अहमद औरंगाबाद के रॉयल सिटी में किराए के मकान में रहते हैं। रविवार को वह सपरिवार अपने पैतृक गांव बेहलोलपुर गए हुए थे। मंगलवार देर शाम वापस घर लौटे तब उन्हें घर मे हुई चोरी की जानकारी हुई। बताया कि चोरों ने मकान का ताला तोड़ अलमारी में रखी 10 लाख की ज्वैलरी समेत 80 हजार की नकदी पार कर दी।

# मिलकर करें काम तभी शत प्रतिशत युवाओं का मतदाता सूची में होगा नाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **पिछली बार जिन्होंने नहीं किया मतदान वे इस बार निकलें घर के बाहर : जिलाधिकारी**

**अमृत विचार:** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि मतदाता बनने से वंचित रह गए 18-19 आयु वर्ग के युवा आयोग की वेबसाइट और वोटर हेल्पलाइन एप पर फार्म छह भरकर आवेदन कर सकते हैं। सभी लोग जब मिलकर काम करेंगे तभी शत प्रतिशत युवाओं का नाम वोटर लिस्ट में आ सकता है।

आगामी लोकसभा चुनाव के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चौदहवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के तहत वॉकथॉन और पतंगबाजी प्रतियोगिता आयोजित की गई। रिणवा ने इसकी शुरुआत करते हुए कहा कि 25 जनवरी करो पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने के साथ मतदान का महत्व बताया जाता है। रिणवा ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि हमें अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। इस दौरान अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनय पाठक, स्टेट आइकॉन सुधा सिंह, सीडीओ अजय जैन, एडीएम प्रशासन शुभी सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश सिंह, स्टेट कोऑर्डिनेटर मंजू सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अभय किशोर, विभिन्न क्लबों, लायन्स क्लब, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और हजारों की संख्या में विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### डीएम ने उड़ाई पतंग

जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम सूर्य पाल गंगवार ने बच्चों का उत्साह बता रहा है कि 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस बहुत ही उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने पतंग उड़ाकर लोगों को उत्साह बढ़ाया और कहा कि मतदान को लेकर युवा युवा अपने आस–पड़ोस के सभी मतदाताओं को जागरूक करें।

# ऊर्जा निगमों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जाए सभी का एकीकरण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **अभियंता संघ ने मनाया एकात्म दिवस**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ के तत्वावधान में मंगलवार को हाइडिल फील्ड हॉस्टल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती व अभियंता एकात्म दिवस मनाया गया। प्रदेश भर के अभियंताओं ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कार्यक्रम में जुड़कर ऊर्जा निगमों को आत्मनिर्भर बनाने व बेहतर उपभोक्ता सेवा उपलब्ध करने का संकल्प लिया, साथ ही सभी ऊर्जा निगमों का एकीकरण किये जाने की मांग की। इसके अलावा मार्च 2023 के आंदोलन के दौरान की गई सभी कार्रवाई को शीघ्र समाप्त किये जाने की मांग की गई।

इस अवसर पर आयोजित सभा को ऑल इंडिया पावर इंजीनियर फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने संबोधित किया। अभियंता संघ के अध्यक्ष राजीव सिंह व महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर ने एकता बनाये रखने, आत्मनिर्भर ऊर्जा निगम बनाने, विद्युत व्यवस्था में सुधार व बेहतर उपभोक्ता सेवा के लिए सुझाव दिया। सभा में रणवीर सिंह, आलोक कुमार श्रीवास्तव, रविकांत यादव, अजय द्विवेदी, सौरभ सिंह यादव, देवेंद्र बहादुर सिसोदिया, विजय तिवारी, गौरव ओझा, राहुल सिंह, हरीश अवस्थी, सौरभ, शिवनाथ समेत काफी संख्या में अभियंता उपस्थित रहे।

# चने चबा सकते हैं नकली दांत, सुंदरता भी बढ़ेगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **केजीएमयू में आयोजित हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने नई तकनीक के बारे में दी जानकारी**

**अमृत विचार:** जिन लोगों के दांत नहीं हैं और साथ ही कैंसर, दुर्घटना या फिर किसी अन्य वजह से जबड़े की हड्डी खो चुके हैं। ऐसे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में प्रोस्थोडॉटिक्स विभाग के डॉक्टरों ने टेरीग्वॉड एंड जाइगोमेटिक इंप्लांट और उसको लगाने की तकनीक मंगलवार को साझा की है। इस दौरान विभाग में एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरों ने इस इंप्लांट को लगाने का तरीका भी सिखाया है। इस इंप्लांट के जरिये महज एक सप्ताह में फिक्स दांत लगाये जा सकेंगे। जिसका प्रयोग असली दांतों की तरह व्यक्ति कर सकेगा यानी की नकली दांत से भी चने खा सकेगा। साथ ही चेहरे की खूबसूरती भी बढ़ाने में सहायक होंगे। केजीएमयू के प्रोस्थोडॉटिक्स विभाग और इंडियन डेंटल एसोसिएशन की लखनऊ शाखा के सहयोग से आयोजित कार्यशाला में हिमाचल डेंटल कॉलेज के प्रो. दिव्य मल्होत्रा ने बताया कि ऊपरी जबड़ें की हड्डी जब गल जाती है। ऐसे में वहां पर इंप्लांट और दांत लगाने के लिए हड्डी नहीं होती है, तो वहां पर टेरीग्वॉड एंड जाइगोमेटिक इंप्लांट करना बेहतर होता है। इसमें जबड़े के ऊपरी टेरीग्वॉड बोन में इंप्लांट डाल कर फिक्स दांत लगा सकते हैं। जिनके बिलकुल भी दांत नहीं है। उनके भी दांत लग सकते हैं। यह प्रक्रिया बत्तीसी लगाने से बेहतर होती है। दांतों की कार्यक्षमता 80 फीसदी तक बेहतर होती है। इसमें शुगर के मरीजों को भी स्थाई दांत लगाए जा सकते हैं।

### सामान्य जीवन जीने लगता है मरीज

केजीएमयू में प्रोस्थोडॉटिक्स विभाग के एचओडी प्रो. पूरन चंद ने बताया कि इस तकनीक का उपयोग हम विषम परिस्थितियों में करते हैं। कई बार कैंसर, दुर्घटना या फिर सर्जरी की वजह से ऊपरी जबड़े में हड्डी खत्म हो जाती है तो फिक्स दांत लगाने में दिक्कत होती है। मरीज को फिक्स दांत टेरीग्वॉड एंड जाइगोमेटिक इंप्लांट के जरिए लगाते हैं। प्रो. कमलेश्वर सिंह ने बताया कि (मैक्सिलरी) हड्डी जहां पर कम होती है, वहां पर नार्मल इंप्लांट डालना आसान नहीं होता है। आम तौर पर इंप्लांट लगाने के लिए आर्टीफिशियल बोन डाली जाती है। इस प्रक्रिया से इलाज महंगा हो जाता है।

### क्षय रोग से मुक्त किए जाएंगे राजधानी के गांव

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के गांव क्षय रोग से मुक्त किए जाएंगे। इसके लिए पंचायती राज के साथ स्वास्थ्य विभाग कर्नाटक की तर्ज पर ग्राम पंचायत अमृत आरोग्य अभियान के तहत काम करेगा। इसके लिए दोनों विभाग एक संस्था के साथ कर्नाटक के मैसूर से गांव को क्षय रोग मुक्त करने का खास प्रशिक्षण पाकर आए हैं। अब इसी तर्ज पर 45 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। विभाग चार बिंदुओं पर विशेष तौर पर काम करेंगे। गांवों में शिविर लगाकर ऐसे मरीज चिह्नित करेंगे। एक हजार की आबादी पर कम से कम 30 लोगों की जांच की जाएगी। गांव में जांच करने के लिए ग्राम पंचायत को किट दी जाएगी। उन परिवारों से घर–घर संपर्क किया जाएगा जहां क्षय रोग के मरीज हैं। इसकी नियमित मॉनीटरिंग की जाएगी। टीम आसपास के लोगों से संपर्क कर इस तरह के लक्षण वाले रोगियों की जानकारी करेगी। इस अभियान के अलावा विभाग 12 गांव में पहले से अभियान चला रहा है। इनमें बीकेटी और माल ब्लॉक के गांव शामिल हैं। जो क्षय रोग से मुक्त हो गए हैं। सिर्फ नामों की इसी माह घोषणा की जानी है। इसी तरह 17 गांवों में भी अभियान चल रहा है। यह गांव भी जल्द क्षय रोग मुक्त करने की कवायद चल रही है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज

पत्रांक– 1361/न0पा0प0छि0/ई–टेण्डर/निर्माण/2023–24 दिनांक– 23 जनवरी 2024

**(ई–निविदा सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वाँ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान की द्वितीय किस्त से विकास कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये विवरण के अनुसार www.etender.up.nic.in द्वारा निविदायें आमन्त्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइड तथा पालिका की वेबसाइड www.nppchhibramau.in पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्रसं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 24.01.2024, 05:00 PM से | 40 लाख से कम आगणन की धनराशि वाले कार्यो की अन्तिम दिनांक 13.02.2024, 4:00 PM तक तथा 40 लाख से अधिक के कार्य की अन्तिम दिनांक 22.02.2024 4:00 PM तक होगी। |
| 2 | Tender Download | 24.01.2024, 05:00 PM से | |
| 3 | Bid Submission | 24.01.2024, 05:00 PM से | |
| 4 | Close for Bid | – | |
| 5 | Technical Bid Opening | 40 लाख से कम आगणन की धनराशि वाले कार्यो की खोलने की दिनांक 13.02.2024, 4:30 PM तक तथा 40 लाख से अधिक के कार्य की अन्तिम दिनांक–22.02.2024 4:30 PM तक होगी। | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा.प. छिबरामऊ**
**जनपद– कन्नौज।**

**अध्यक्ष**
**न.पा.प. छिबरामऊ**
**जनपद–कन्नौज।**

## कार्यालय सहायक श्रमायुक्त, बहराइच।

### अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम सिसवा, तहसील मनकापुर, जनपद–गोण्डा

पत्रांक :– 39/भ0नि0बो0–अ0आ0वि0/24 दिनांक : 23.01.2024

**विज्ञप्ति**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य रान्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय, ग्राम सिसवा, तहसील मनकापुर, जनपद–गोण्डा में जनपद बहराइच के उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों तथा कोविड–19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत पात्र बच्चों हेतु शैक्षिक सत्र–2024–25 के लिए कक्षा–06 में उपलब्ध कुल–140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकायें) व कक्षा–09 में उपलब्ध कुल 140 सीट (70 बालक एवं 70 बालिकायें) पर अटल आवासीय विद्यालय गोण्डा में प्रवेश हेतु ऑफलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। **आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक नि:शुल्क श्रम विभाग कार्यालय/जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं।** पूर्ण भरे हुए आवेदन पत्र समस्त वांछित अभिलेखों एवं तीन अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो के साथ **दिनांक 02.02.2024 (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि)** की सायं 05:00 बजे तक श्रम विभाग कार्यालय बहराइच में जमा कराये जा सकते हैं। **प्रवेश परीक्षा का आयोजन दिनांक 25.02.2024** को कक्षा–06 के लिए पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक तथा कक्षा–09 के लिए पूर्वान्ह 11:00 बजे से अपरान्ह 01:30 बजे निर्धारित किया गया है। दिव्यांग छात्रों के लिए अतिरिक्त 40 मिनट दिये जायेंगे।

| क्र0सं0 | पात्रता | विशेषताएं |
|---|---|---|
| 1. | अद्यतन नवीनीकृत निर्माण श्रमिक जो दिनांक 31.12.2023 को कम से कम तीन वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुका हो। | 1. सभी आधुनिक सुविधाओं युक्त सहशैक्षणिक आवासीय विद्यालय<br>2. बालक/बालिकाओं के लिए पृथक–पृथक छात्रावास<br>3. नि:शुल्क गुणवत्तापरक शिक्षा, भोजन व छात्रावास की व्यवस्था<br>4. बालक / बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेल एवं अन्य गतिविधियों का प्रोत्साहन कराना।<br>5. बालक/बालिकाओं के लिए सीट का अनुपात 50:50 अर्थात् बराबर। |
| 2. | कोविड–19 से अनाथ हुए बच्चे जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना हेतु पात्र बच्चे। | |
| 3. | कक्षा–06 के प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि दिनांक–01.05.2012 से पहले तथा दिनांक 31.07.2014 के बाद की नहीं होनी चाहिए। | |
| 4. | कक्षा–09 के प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की जन्मतिथि दिनांक–01.05.2009 से पहले तथा दिनांक 31.07.2011 के बाद की नहीं होनी चाहिए। | **आवश्यक अभिलेख**<br>1:– निर्माण श्रमिक होने की दशा में अद्यतन नवीनकृत निर्माण श्रमिक कार्ड।<br>2:– अनाथ होने की दशा में माता व पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र।<br>3:– अभ्यर्थी के जन्म प्रमाण पत्र की प्रति।<br>4:– अभ्यर्थी के आधार कार्ड की प्रति।<br>5:– जाति प्रमाण पत्र के प्रति।<br>6:– तीन पासपोर्ट साइज फोटो। |
| 5. | कक्षा–06 एवं कक्षा–09 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी क्रमशः कक्षा–05 तथा कक्षा–08 में अध्ययनरत रहते हुए उत्तीर्ण हो चुका हो। | |
| 6. | प्रति परिवार अधिकतम दो बच्चे ही पात्र होंगे। | |
| 7. | सभी वर्गो के लिए आरक्षण नियमानुसार देय होगा। | |

1. प्रवेश परीक्षा जनपद बहराइच में सम्पन्न होगी। प्रवेश परीक्षा का स्थान प्रवेश पत्र के माध्यम से अवगत कराया जायेगा।
2. प्रवेश पत्र परीक्षा दिनांक से एक सप्ताह पूर्व श्रम विभाग कार्यालय/पंजीकृत डाक से अभ्यर्थियों को उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

परीक्षा की अवधि 02 घंटे होगी। कक्षा 06 हेतु प्रश्नपत्र प्रणाली 01 के अनुसार तथा कक्षा 09 हेतु प्रश्नपत्र प्रणाली 02 के अनुसार होगें।

प्रणाली 01 कक्षा 06 हेतु –

| टेस्ट का प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|
| मानसिक क्षमता परीक्षण | 40 | 50 | 60 मिनट |
| अंक गणित परीक्षण | 20 | 25 | 30 मिनट |
| भाषा परीक्षण | 20 | 25 | 30 मिनट |
| योग | 80 | 100 | 2 घण्टे |

प्रणाली 02 कक्षा 09 हेतु–

| क्र0 | टेस्ट का प्रकार | अंक |
|---|---|---|
| 01. | अंग्रेजी | 15 |
| 02. | हिन्दी | 15 |
| 03. | गणित | 35 |
| 04. | विज्ञान | 35 |
| | कुल | 100 |

विद्यालय में प्रवेश पूर्ण रूप से मेरिट के आधार पर किया जायेगा तथा किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में जिलाधिकारी बहराइच का निर्णय मान्य होगा। किसी प्रकार की सहायता एवं जानकारी हेतु दूरभाष नं0– 9454000577 अथवा श्रम कार्यालय छावनी चौराहा बहराइच जाकर सम्पर्क कर सकते हैं।

**सहायक श्रम आयुक्त**
**बहराइच।**

**मुख्य विकास अधिकारी**
**बहराइच।**

## कार्यालय–नगर पालिका परिषद जलालपुर जनपद– अम्बेडकरनगर

पत्रांक: 7957/न0पा0प0ज0/ समरमेबुल अधि0 / 2023–24 दिनांक 18–01–2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा पालिका निधि से पेय जल आभाव ग्रस्त क्षेत्रों में समरसेबुल पम्प की स्थापना एवं तत्सम्बन्धी कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनाक 25–01–2024 को आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायं 04 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष, सक्षम अधिकारी द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र दिनांक 24–01–2024 को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर से नगद भुगतान पर प्राप्त किया जा सकता है।

**कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत है–**

**15 वां वित्त आयोग मद–**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि (जी0एस0टी0 + सेस) सहित | धरोहर राशि | निविदा मूल्य+ 18 प्रतिशत जी0 एस0 टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मो0 जाफराबाद में जी0जी0आई0सी0 रोड पर हाजी मो0 रजा के मकान के सामने समरसेबुल पम्प की स्थापना एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 2.34,000.00 | 5,000.00 | 400.00 | 15 दिन |
| 2 | मो0 छाछू में सुनील के मकान के सामने समरसेबुल पम्प की स्थापना एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 2,34,000.00 | 5,000.00 | 400.00 | 15 दिन |
| 3 | मो0 उसमापुर में बुद्ध के मकान के सामने समरसेबुल पम्प की स्थापना एव तत्सम्बन्धी कार्य | 2,34,000.00 | 5,000.00 | 400.00 | 15 दिन |
| 4 | मो0 दलालटोला में कारी जमील के मकान के सामने समरसेबुल पम्प की स्थापना एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 2,34,000.00 | 5,000.00 | 400.00 | 15 दिन |
| 5 | मो0 जाफराबाद में हाजी शमशुल हसन के मकान के सामने चौहट्टा में समरसेबुल पम्प की स्थापना एवं तत्सम्बन्धी कार्य | 2,34,000.00 | 5,000.00 | 400.00 | 15 दिन |

1. सशर्त निविदा मान्य नही होगा।
2. निविदा के साथ 100 रूपया का स्टाम्प संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।
4. जमानत धनराशि 02 प्रतिशत मान्य होगी जो एफ0 डी0 आर0 अथवा एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद जलालपुर जनपद अम्बेडकर नगर के पदनाम से बन्धक होगा, अथवा उक्त धनराशि पालिका फण्ड के खाते में नकद जमा किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नवत है–

| बैंक का नाम | खाता संख्या | आई0एफ0 एस0 सी0 |
|---|---|---|
| एच0डी0एफ0सी0 बैंक जलालपुर | 50100022222784 | HDFC00026544 |

विशेष जानकारी किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय नगर पालिका परिषद जलालपुर में की जा सकती है।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**जलालपुर, अम्बेडकरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**जलालपुर, अम्बेडकरनगर**

यथा चित्तं तथा वाचो यथा वाचस्तथा क्रियाः।
चित्ते वाचि क्रियायांच साधुनामेक्रूपता।।

साधु यानी अच्छे व्यक्ति के मन में जो होता है, वो वही बात करता है। वचन में जो होता है यानी जैसा बोलता है, वैसा ही करता है। इनके मन, वचन और कर्म में हमेशा ही एकरूपता व समानता होती है। इसी को अच्छे व्यक्ति की पहचान माना जाता है।

## संपादकीय

# भरोसे लायक नहीं चीन

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन अपनी उपस्थिति और ताकत लगातार बढ़ा रहा है। भारत, उसके सहयोगियों और चीन के बीच नौसैनिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ रही है। नवंबर में एक पनडुब्बी सहित पांच चीनी नौसैनिक जहाजों ने पाकिस्तान के तट पर संयुक्त अभ्यास में भाग लिया था। दिसंबर के मध्य में एक भारतीय नौसैनिक जहाज ने फिलीपींस नौसेना के साथ अभ्यास में भाग लिया। फिलीपींस का दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ नियमित गतिरोध चल रहा है। इस बीच चीन के एक अनुसंधान जहाज के मालदीव में उतरने की संभावना जताई जा रही है। यह जहाज अगले चार महीनों तक अरब सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में रह सकता है। ऐसा माना जाता है कि अनुसंधान जहाज पानी के नीचे की संरचनाओं का मानचित्रण कर रहा है और महासागरों के इस हिस्से में भारतीय नौसैनिक गतिविधि पर भी नजर रख रहा है। ध्यान रहे चीन का विशेष जहाज, जियांग यांग होंग 3 भारत के आसपास के जल क्षेत्र में पहले भी दो लंबी यात्राएं कर चुका है। ऐसे जहाजों का प्राथमिक उद्देश्य निश्चित रूप से सैन्य लक्ष्यों से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जब भारत पहले से ही मालदीव में राजनयिक विरोधाभासों का सामना कर रहा है, चीन की यह कार्रवाई चिंता पैदा करती है। कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्रों पर उठे सवाल के बाद मुस्लिम बहुल देश मालदीव को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में है। पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कंपाला में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में अपने मालदीव समकक्ष मूसा ज़मीर के साथ बातचीत की थी। कहा जाता है कि ज़मीर ने मालदीव की मांग दोहराई कि भारत को अपने 87 सैन्य कर्मियों को वापस बुला लेना चाहिए। हालांकि इसकी संभावना कम ही है कि भारत इस तरह की वापसी के लिए तैयार होगा।

गौरतलब है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 10 जनवरी को बीजिंग में एक स्वागत समारोह में शामिल हुए। इसके बाद मुइज़्ज़ू ने बयान दिया कि हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है। उसका इशारा भारत की ओर था। यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिए कभी भी खतरा नहीं बन सकता परंतु चीन नजदीकी जताकर उसे भारत से उलझने के लिए उकसा रहा है। भारत के पड़ोसी छोटे देशों को चीन आर्थिक मदद के जरिये प्रभावित करता है। चीन का किसी भी देश में अपना दखल व उपस्थिति बढ़ाने का यह चिर-परिचित व आजमाया हुआ नुस्खा है। भारत को इससे सतर्क रहना होगा।

# पिछड़े-वंचितों की सशक्त आवाज थे जननायक कर्पूरी ठाकुर



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं।



100 वीं जंयती पर

हमारे जीवन पर कई लोगों के व्यक्तित्व का प्रभाव रहता है। जिन लोगों से हम मिलते हैं, हम जिनके संपर्क में रहते हैं, उनकी बातों का प्रभाव पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जिनके बारे में सुनकर ही आप उनसे प्रभावित हो जाते हैं। मेरे लिए ऐसे ही रहे हैं जननायक कर्पूरी ठाकुर।

आज कर्पूरी बाबू की 100वीं जन्म-जयंती है। मुझे कर्पूरी जी से कभी मिलने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन उनके साथ बेहद करीब से काम करने वाले कैलाशपति मिश्र जी से मैंने उनके बारे में बहुत कुछ सुना है। सामाजिक न्याय के लिए कर्पूरी बाबू ने जो प्रयास किए, उससे करोड़ों लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव आया। उनका संबंध नाई समाज, यानि समाज के अति पिछड़े वर्ग से था। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए उन्होंने कई उपलब्धियों को हासिल किया और जीवनभर समाज के उत्थान के लिए काम करते रहे।

जननायक कर्पूरी ठाकुर जी का पूरा जीवन सादगी और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। वे अपनी अंतिम सांस तक सरल जीवनशैली और विनम्र स्वभाव के चलते आम लोगों से गहराई से जुड़े रहे। उनसे जुड़े ऐसे कई किस्से हैं, जो उनकी सादगी की मिसाल हैं। उनके साथ काम करने वाले लोग याद करते हैं कि कैसे वे इस बात पर जोर देते थे कि उनके किसी भी व्यक्तिगत कार्य में सरकार का एक पैसा भी इस्तेमाल ना हो। ऐसा ही एक वाकया बिहार में उनके सीएम रहने के दौरान हुआ। तब राज्य के नेताओं के लिए एक कॉलोनी बनाने का निर्णय हुआ था, लेकिन उन्होंने अपने लिए कोई जमीन नहीं ली। जब भी उनसे पूछा जाता कि आप जमीन क्यों नहीं ले रहे हैं, तो वे बस विनम्रता से हाथ जोड़ लेते। 1988 में जब उनका निधन हुआ तो कई नेता श्रद्धांजलि देने उनके गांव गए। कर्पूरी जी के घर की हालत देखकर उनकी आंखों में आंसू आ गए कि इतने ऊंचे पद पर रहे व्यक्ति का घर इतना साधारण कैसे हो सकता है!

कर्पूरी बाबू की सादगी का एक और लोकप्रिय किस्सा 1977 का है, जब वे बिहार के सीएम बने थे। तब केंद्र और बिहार में जनता सरकार सत्ता में थी। उस समय जनता पार्टी के नेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण यानि जेपी के जन्मदिन के लिए कई नेता पटना में इकट्ठा हुए। उसमें शामिल मुख्यमंत्री कर्पूरी बाबू का कुर्ता फटा हुआ था। ऐसे में चंद्रशेखर जी ने अपने अनूठे अंदाज में लोगों से कुछ पैसे दान करने की अपील की, ताकि कर्पूरी जी नया कुर्ता खरीद सकें। लेकिन कर्पूरी जी तो कर्पूरी जी थे। उन्होंने इसमें भी एक मिसाल कायम कर दी। उन्होंने पैसा तो स्वीकार कर लिया, लेकिन उसे मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर दिया।

सामाजिक न्याय तो जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के मन में रचा-बसा था। उनके राजनीतिक जीवन को एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रयासों के लिए जाना जाता है, जहां सभी लोगों तक संसाधनों का समान रूप से वितरण हो और सामाजिक हैसियत की परवाह किए बिना उन्हें अवसरों का लाभ मिले। उनके प्रयासों का उद्देश्य भारतीय समाज में पैठ बना चुकी कई असमानताओं को दूर करना भी था।

अपने आदर्शों के लिए कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिबद्धता ऐसी थी कि उस कालखंड में भी जब सब ओर कांग्रेस का राज था, उन्होंने कांग्रेस विरोधी लाइन पर चलने का फैसला किया। क्योंकि उन्हें काफी पहले ही इस बात का अंदाजा हो गया था कि कांग्रेस अपने बुनियादी सिद्धांतों से भटक गई है।

कर्पूरी ठाकुर जी की चुनावी यात्रा 1950 के दशक के प्रारंभिक वर्षों में शुरू हुई और यहीं से वे राज्य के सदन में एक ताकतवर नेता के रूप में उभरे। वे श्रमिक वर्ग, मजदूर, छोटे किसानों और युवाओं के संघर्ष की सशक्त आवाज बने। शिक्षा एक ऐसा विषय था, जो कर्पूरी जी के हृदय के सबसे करीब था। उन्होंने अपने पूरे राजनीतिक जीवन में गरीबों को शिक्षा मुहैया कराने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। वे स्थानीय भाषाओं में शिक्षा देने के बहुत बड़े पैरोकार थे, ताकि गांवों और छोटे शहरों के लोग भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करें और सफलता की सीढ़ियां चढ़ें। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए भी कई अहम कदम उठाए।

प्रजातंत्र, बहस और डिस्कसन तो कर्पूरी जी के व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा था। लोकतंत्र के लिए उनका समर्पण भाव, भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ही दिख गया था, जिसमें उन्होंने अपने-आप को झोंक दिया। उन्होंने देश पर जबरन थोपे गए आपातकाल का भी पुरजोर विरोध किया था। जेपी, डॉ. लोहिया और चरण सिंह जी जैसी विभूतियां भी उनसे काफी प्रभावित हुई थीं।

समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर जी ने एक ठोस कार्य योजना बनाई थी। यह सही तरीके से आगे बढ़े, इसके लिए पूरा एक तंत्र तैयार किया था। यह उनके सबसे प्रमुख योगदानों में से एक है। उन्हें उम्मीद थी कि एक ना एक दिन इन वर्गों को भी वो प्रतिनिधित्व और अवसर जरूर दिए जाएंगे, जिनके वे हकदार थे। हालांकि उनके इस कदम का काफी विरोध हुआ, लेकिन वे किसी भी दबाव के आगे झुके नहीं। उनके नेतृत्व में ऐसी नीतियों को लागू किया गया, जिनसे एक ऐसे समावेशी समाज की मजबूत नींव पड़ी, जहां किसी के जन्म से उसके भाग्य का निर्धारण नहीं होता हो। वे समाज के सबसे पिछड़े वर्ग से थे, लेकिन काम उन्होंने सभी वर्गों के लिए किया। उनमें किसी के प्रति रत्तीभर भी कड़वाहट नहीं थी और यही तो उन्हें महानता की श्रेणी में ले आता है।

हमारी सरकार निरंतर जननायक कर्पूरी ठाकुर जी से प्रेरणा लेते हुए काम कर रही है। यह हमारी नीतियों और योजनाओं में भी दिखाई देता है, जिससे देश भर में सकारात्मक बदलाव आया है। भारतीय राजनीति की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही थी कि कर्पूरी जी जैसे कुछ नेताओं को छोड़कर सामाजिक न्याय की बात बस एक राजनीतिक नारा बनकर रह गई थी। कर्पूरी जी के विजन से प्रेरित होकर हमने इसे एक प्रभावी गवर्नेंस मॉडल के रूप में लागू किया। मैं विश्वास और गर्व के साथ कह सकता हूं कि भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने की उपलब्धि पर आज जननायक कर्पूरी जी जरूर गौरवान्वित होते। गरीबी से बाहर निकलने वालों में समाज के सबसे पिछड़े तबके के लोग सबसे ज्यादा हैं, जो आजादी के 70 साल बाद भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित थे। हम आज सैचुरेशन के लिए प्रयास कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक योजना का लाभ, शत प्रतिशत लाभार्थियों को मिले। इस दिशा में हमारे प्रयास सामाजिक न्याय के प्रति सरकार के संकल्प को दिखाते हैं। आज जब मुद्रा लोन से ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय के लोग उद्यमी बन रहे हैं, तो यह कर्पूरी ठाकुर जी के आर्थिक स्वतंत्रता के सपनों को पूरा कर रहा है। इसी तरह यह हमारी सरकार है, जिसने एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाया है। हमें ओबीसी आयोग (दुख की बात है कि कांग्रेस ने इसका विरोध किया था) की स्थापना करने का भी अवसर प्राप्त हुआ, जो कि कर्पूरी जी के दिखाए रास्ते पर काम कर रहा है। कुछ समय पहले शुरू की गई पीएम-विश्वकर्मा योजना भी देश में ओबीसी समुदाय के करोड़ों लोगों के लिए समृद्धि के नए रास्ते बनाएगी।

पिछड़े वर्ग से ताल्लुक रखने वाले एक व्यक्ति के रूप में मुझे जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के जीवन से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे जैसे अनेकों लोगों के जीवन में कर्पूरी बाबू का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष योगदान रहा है। इसके लिए मैं उनका सदैव आभारी रहूंगा। दुर्भाग्यवश, हमने कर्पूरी ठाकुर जी को 64 वर्ष की आयु में ही खो दिया। हमने उन्हें तब खोया, जब देश को उनकी सबसे अधिक जरूरत थी। आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन जन-कल्याण के अपने कार्यों की वजह से करोड़ों देशवासियों के दिल और दिमाग में जीवित हैं। वे एक सच्चे जननायक थे।

## प्रसंगवश

# राजधर्म पालन का सही उदाहरण



सुलखान सिंह
सेवानिवृत्त डीजीपी, उप्र.

रामो विग्रहवान् धर्मस्साधुस्सत्यपराक्रमः। राजा सर्वस्य लोकस्य देवानां मघवानिव।। (रामायण, अरण्य कांड, सर्ग-37, श्लोक-13) अर्थात राम मूर्तिमान धर्म हैं, वे बड़े साधु व सत्य पराक्रमी हैं। राम समस्त लोक के राजा हैं जैसे देवताओं के राजा इंद्र हैं। मेरे मत में, राम हमारे पूर्वज हैं जिनमें परम ब्रह्म परमात्मा का प्राकट्य बहुत उच्च अंश तक था। राम ने मर्यादाओं का पालन करते हुए, पुरानी अस्वस्थ मर्यादाओं के स्थान पर नई स्वस्थ मर्यादाएं स्थापित की। राम का आचरण उदाहरणीय है एवं उनके उपदेश अनुसरणीय हैं। राम का अनुकरण नहीं, अनुसरण करना श्रेयस्कर है। राम नाम, राम महापुरुष से प्राचीन है। गुरु वशिष्ठ ने सोच-समझकर उस अद्भुत गुण-संपन्न बालक का नाम 'राम' रखा था जो आगे चलकर राजा राम हुआ एवं भारत ही नहीं, समस्त मानव समाज का मार्ग दर्शक बना।

राम ने पारिवारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, सभ्य, शिष्ट एवं विनम्रता के प्रति मनुष्य के कर्तव्य एवं दायित्व के मानदंड स्थापित किए। राम ने पुत्र, पति, योद्धा, राजा एवं सामान्य मनुष्य के समक्ष कर्तव्य पथ पर प्रायः आने वाली दुविधाओं का अनुसरणीय हल प्रस्तुत किया। राम ने उपस्थित दुविधा अर्थात् द्वंद्व का निवारण त्याग से किया। जब भी ऐसा द्वंद्व आया कि दो विकल्प में से कौन-सा मार्ग चुनें, तो राम ने आत्म-त्याग वाले रास्ते को चुना। यह सूत्र हमेशा मानव-कल्याण का पथ प्रदर्शक रहेगा। यही सूत्र हमारे हुक्मरान -प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मंत्रीगण एवं अन्य समस्त शक्ति संपन्न व्यक्तियों तथा संस्थाओं के लिए सही मार्गदर्शन कर सकता है। हमेशा अपने को सही समझना और अपनी बात पर अड़े रहना एवं तुच्छ राज-हठ है। यह कल्याणकारी मार्ग नहीं है।

एक तरफ अपना निर्णय और दूसरी तरफ लोक-आकांक्षा हो और दोनों सही लगें, तब आत्म-त्याग सी सही रास्ता दिखाएगा। राम द्वारा राज-धर्म पालन के लिए प्रस्तुत यही सही उदाहरण है।

# रामलला से रामराज तक



अमित तिवारी
लखनऊ

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर 'जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है।

रामलला के मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा हो गई। रामलला पूर्णरूप से विराजमान हो गए। पूरे देश में हर्षोल्लास था। चारों ओर जगमग वातावरण, जिधर दृष्टि डालो उधर ही राम नाम का ध्वज, जिधर सुनो उधर ही राम नाम का भजन, घरों और मंदिरों में कीर्तन। घर-घर में दिए जलाए गए, तरह तरह के व्यंजन बने, पकवान बने। भारतीय समाज को एक नया त्यौहार मिल गया। हर वर्ष अब इस तिथि को वर्षगांठ के रूप में मनाया जाएगा ऐसी संभावना है। कोई आसमान से देखता तो कहता जनवरी में दीवाली मनाई जा रही है।

राम आस्था हैं, राम भारत की संस्कृति के आधार हैं, सभ्यता के सूचक हैं, राम गृहस्थों के भी'राम' हैं और साधु संतों के भी' राम' हैं। राम का नाम लेते ही जैसे हृदय शीतल हो जाता है। राम के आने से राम जैसा राज भी आएगा ऐसी मान्यता है। राम के आने से सबके जीवन में सुकून और प्रेम आएगा ऐसा कहा जा रहा है और आएगा रामराज भी...

रामराज आए इसके लिए यह भी जानना आवश्यक है कि आज के समय में रामराज कैसा होना चाहिए? रामराज की परिकल्पना तब जब विश्व संस्कृतियां, विश्व सभ्यताएं, विश्व भाषाएं आपस में हिल मिल गई हैं। रामराज की परिकल्पना इन्टरनेट और फिर आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के परिवेश में कैसी होनी चाहिए? रामराज की परिकल्पना जब देश, लोकतंत्र और तरह-तरह को राजनीतिक दल, तरह-तरह के मुद्दे, तरह तरह के विचार, तरह-तरह के संप्रदाय, धर्म से फल-फूल रहा हो और जिसमें रीतियों के साथ साथ कुरीतियों का भी बोलबाला हो। रामराज की परिकल्पना तभी संभव है जब समाज धर्मनिष्ठ आध्यात्मिक हो, परन्तु वह धर्म अधूरा है जहां सिर्फ मान्यताओं और परंपराओं को ही प्रथम रखा जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि वेदांत भी घर-घर में हो जिसका सही तरीके से पाठ हो और आध्यात्मिक दृष्टि का विकास हो, तब जाकर धर्म अपने पूर्ण स्वरूप में होगा। धर्म के विमर्श के इतर कुछ ऐसी चीजें भी हैं जिनपर हमें दृष्टि डालनी होगी। जैसे समाज का ढांचा और उसमें पल रही हिंसा। हिंसा का परिमापन इसलिए भी आवश्यक है कि बिना उसके आध्यात्मिक होना असंभव है, और फिर धार्मिक तो हुआ ही नहीं जा सकता, अतः रामराज की परिकल्पना भी आधी-अधूरी ही रह जाएगी।

समाज में हिंसा कई तरह से व्याप्त है। व्यक्ति जन्म के साथ ही कुछ हिंसा लेकर आता है और बाकी हिंसा यहीं समाज में सबके बीच में रहकर सीखता है। पूर्ण रूप से व्यक्ति अहिंसक हो जाए ऐसा तो लगभग असंभव है। जीने के लिए किये गए प्रयासों में बहुत से ऐसे कार्य हैं जो कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में हिंसा से जुड़े ही हैं। परन्तु जीवित रहने के लिए कहीं न कहीं से हिंसा का होना और मन की इच्छाओं या यूं कहें की लगभग सभी इच्छाओं की पूर्ति के लिए किए गए कार्यों में जो हिंसा है संभवतः उस हिंसा के बिना भी जीवन जिया जा सकता है।

क्यूंकि हिंसा सिर्फ शब्द भर नहीं एक बेहद ही खतरनाक प्रभाव भी है, उनपर जिनपर उस हिंसा को करके इच्छा की पूर्ति की गई। जितना समृद्ध हम होते गए उतनी ही हिंसा भी बढ़ती गई। आज के समय में हो रही ऐसी हिंसा का प्रभाव व्यापक है। आज भारत देश ही जोकि शाकाहार का अग्रज रहा है विश्व भर में, वहीँ सत्तर प्रतिशत से अधिक जनसंख्या मांसाहारी है।

रामराज का होना आवश्यक है पर इसकी कीमत होगी त्याग और उस त्याग के लिए त्याग की तैयारी करनी होगी। आज के समय में 'जीवों पर दया करो' जैसे पुराने पड़ गए घिसे-पिटे शब्दों को हटाकर' जीवों को उनका अधिकार दो' जैसे शब्द प्रचलन में लाने पड़ेंगे तब जाकर कहीं रामराज की परिकल्पना की कल्पना भी की जा सकती है। 'अधिकार' शब्द ही उचित है, जैसे अधिकार मिला और मिलने की प्रक्रिया में अग्रसर है। महिलाओं के लिए, गरीब पिछड़ों के लिए, ट्रांसजेंडर और समलैंगिकों के लिए वैसे ही अब समय आ गया है जब अधिकार तय हो पशुओं, पक्षियों, जानवरों के लिए भी।

## सोशल फोरम

# राम नायक रहे हैं



फ़ायक अतीक किदवई
लखनऊ

पुरूषोत्तम राम के चरित्र का समग्र रूप से आकलन नहीं किया जा सकता, वो प्रजा के लिए कैसे थे स्त्री के लिए कैसे थे इन बातों पर हमारे विचार कुछ किताबों के आधार पर ही होते हैं। जबकि रामायण हजारों के ऊपर है हम लोगों के लिए वाल्मीकि की रामायण या तुलसीदास की रामचरितमानस ही प्रमुख है जैसे दक्षिण में कम्बन की रामायण 'इरामावतरम' बहुत विख्यात है। यहां तो उड़िया तेलगु वगैरह में तो है ही बाहरी दुनिया मलेशिया, इंडोनेशिया, जापान, बर्मा, चीन, नेपाल, तिब्बत थाईलैंड जैसे बहुत से देशों में अलग-अलग तरह से हैं। दिलचस्प बात है शेख़ सादी ने भी लिखा है।

भारत में 70 से ज़्यादा रामायण हैं लगभग सबमें थोड़ा-थोड़ा फ़र्क है। ईसा से पहले की बौद्ध जातक कथाओं जैसे दशरथ जातक कथा, बुद्धचरित के राम अलग है, कहते हैं कि बुद्ध ने अपने शिष्यों को रामकथा सुनाई थी, इसमें राम बहुत ज्ञानी संयमी और उच्च चरित्र के हैं आप इसमें उनपर स्त्रीविरोधी, शूद्रविरोधी जैसे आरोप नही लगा सकते, किंतु इसमें "सीता" उनकी पत्नी नही बल्कि बहन है ऐसे ही जैन रामायण (पौमाचरिता) में रावण को जैन बताया गया है, और उनकी हत्या लक्ष्मण करते हैं। ऐसे ही दक्षिण की रामायण में राम की बहन शांता के बारे में है और वहां भी रावण का चरित्र ऊंचा है। राम को सूरज भगवान रॉ का अवतार माना जाता है, वही सूर्यवंशी भगवान सूरज रॉ जिनका मिश्र में 5000 साल पुराना सूर्य मंदिर करनाक( कर्णाक) है सीधे तौर पर कहें तो भले हमारे पास पुरातात्विक सुबूत न हो, पर किसी व्यक्ति के बारे में इतनी जगह ज़िक्र हो तो उसके अस्तित्व पर तो प्रश्न नही उठा सकते।। राम किसके थे, राम कैसे थे, राम कहां पैदा हुए, इस पर विवाद हो सकता है पर ये मानना पड़ेगा कि "राम" नायक रहें हैं और जिनके बारे में इतना अलग अलग तरह से लिखा गया तो उनके मानने वाले को भी समग्रता से सोचना होगा। जैसे अलग-अलग किताबो, मान्यताओं से राम के अलग अलग चरित्र को देखते हैं वैसे ही उन्हें समझना होगा कि राम सबके हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# अयोध्या:इतिहास के धूमिल होते पृष्ठ



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे।

अयोध्या में राम मदिर में रामलला का नवीन श्रीविग्रह स्थापित होकर प्राण प्रतिष्ठित हो गया। यह ऐतिहासिक दिन था, हालांकि एक ओर जहां इतिहास सृजित हो रहा था, वहीं दूसरी ओर इतिहास के कुछ स्वर्णिम पृष्ठ धूमिल हो रहे थे। यह दिन एक दिन के श्रम, त्याग और बलिदान की परिणति नहीं थी, बल्कि इसका एक लंबा इतिहास है। प्रायःलोगों को ध्वज का वस्त्र तो फहराता हुआ दिखता है, किंतु उस दंड (डंडे) को महत्व नहीं दिया जाता, जिसकी बदौलत वह पताका फहरा रही है। शेक्सपियर ने अपने नाटक 'जूलियस सीज़र' में कहा है कि 'छत पर पहुंच जाने पर प्रायः लोग उन सीढ़ियों की तरफ पलट कर नहीं देखते, जिन पर से होकर वे छत पर पहुंचने में समर्थ होते हैं। ऐसा ही कुछ राम मंदिर प्रकरण में घटित हुआ है। आइये स्मरण करें। पहले यहां मस्जिद बनी थी और उसी में रामलला विराजमान थे, जिसमें ताला लगा था। दर्शन बाहर से ही हो जाते थे। स्थानीय वकील उमेशचंद्र पाण्डेय, जो पत्रकार भी थे, ने इस प्रकरण को लेकर ताला खुलवाने हेतु मुंसिफ सदर के न्यायालय में एक याचिका 1 जनवरी,1986 को दायर की, जो खारिज हो गई। तब उन्होंने जिला जज फैजाबाद कृष्णमोहन पाण्डेय के न्यायालय में 28 जनवरी को अपील दाखिल की। जज साहब ने इसे सुना और 1 फरवरी को ताला खुलवाने का फैसला दे दिया। उन्होंने डीएम और एसपी को भी तलब किया था। तत्काल ताला खुल गया। इसके एक सप्ताह के अंदर ही स्थानीय हाशिम अंसारी ने इस आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी। वर्तमान प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिवक्ता उमेश चंद्र पांडेय को आमंत्रित नहीं किया गया, हालांकि हाशिम अंसारी के बेटे को निमंत्रित किया गया। बताते चलें कि हाशिम की मृत्यु हो चुकी है। इसके पश्चात् उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में लंबी लड़ाई चली, जिसमें रामलला के सखा बनकर छपरा( बलिया) के त्रिलोकीनाथ पांडेय ने आजीवन संघर्ष किया। उनका तो निधन हो चुका है, किंतु उनकी पत्नी व पुत्र विद्यमान हैं, जिन्हें मांगने पर भी इस समारोह का निमंत्रण नहीं मिला, जबकि फिल्मी अभिनेता और रुपहले पर्दे की सुंदरियां सादर आमंत्रित की गईं।

जब जब मंदिर की बात आएगी, तब तब लालकृष्ण आडवाणी की सितंबर-अक्टूबर,1990 में हुई रामरथ यात्रा की याद आएगी। कार सेवा का ज्वार चरम पर था। भारी संख्या में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे। इस दौरान, प्रतिबंध के बाद भी कार सेवा हुई। उत्तरप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायमसिंह यादव ने कारसेवकों पर 30 अक्टूबर व 2 नवंबर को गोलियां चलवाईं, जिसमें लगभग तीन दर्जन कार सेवकों की मृत्यु हुई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में किसी भी बहाने आडवाणी जी को दूर रखा गया, लेकिन मुलायम पुत्र अखिलेश को न्यौता भेजा गया। मालूम हो की मोदी सरकार ने मुलायम सिंह को मरणोपरांत 'पद्मविभूषण' अलंकरण से भी नवाज़ा है। अंततः 6 दिसंबर '1992 को जन समुद्र ने मस्जिद ध्वस्त कर दी। तत्समय आडवाणी, मुरलीमनोहर जोशी, उमा भारती आदि सब अयोध्या में ही थे। प्रदेश में कल्याणसिंह की सरकार थी। यदि वे भी मुलायमसिंह की तरह गोली चलवाते, तो मस्जिद ध्वस्त नहीं हो सकती थी, और तब मंदिर बनता कैसे? उनकी सरकार केंद्र ने बर्खास्त कर दी। उन्होंने सरकार तो गंवाई किंतु मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। तब नरेंद्र मोदी को कोई नहीं जानता था। 2019 में इस यहां नरेंद्रमोदी द्वारा किए गए भूमि पूजन कार्यक्रम में ये महानायक दूर रक्खे गए, तब वे जीवित थे। 22 जनवरी वाले सद्यः सम्पन्न हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समय कल्याणसिंह तो स्वर्गवासी हो चुके हैं, किंतु उनके सांसद बेटे राजवीरसिंह तो आमंत्रित किए जा सकते थे। मोदी को अपने संबोधन में कृष्णमोहन पांडेय जज को भी स्मरण करना चाहिए था। जनता की याददाश्त कमजोर मानी गई है। सोचा याद दिला दें और विस्मृत होती इन पावन आधार शिलाओं का सादर स्मरण कर लें।

# पहचान भाषा से नहीं मनुष्यत्व से बनाएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

हिंदी समाज भाषा के दुर्बलवीरों से भरा पड़ा है। कहने को वे ढेरों किताबें लिखते हैं, ढेरों किताबें पढ़ते हैं,यहां तक कि किताबों को निगलते रहते हैं, लेकिन मानसिक शक्ति परिपक्व नहीं होती। हमारे लेखक आधुनिक विषय को गहराई में जाकर पकड़ नहीं पाते। प्रयोजनमूलक भाषा और सरकारी भाषा से हमारी मानसिक पाचन-शक्ति का ह्रास हुआ है।

हमारा शरीर साढ़े तीन हाथ के फासले में सीमित है, लेकिन हम उसके लिए साढ़े तीन हाथ का घर नहीं बनाते, बल्कि बड़ा घर बनाते हैं। उसी तरह भाषा और शिक्षा के प्रति भी हमारा नजरिया बड़ा होना चाहिए। हमें हर चीज को उपयोगिता के आधार पर ही तय नहीं करना चाहिए। जीवन के लिए उपयोगी से ज्यादा अनुपयोगी चीजों की जरूरत होती है, सारे समाज के विकास का यही नियम है, हमने अपने बच्चों को उपयोगितावादी बना दिया। हिंदी से लेकर अन्य भाषा के लोग उपयोगितावादी ढ़ंग से पठन-पाठन करते हैं, इससे न तो व्यक्ति का विकास होता है और न समाज का विकास होता है। मेरे लिए उपयोग के लिए हिंदी ही काफी है लेकिन समाज के लिए तो मुझे दुनिया की सभी भाषाओं की जरूरत है, मुझे सभी भाषाओं के प्रति सम्मान, समानता और शिष्ट आचरण करना होगा। मुश्किल यहीं पर है,हमारे हिंदी के अनेक शिक्षकगण हिंदी के नशे में चूर हैं और वे कुछ भी देखने, सुनने, समझने के लिए तैयार नहीं हैं।

साधारण सी बात है आप हिंदी की वकालत करते हैं लेकिन हस्ताक्षर हिंदी में नहीं कर पाते, हिंदी से कंप्यूटर पर लिख नहीं पाते, इस पर आपने कभी ख्याल किया, आप यदि सच में भाषा को आदत में रूपांतरित कर लेते हैं तो यह मुश्किल नहीं आएगी, हम सबकी मुश्किल यह है कि हम जिस भाषा का प्रयोग करते हैं उसको आचरण, जीवनशैली और भाव जगत के साथ एकमेक नहीं कर पाए हैं, इसीलिए आए दिन भाषा का शोर मचाते रहते हैं। भाषा का हमारे भाव-जगत से संबंध है, भाषा का सरकार की सूची से कोई संबंध नहीं है। भाषाओं का जन्म सरकारी सूची के कारण नहीं हुआ, इसलिए भाषाओं के सवाल को जीवन और भावबोध की अभिव्यक्ति के सवाल के रूप में देखा जाना चाहिए।

भारत में शिक्षितों की शिक्षा और भाषा का जीवन से कोई संबंध नहीं है। यह स्थिति कमोबेश सभी भाषाओं की है। हमारी भाषा और शिक्षा हमारे समाज में मौजूद ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता को नष्ट नहीं कर पाई है। बल्कि यह देखा गया है कि हम सबमें ग्राम्य पांडित्य और ग्राम्य बर्बरता के खिलाफ बोलने-लिखने और आचरण करने की इच्छा ही नहीं है। भाषाई उन्माद ग्राम्य-बर्बरता का भाषिक रूप है, जिसे हम कभी खुलकर चुनौती नहीं देना चाहते। शिक्षित होकर कायदे से अपनी भाषा से प्रेम गाढ़ा होना चाहिए लेकिन हुआ एकदम उल्टा,शिक्षित होकर हम अपनी भाषा से कटते चले गए। फलतःसमाज में मनुष्यत्व और सभ्यता का विकास नहीं कर पाए।

# रामपथ पर मर्यादा और उल्लास का अद्भुत संगम

## न रामभक्तों ने लांघी अनुशासन की लक्ष्मण रेखा न सुरक्षाकर्मियों ने खोया धैर्य

## रामलला के विराजते ही अयोध्या धाम में साकार दिखी रामराज्य की परिकल्पना

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** आस्था और उल्लास में डूबे रामभक्तों के पग अनवरत आराध्य के दर्शन के लिए बढ़ते चले आ रहे हैं। पूरे रामपथ पर श्रद्धालुओं का सैलाब सरयू की लहरों की तरह उमड़ रहा है। भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों की आतुरता तो हैं लेकिन अनुशासन और संयम के साथ। कहीं कोई तारतम्य नहीं टूट रहा है, मानों सभी एक संकल्प सूत्र में बंधे हुए हो। अचंभित कर देने वाले इस अलौकिक दृश्य में मर्यादा और उल्लास का अदभुत संगम रामराज्य की परिकल्पना को साकार करता भी दिखा।

महादेव के दिवस सोमवार को बाल स्वरूप रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुईं तो हनुमंत लला के दिन मंगलवार को भक्तों को दर्शन सुलभ होने लगे हैं। रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु अयोध्या धाम में पखवारे भर से डटे हैं। आतुरता केवल भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शन की है। यही वजह है कि सोमवार मध्य रात्रि से ही दर्शन के लिए रामभक्तों का सैलाब रामपथ पर उमड़ पड़ा। गली विथिकाओं से भी श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। एक-दूसरे से किसी का तारतम्य टूट ही नहीं रहा है। इन सबके बीच न केवल जन्मभूमि मार्ग के समक्ष कोई हुड़दंग और न ही पूरे रामपथ पर। दोपहर 12 बजे जन्मभूमि मुख्य मार्ग के बाहर बड़ी संख्या में जुटे रामभक्त बीच-बीच में मुठ्ठी भींच जय श्री राम का उद्घोष करते रहे, लेकिन अनुशासन में बंधे रहे। यह दृश्य भोर से अनवरत देर शाम तक जारी रहा।

इसी बीच मोबाइल से वीडियो बना रहे वृंदावन से आए योगेश ने कहा कि देखिए सुरक्षा कर्मियों ने एक अंगुली तक नहीं दिखाई, किसी को धक्का तक नहीं दिया। कहा यह योगी की पुलिस है और तब दूसरे की थी। भीड़ के नियंत्रण में पुलिस का ऐसा संयम कभी नहीं देखा, रामराज्य में ही संभव है। धर्मपत्नी के साथ दिल्ली से कई दिनों पहले पहुंचे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण से सेवानिवृत्त प्रताप आदित्य शील ने कहा 500 नहीं 1200 वर्ष का इतिहास बदला है। आस्था से इतर गुलामी का इतिहास 22 जनवरी को मृत्यप्राय हुआ है। धर्मपत्नी इस्पिता बोलीं यह तो सर्वेक्षण के दौरान ही कहते थे राम यहीं जनमे।





रामलला के दर्शन के लिए कतारबद्ध रामभक्त।

जमीन कर बैठकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते श्रद्धालु।

### दुर्लभ दिखा संयोग : रामलला के संग हनुमंत लला के दरबार में भी उमड़ी श्रद्धा

सोमवार को राम आए तो मंगलवार को हनुमंत लला दरबार में भी श्रध्दा का सैलाब उमड़ पड़ा। पहली बार हनुमंत लला के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर रामपथ तक आस्था में डूबे श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। यहां भी कोई भी श्रद्धालु अव्यवस्थित नहीं दिखा बल्कि कतार की लय अनवरत बनी रही। आस्था ऐसी की पश्चिम बंगाल से परिवार के साथ आए भवनाथ दास और परिवार की महिलाएं भक्ति पथ पर शीश नवातीं रहीं। घंटों हाथों में प्रसाद और फूलमाला थामें श्रद्धालु हनुमंत लला के दर्शन के लिए अंगद की तरह पग जमाए खड़े रहे। इसी कतार में पिता के संग आई नन्हीं बालिका मस्तक पर श्रीराम रचाए बैग पर अविचलित बैठीं रहीं। बाल स्वरूप कोई नटखटापन करने के बजाए राम नाम का जाप करती दिखी। खास यह कि पूरी कतार के दायरे में एक भी सुरक्षा कर्मी नहीं था, तब भी श्रद्धालु स्वयं से मर्यादा के आवरण में बंधे दिखे।





हनुमानगढ़ी पर भक्तिपथ पर शीश नवाते पश्चिम बंगाल के भवनाथ दास और उनका परिवार।



### महाराष्ट्र के रामभक्त बोले

### अब हर साल 22 जनवरी को भी मनाएंगे दीपावली

रामलला के दर्शनों के लिए महाराष्ट्र के अकोला से साथियों के साथ पहुंचे विक्रम खड़ते ने कहा कि मन करता है कि कलेंडर से दीपावली की तिथि मिटा कर 22 जनवरी तय कर दूं। जय श्री राम का जयकारा लगाते हुए कहा कि अब प्रत्येक वर्ष 22 जनवरी के दिन हम लोग दीपावली मनाएंगे। भारतीय इतिहास में सोमवार का दिन का सबसे स्वर्णिम दिन था। जिसे सदा याद किया जाएगा। उनके साथ सोनू मिश्र, नीरज पांडेय, राहुल कतारे इतने उल्लासित थे कि लगातार मुट्ठी भींच उद्घघोष करते रहे। बोले रामराज्य आ रहा है, अयोध्या से शुभारंभ हो गया है।

### हाथों में तिरंगा और श्रीराम पताका, होटों पर जय श्री राम

रामपथ पर दिल्ली के नवेड़ा रामलला के दर्शन के बाद आनंद में डूबे नृत्य करते मिले। एक हाथ में तिरंगा और दूसरे में श्रीराम पताका लिए नेवड़ा जमकर झूम रहे थे। पूछा तो बोले तिरंगा राष्ट्रवाद और श्रीराम पताका धर्मध्वजा है। दोनों मिले हैं और अब देश एक सूत्र में बंध गया है। बताया कि रामलला का दर्शन कर जो अनुभूति हुईं वह उल्लास के नृत्य में परिवर्तित हो गई है।



### 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन हो चुकी है बुक

**बोले बंगाली बाबू -** पश्चिम बंगाल से रामलला का दर्शन करने पहुंचे बप्पा मांझी रामपथ पर मिल गए। खुद रोका और मीडिया का नाम पूछा, "अमृत विचार" बताया तो बोले नोट कर लीजिए आज हमारे बंगाल से पांच हजार लोग दर्शन के लिए आएं हैं। दावा किया कि 40 हजार लोगों के लिए ट्रेन बुक हो चुकी है।



हनुमानगढ़ी के समक्ष बैठी नन्हीं रामभक्त।

## हनुमानगढ़ी पर 12 घंटे में ही बिक गया चार क्विंटल लड्डू प्रसाद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला के दर्शन के साथ हनुमानगढ़ी पर भी दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का ऐसा रेला उमड़ा का मंगलवार को लड्डू प्रसाद का स्टॉक खत्म हो गया। हनुमानगढ़ी पर सोमवार भोर तीन बजे से उमड़े श्रद्धालुओं ने हनुमंत लला पर चढ़ावे के लिए इतना प्रसाद खरीदा कि दोपहर तीन बजे केवल 12 घंटे में ही आज बनाया गया चार क्विंटल लड्डू समाप्त हो गया। इसके बाद आनन फानन दुकानदारों ने कारखाने से लड्डू मंगाए। हनुमानगढ़ी पर प्रसाद की दुकान करने वाले संतोष गुप्ता, रामकृपाल गुप्ता, राकेश गुप्ता और नंदलाल गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को देखते हुए करीब चार क्विंटल लड्डू प्रसाद निर्मित किया गया था। जो दोपहर तीन बजे प्रसाद समाप्त हो गया। इसे लेकर थोड़ी देर असहजता रही लेकिन देर शाम स्टॉक आ गया। लड्डू प्रसाद की दुकानदारी ऐसी थी मानों सारी भीड़ एक साथ सभी दुकानों में घुस गई हो। वहीं श्रीराम का गमछा, श्रीराम लिखे बच्चों के कपड़े व मंदिर मॉडल की भी रिकॉर्ड बिक्री हुई। अयोध्या धाम में जुटे श्रद्धालु देर रात तक खरीदारी करते रहे।

**हनुमानगढ़ी पर हैं लगभग 80 दुकानें, रोज रहता है दो से तीन क्विंटल लड्डू का स्टॉक**



हनुमानगढ़ी पर मंगलवार शाम को लड्डू प्रसाद आने के बाद जुटे श्रद्धालु।

## अब अयोध्या की हर डाक पर होगा राममंदिर का चित्र

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या की पहचान श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को डाक विभाग अब घर-घर पहुंचाएगा। अब अयोध्या से जाने वाली देश-विदेश की हर डाक पर श्रीराम जन्म भूमि मंदिर का चित्र अंकित होगा। सचिव डाक भारत सरकार विनीत पाण्डेय ने मंगलवार कोअयोध्या प्रधान डाकघर के कार्यक्रम श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर आधारित विरूपण एवं छह चित्रात्मक पोस्ट कार्ड जारी करते हुए कहा कि इससे फिटलेटी के प्रति जागरुकता बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि इन डाक टिकटों में राम मंदिर का भव्य चित्र के साथ कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए रामभक्ति की भावना है। 'मंगल भवन अमंगल हारी', जैसी लोकप्रिय चौपाई के माध्यम से राष्ट्र के मंगल की कामना है। इनमें सूर्यवंश के प्रतीक देश में नए प्रकाश का संदेश देती सूर्य की छवि, राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती पुण्य नदी सरयू का चित्र तथा मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी ही बारीकी से डाक टिकटों पर दर्शाया गया है। इसमें राम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के साथ संतों के मार्गदर्शन से पंच तत्वों का दर्शन निहित है। उन्होंने अयोध्या प्रधान डाकघर में फिलेटली म्यूजियम बनाने का भी सुझाव दिया। उप्र डाक परिमंडल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बी सेल्वकुमार, मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, निदेशक डाक सेवाएं आनंद कुमार सिंह, अधीक्षक डाकघर एचके यादव मुख्य विपणन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थिति रहे।

**पंच तत्व के साथ सूर्यवंश का सूर्य, सरयू व मंदिर का वास्तु होगा डाक टिकट पर**



श्रीराम जन्मभूमि चित्र का डाक टिकट जारी करते केंद्रीय डाक सचिव व विभाग के अन्य अधिकारी।



हनुमानगढ़ी मार्ग पर अयोध्या की आभा से आह्लादित एक श्रद्धालु महिला रंगोली पर नृत्य की मुद्रा में।



दर्शन-पूजन के लिए आए श्रद्धालु झूमते गाते दिखे।

## राम मंदिर में मनाया जाएगा 48 दिवसीय मंडल उत्सव

**कार्यालय अयोध्या। अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला की नूतन विग्रह प्रतिष्ठित हो गई है। प्राण-प्रतिष्ठा के मंदिर में अब 48 दिनों तक मंडल पूजन का आयोजन किया जाएगा। कलश स्थापना के साथ बुधवार से इसकी शुरुआत होगी। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने इस अनुष्ठान के लिए देश भर के राम भक्तों को शामिल होने का आह्वान किया है।

ट्रस्ट के मुताबिक श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट एक ऐप तैयार किया है। उडप्पी पेजावरपीठाधीश्वर व ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज इस अनुष्ठान की प्रमुख बनाए गए हैं। ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्व प्रसन्नतीर्थ में कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद 48 दिवसीय मंडल उत्सव होगा। जिसमे 40 दिनों तक लगातार पूजा-पाठ, हवन यज्ञ और कलश अभिषेक का आयोजन होगा। अंतिम पांच दिन में सहस्त्र कलशाभिषेक किया जाएगा। जिसमें एक किलो चांदी से बने कलश से भगवान का अभिषेक किया जाएगा। भगवान की सेवा करने वाले व्यक्ति को यह कलश सौंपा जाएगा।

## श्रद्धालुओं की संख्या देख की गयी पांच मोबाइल एटीएम की व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामलला का दर्शन करने वालों की संख्या को देखते हुए विभिन्न बैंकों की तरफ से पांच मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं। यह चलते-फिरते एटीएम भीड़-भाड़ वाले इलाकों में खड़े होंगे। पिकअप वाहन पर एटीएम मशीन लगाई गई, जिसमें ड्राइवर के अलावा सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहते हैं। रामलला के मंदिर में विराजमान होते ही संभावना व्यक्त की जा रही है कि अयोध्या में रोजाना एक से सवा लाख श्रद्धालु दर्शन करने आएंगे। इसे देखते हुए पंजाब नेशनल बैंक ने दो, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफ व एक्सिस बैंक की तरफ से एक-एक मोबाइल एटीएम अयोध्या में उतारे गए हैं।

**▸▸ भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर लगाए जाने की योजना**




## यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

**अयोध्या, अमृत विचार :** मणिराम छावनी धर्म मंडप में सोनभद्र के भिखारी बाबा द्वारा आयोजित नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में सातवें दिन मंगलवार को यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। वहीं वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा अचार्य ने पूजन कराया। पर्यावरण संरक्षण के लिए जड़ी बूटियों से बनी हवन सामग्री से यज्ञ में आहुति दी गई। संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी महाराज, आचार्य गोपाल धर द्विवेदी ,राधाकृष्ण तिवारी, हरीओम धर द्विवेदी, राजेश तिवारी, योगेश तिवारी, रेवती तिवारी एवं राजेश कुमार पाठक द्वारा वैदिक रीति से वेद मंत्रों द्वारा विराट रूद्र महायज्ञ एवं अन्य कार्यक्रम संपन्न कराया जा रहा है।



रुद्र महायज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। अमृत विचार

रामोत्सव | प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी पहुंच भावुक हुईं 'जानकी' के घर की महिलाएं, बोलीं-

## ...आखिर खत्म हुआ 'लल्ला' का वनवास

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार :** यूं तो भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के दर्शनों के लिए रामभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है लेकिन दामाद रघुवर के दर्शन करने जानकी के घर से मंगलवार को आईं महिलाएं ऐसी भावुक हुईं कि नेत्रों से आस्था के अश्रु छलक पड़े।

आराध्य के प्रति श्रद्धा की ऐसी भावुकता कि आसपास मौजूद रामभक्त भी मनोभावों को नहीं रोक सके और जयश्रीराम का जयकारा लगाए। रामपथ पर जुटे श्रद्धालुओं के सैलाब के बीच बिहार से आईं महिलाएं डिवाइडर पर भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर रहीं थीं। पूछा माता जी कहां से आर्इ़ है तो तपाक से बोलीं बिटिया जानकी के घर बिहार से। हमारी बिटिया लगती है माता सीता। इतने में ही उनके पास बैठ भोजन कर रहीं एक बुजुर्ग महिला सबकुछ छोड़ आह्लादित होकर राम नाम का उद्घघोष करने लगीं। बता दें कि पवित्र रामायण में माता सीता को जानकी कहकर भी संबोधित किया जाता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार जानकी का जन्म बिहार के सीतामढ़ी में हुआ था। इसीलिए महिलाओं का उल्लास और आस्था अलहदा होकर प्रस्फुटित हो रहा था। संग आईं सभी महिलाओं का समूह भावों के प्रकटीकरण के लिए ऐसा आतुर रहा कि भोजन तक छोड़ दिया। रामपथ पर उमड़े रामभक्तों को देख एक साथ रामलला को लल्ला कह संबोधित किया। इन्हीं में से एक श्रद्धालु महिला बोल उठीं - मोदी जी ने निहाल कर दिया, रामलला को अपना घर मिला।



रामलला के दर्शन के लिए रामपथ पर बैठीं नेपाल से आईं श्रद्धालु महिलाएं।



वर्षों से हम सभी श्रीरामचंद्र जी के मकान के लिए तरस रहे थे। आज वह इच्छा पूर्ण हुई और 'लल्ला' अपने भव्य में विराजमान हुए तो मन अह्लादित हो उठा। अयोध्या भी निहाल है। पांच दिनों बाद आज दर्शन हुए तो लगा जैसे जीवन धन्य हो गया। यहां का विकास देखकर मन बहुत खुश है। **-कमली देवी, दरभंगा, बिहार**



रामलला को अपने घर में विराजमान देखकर मान भावुक है। भाव को व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। बस इतना ही कहूंगी कि वर्षों के इंतजार का फल आज मिला तो अयोध्या को सोने की चमक उठी... जय श्रीराम...। **- सत्तो देवी, दरभंगा, बिहार**



यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है। मानो जैसे हम त्रेतायुग में आ गए हों। हर तरफ उल्लास और खुशी है। पांच दिन से दर्शन के लिए परेशान थे लेकिन जब रामलला को मंदिर में देखा तो मन को असीम शांति मिली। बदलती अयोध्या को देखकर मन प्रसन्न है। **-विमला देवी, दरभंगा बिहार**

# रामकथा के लिए बाराबंकी के संत को ब्रिटिश सरकार ने दी थी महामहोपाध्याय की उपाधि

एक्सक्लूसिव

कवेन्द्र नाथ पाण्डेय, बाराबंकी:



**अमृत विचार :** अवध क्षेत्र का बाराबंकी जनपद अयोध्या ही नहीं, प्रभु राम से सदियों से जुड़ा रहा है। बाराबंकी के एक ऐसे संत हुए जिन्हें रामकथा के लिए ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1889 में महामहोपाध्याय की उपाधि से नवाजा था। श्रीराम भक्त कवि बाबा बैजनाथ गोस्वामी तुलसीदार के समग्र साहित्य के टीकाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। अयोध्या की बड़ी छावनी में एक शिलालेख पर लिखे दोहे की एक पंक्ति 'कूर्मि वंश जन्मत भए बैजनाथ नरभूप॥' आज भी अंकित है।

बाराबंकी की धरती अत्यंत पावन है, यहां संत चतुर्भुज दास, संत जगजीवन दास, संत विशालदास आदि अनेक संतकवि लेखक हुए हैं। संतों की वाणी अमृत समान होती है, वहीं जब एक संतकवि की लेखनी से साहित्य रचता है तो वह या तो मंत्र बनता है या फिर ग्रंथ। जिले के ऐसे ही संतों ने कई-कई ग्रंथों की रचना की। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर जहां राजनीति हो रही है, वहीं रामकथा के लिए ब्रिटिश सरकार से महामहोपाध्याय की उपाधि पाने वाले संत की बात न करना बेमानी होगा। बाराबंकी शहर से महज 11 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गांव मानपुर में जमींदर हीरानंद के यहां बाबा बैजनाथ का जन्म शरद पूर्णिमा के दिन वर्ष1833 में हुआ था। इसके बाद उन्होंने श्री सियपिय केलि कुंज रामकोट, अयोध्या के संस्थापक सिद्धसंत फकीरे राम के पास शिक्षा-दीक्षा प्राप्त की। मानपुर में श्रीराम जानकी ठाकुरद्वारा मंदिर का निर्माण कराया और श्री रामलीला शुरू कराई। गुरु फकीरे राम के स्वर्गवास के बाद उत्तराधिकारी शिष्य के रूप में बाबा बैजनाथ श्री सिय पिय केलि कुंज रामकोट अयोध्या में निवास करते हुए भजन-कीर्तन व साहित्य साधना में रत हो गए। यहां उनकी रचनाएं भी चौखटों पर दर्ज है। उन्हें संस्कृत, अवधी, ब्रज व हिंदी भाषाओं के साथ ही ज्योतिष का ज्ञान था। उन्होंने भक्तिशास्त्र, ज्योतिष, उपनिषद आदि का गहन अध्ययन किया। वैशाख शुक्ल सात विक्रमी संवत 1954 को मध्य प्रदेश के दतिया में राजा के यहां प्रवास के दौरान संतकवि बैजनाथ का स्वर्गवास हुआ। रामकथा के विद्वान व हिंदी की साहित्यिक सेवाओं का मूल्यांकन कर ब्रिटिश सरकार ने वर्ष 1889 के करीब संत कवि बाबा बैजनाथ कुर्मी को महामहोपाध्याय उपाधि से नवाजा था। बाराबंकी शहर के छाया चौराहे पर संतकवि बैजनाथ के नाम से उद्यान स्थापित हुआ जिसका लोकार्पण 1995 में तत्कालीन राज्यपाल मोतीलाल बोरा ने किया था। इसके अलावा, मुख्यमंत्री रहते हुए राजनाथ सिंह ने अपने कार्यकाल में हरख में स्थापित राजकीय महाविद्यालय का नामकरण भी संत कवि बाबा बैजनाथ राजकीय महाविद्यालय के नाम से किया।

**इतिहास के पन्नों से**

- **गोस्वामी तुलसीदास के समग्र साहित्य के टीकाकार के रूप में मिली प्रसिद्धि**
- **अयोध्या की बड़ी छावनी के शिलालेख पर दर्ज है संत कवि बाबा बैजनाथ का दोहा**

**छह मौलिक समेत 24 पुस्तकों की रचना**

रामकथा के महान भाष्यकार संत कवि बाबा बैजनाथ ने छह मौलिक समेत 24 पुस्तकों की रचना की। उनकी पहली मौलिक कृति श्री सीताराम संयोग पदावली जुलाई 1880 ईसवीं को प्रकाशित हुई। नख-शिख वर्णन मई 1913 को प्रकाशित हुई। उन्होंने तुलसीकृत कवितावली सटीक, तुलसी-सतसई सटीक, गीतावली सटीक, रामचरित मानस सटीक, विनय-पत्रिका सटीक, छन्दावली-रामायण सटीक, छप्पय-रामायण सटीक, बरवै-रामायण सटीक, वैराग्य-सन्दीपनी सटीक, जानकी-मंगल सटीक, रामलला नहछूर, हनुमान-बाहुक सटीक, हनुमन्नाष्टक सटीक, कुण्डलिया-रामायण सटीक, श्री रामाज्ञा-प्रश्न सटीक, श्री रामनाम कलामणि कोष मंजूसा सटीक, अध्यात्म-रामायण सटीक (वेदव्यास कृत), मौलिक में श्री सीताराम पावस विलास, षडऋतु वर्णन, नख-शिख वर्णन आदि लिखीं जिनमें से कुछ उनके समय व कुछ उनके बाद समयांतराल में प्रकाशित हुईं। वहीं, काव्य कल्पद्रुम, लीला-प्रबंध तथा महर्षि बाल्मीकि कृत बाल्मीकि-रामायण सटीक अप्रकाशित हस्तलिखित प्रतियां उपलब्ध हैं।

## एक नजर

### बाइक पलटने से युवक की मौत, दो लोग घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के फतेहपुर-सूरतगंज मार्ग पर मंगलवार देर शाम बाइक से घर जा रहे तीन लोगों की बाइक सामने मृत पड़े घोड़े पर चढ़कर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोगों में एक की मौके पर ही मौत हो गई, दो घायल हैं। घायलों को सीएचसी सूरतगंज में भर्ती कराया गया है। थाना क्षेत्र के लालपुर मजरे दसवंतपुर निवासी नसीर अहमद (26), रायपुर निवासी रिस्तेदार दिलशाद व अनुज के साथ बाइक से फतेहपुर दवा लेने गया था। वापस लौटते समय इमलीपुर के पास हादसे का शिकार हो गया।

### रेलिंग तोड़ कल्याणी नदी में गिरा डंपर, चालक जख्मी

**रामसनेही घाट, बाराबंकी,अमृत विचार :** राम सनेही घाट पुलिस ने बताया कि टिकैत नगर थाना अंतर्गत जार मऊ गांव निवासी 36 वर्षीय रमेश चंद्र यादव पुत्र राजू डंपर लेकर गिट्टी लेने कबरई जिला जा रहा था तभी डंफर अनियंत्रित होकर दरियाबाद रोड स्थित कल्याणी नदी पर बनी लोहे की रेलिंग से टकरा गया और नदी में जा गिरा। उसे अस्पताल ले जाया गया।

### मारपीट में तीन पर केस

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** खाटू श्याम मन्दिर पर प्रसाद वितरण के दौरान दो पक्षों में वाद विवाद हो गया। इसमें एक युवक की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। फतेहपुर के कस्बा पचघरा निवासी रितेश कुमार सोमवार की शाम जारकबीर मन्दिर के निकट खाटू श्याम मन्दिर दर्शन करने गया था। आरोप है कि प्रसाद वितरण के दौरान इसी मोहल्ले के कौशल, सूरज व दिव्यांशु से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। तीनों युवकों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# अयोध्या जाने वाले वाहनों का मार्ग किया गया परिवर्तित

## रामनगरी में भीड़ उमड़ने के कारण रामपथ पर प्रतिबंध बरकरार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** श्री राम जन्मभूमि परिसर में नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे दिन भी दोपहर तक अयोध्या मार्ग पर प्रतिबंध बरकरार रहा। अयोध्या जाने वाले वाहनों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया। पुलिस ने मंगलवार की प्रातः सोशल मीडिया पर लोगों से अयोध्या न जाने की अपील की। हालांकि दोपहर बाद पुलिस ने रामपथ पर तो प्रतिबंध बरकरार रखा लेकिन परिवर्तित मार्ग से लोगों को अयोध्या जाने की इजाजत दे दी।

मंगलवार को भी अयोध्या जाने वाले लोगों को पुलिस विनम्रतापूर्वक रोकते रही। अयोध्या की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर भारी वाहनों पर प्रतिबंध बरकरार रहा। बसों और टैक्सियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहा। मंगलवार को भी लोग अयोध्या पैदल जाते हुए दिखाई दिए। निजी वाहनों से अयोध्या की ओर जाने वाले लोगों को भी जिले की सीमा पर रोका गया। उनसे विनम्रता पूर्वक न जाने की अपील की गयी। बावजूद इसके पैदल, साइकिल और मोटरसाइकिल से लोग अयोध्या की ओर जाते दिखे। मंगलवार की सुबह पुलिस द्वारा सोशल मीडिया एक्स में अपील की गयी कि अयोध्या में भारी भीड़ है, इसलिए लोग अभी अयोध्या न जाएं। दोपहर बाद पुलिस ने परिवर्तित मार्ग से लोगों को अयोध्या जाने की इजाजत दे दी।



अयाध्या हाईवे पर पुलिस बल के साथ मौजूद एसपी। अमृत विचार

# धाम में सपरिवार विराजे प्रभु चित्रगुप्त, निकली शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** धनोखर चक्रतीर्थ के निकट चित्रगुप्त धाम में मंगलवार को प्रभु चित्रगुप्त के परिवार की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर नगर में धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

कायस्थ समाज के नेता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रंजीत बहादुर ने कहा कि नगर की जनता का सपना पूरा हुआ। प्राण प्रतिष्ठा के बाद उन्होंनें मंदिर समाज को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में समाज या अन्य समाज का कोई हिन्दू व्यक्ति अपने परिवार में होने वाले कार्यक्रम व संस्कार आयोजित कर सकता है। इसको बनने में मेरे योगदान के साथ-साथ कायस्थ समाज के साथ ही अन्य समाज के नागरिकों का योगदान भी है। आचार्य कुलदीप शास्त्री एवं कृपा शंकर की उपस्थिति में भगवान चित्रगुप्त परिवार की 15 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई। प्रमुख मूर्ति को सात प्रमुख मंदिरों धनोखर मंदिर, धर्मशाला, ठाकुरद्वारा, शनिदेव मंदिर, नागेश्वर नाथ एवं कैलाश आश्रम ले जाया गया। उसके बाद हवन करवाकर भंडारे की शुरुआत की गई। इससे पूर्व शोभा यात्रा का बड़ा ठाकुर द्वारा के सामने अध्यक्ष पवन कुमार वैश्य, प्रभात वर्मा व आलोक श्रीवास्तव, एवं महाबीर द्वारा स्वागत कर प्रसाद वितरित किया गया। पुजारी आदित्य ने मूर्तियों की आरती की। इस मौके पर सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, सुभाष श्रीवास्तव, हरिहर श्रीवास्तव, राजीव कुमार श्रीवास्तव, अमरजीत श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, कंचन श्रीवास्तव मनोज श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश निगम, नवनीत श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, बेबी अनुराग, आलोक अध्यापक एवं एड. बब्बन सिंह आदि मौजूद थे।



शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार



मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा करते पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रंजीत बहादुर श्रीवास्तव।

# सड़कों पर दिखी अयोध्या जाने की ललक

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन रामलला के दर्शन करने के लिए लालायित श्रद्धालु साइकिल या फिर पैदल ही लंबी दूरी तय कर गंतव्य तक जा रहे हैं। हाड़ कंपा देने वाली ठंड पर श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ रही है।

उत्तराखंड के चमौली गढ़वाल के शिव मंदिर के महंत बाबा बर्फानी दास साइकिल से रामसनेहीघाट बार्डर पर मंगलवार को दिन में लगभग 11.30 बजे पहुंचे। नाश्ता- पानी कर अपनी साइकिल से रामनगरी की ओर निकल गए।. इससे पूर्व बाबा बर्फानी ने बताया कि भिटरिया तक 670 किलोमीटर की दूरी तय करने में मुझे दस दिन लगे। इसी प्रकार मथुरा के शनि धाम मंदिर से 16 जनवरी को अयोध्या धाम के लिए निकले श्याम विष्ट ने बताया कि वह मथुरा से साइकिल से अयोध्या जा रहे हैं। उनके साथ शनि धाम के महंत भी हैं। उनके परिवार की प्रभु श्रीराम में आस्था है। कहा कि प्रभु राम के दर्शन के लिए वे कई दिनों से इंतजार में थे। अब अयोध्या के लिए निकले हैं।



गढ़वाल से साइकिल से निकले संत।

### जांच में परियोजना प्रबंधक को सही मिली शिकायत

**त्रिवेदीगंज,बाराबंकी, अमृत विचार :** पाइप लाइन डालने के बाद उसकी पटाई न होने के चलते गांव तक वाहनों के आवाजाही से दिक्कत होने से नाराज ग्रामीणों ने सीडीओ एकता सिंह से शिकायत की थी। गौरवा उसमानपुर में ग्रामीणों की शिकायत पर पाइप लाइन बिछाने के काम की हकीकत जांचने मंगलवार को जल जीवन मिशन के परियोजना प्रबन्धक मनोज मिश्र व सहायक अभियन्ता पियूष शुक्ल त्रिलोकपुर पहुंचे थे। ग्राम वासी योगेश, सुनील वाजपेयी, शिवम्, निशांत, गोपी, अरुण, शशिशेखर ने खोद कर छोड़ दिए गए रास्ते दिखाए। ग्रामीणों की शिकायतें सही मिलने पर पाइप लाइन बिछाने वाली फर्म के ठेकेदार के नहीं मिलने पर सहायक को कड़ी फटकार लगाई।

## वर्ग पहेली-322

**बाएं से दाएं**

2. 1. छोटी मूसल 2. हल्दी की जाति का एक पौधा 3. एक औषधीय पौधा।
5. 1. ध्यान से देखना 2. निरीक्षण करना 3. चाव से निहारना।
6. 1. किसी कष्ट या आह के कारण गले से खांसने जैसी कराहने की ध्वनि निकलना 2. भारी वस्तु उठाने पर या कुश्ती में गले से निकलने वाली ध्वनि 3. बहुत कठिन परिश्रम करने
8. 1. (ज्योतिष) एक प्रकार का योग 2. पुस्तक या ग्रंथ का खंड या विभाग 3. मुख का एक विशेष रोग।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटा 2. कनिष्ठ।
3. किसी के द्वारा किसी वस्तु को सुसज्जित कराना; सुसज्जित करवाना।
4. गरजने जैसा शब्द होना, गड़गड़ाना।
5. 1. निर्मल या स्वच्छ होना 2. मैल आदि हटने से रंग-रूप का खिलना 3. पहले से बेहतर स्थिति में होना, परिमार्जित होना।
7. आठ टांगों और दो पंजों का एक जलीय कीड़ा, कर्क, (क्रैब)।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | 3 | |
| | ■ | 4 | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| 6 | | | ■ | ■ | 7 |
| ■ | | ■ | 8 | | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | |

**वर्ग पहेली - 321 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | जू | री | ■ | 2 रो | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 3 ए | ष | णी |
| ■ | 4 सं | ■ | ■ | म | ■ |
| 5 जी | व | नो | 6 पा | य | ■ |
| ■ | र | ■ | व | ■ | 7 चौ |
| ■ | ण | ■ | दा | ■ | को |
| ■ | ■ | 8 बि | न | वा | ना |

# मानव श्रृंखला से दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मंगलवार को जीजीआईसी छात्राओं द्वारा तहसील परिसर से मुख्य चौराहे तक मानव श्रृंखला बनाई गई। मानव श्रृंखला के माध्यम से छात्राओं ने सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागरूक करते हुए लोगों से यातायात नियमों का अनुपालन करने की अपील की। इससे पूर्व तहसील परिसर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उप जिलाधिकारी अनुराग सिंह, तहसीलदार शशि कुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्या, शिक्षक और राहुल शुक्ल द्वारा छात्राओं को संबोधित किया। मतदाता दिवस के अवसर पर बनने वाले स्वीप लोगो के लिए निरीक्षण किया।



नेताजी की जयंती पर राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर मौजूद लोग।

# उच्च न्यायालय से शूटर शानू को मिली जमानत

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर निवासी पत्रकार शुभममणि हत्याकांड के शूटर के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिस पर सुनवाई करते हुये प्रयागराज की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति ने शूटर को जमानत दे दी हैं। वहीं हत्याकांड के मुख्य आरोपी जेल में बंद हैं। इसके साथ ही एक नामजद आरोपी को पुलिस साढ़े तीन साल बीतने के बाद भी अभी तक नहीं पकड़ सकी है।

19 जून 2020 को ब्रह्मनगर निवासी पत्रकार शुभममणि की उन्नाव से वापस आने के दौरान सहजनी के पास दिन दहाड़े बदमाशों ने गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी थी। मृतक के भाई ऋषभमणि ने मुख्य आरोपी दिव्या अवस्थी, कन्हैया अवस्थी, राघवेन्द्र अवस्थी समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## सुडोकू -39

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | | 6 | | | 9 |
| 7 | | | | 2 | | | | |
| | 1 | | 9 | | | | 5 | |
| 8 | | | | | 2 | | 1 | |
| 4 | | | 7 | | | 9 | | |
| | 2 | | | 5 | | | 6 | |
| | | 8 | | 6 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | 8 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 5 |

**सुडोकू - 38 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 3 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 6 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 7 | 6 | 5 | 1 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 4 | 9 | 2 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 जनवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-पौष,पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-चतुर्दशी 21.49 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

## आज का पंचांग




**मुहूर्त**-अभिजित-कोई नहीं। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-11.57-12.40 तक।
**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु पूर्णरात्रि तक।

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में मनोवाञ्छित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। लंब यात्रा पर जाने का विचार बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आप काई सक्रिय रहने वाले हैं।

**वृष** — आज बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद और मार्गदर्शन लेते रहना आपके लिए लाभकारी होगा। राजनीतिक संपर्कों का आप लाभ उठायेंगे। संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे।

**मिथुन** — आज बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे जिससे आपका यश बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। सभी कार्यों को सलीके से करें। दांपत्य संबंधों में मधुरता रहेगी। नए कार्य की रूपरेखा बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क** — आज घर में अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। विरोधी आपका मज़ाक उड़ा सकते हैं। धन उधार देने से आपका धन फंस सकता है। आज का दिन धैर्यपूर्वक बिताने की सलाह दी जाती है।

**सिंह** — आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशन्सा हो सकती है। मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। आपकी दिनचर्या अनुशासित रहेगी। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी।

**कन्या** — आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताने से मन प्रसन्न होगा। गुप्त विद्याओं के प्रति आपकी रुचि बढ़ सकती है।

**तुला** — आज आपको कर्ज लेने से बचना चाहिए। अपने सिद्धान्तों के साथ समझौता न करें। अति आत्मविश्वास में आकर कोई बड़ा निर्णय न लें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी ध्यान रखना पड़ेगा। जीवनसाथी से आपको आज सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

**वृश्चिक** — आज आपको गुप्त शत्रु परेशान कर सकते हैं। अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। जॉब में बदलाव करने से बचें। शुगर के रोगियों को कुछ परेशानी हो सकती है। मन में कुछ गलतियों को लेकर पश्चाताप की भावना रहेगी।

**धनु** — आज व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आप काफी तनावमुक्त महसूस करेंगे। लवमेट्स के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। सन्तान की उन्नति से मन प्रसन्न रहेगा।

**मकर** — आज महिलाओं के लिए दिन काफी कमजोर रहेगा। जॉब संबंधित इन्टरव्यू में आपसे अटपटे सवाल पूछे जा सकते हैं। साझेदारी वाले कारोबार में पारदर्शिता अवश्य रखें। जीवनसाथी काफी रोमान्टिक मूड में रहने वाला है।

**कुंभ** — आज दिन के उतरार्द्ध में आपकी मनोस्थिति थोड़ी विचलित हो सकती है। दूसरों से ज्यादा सलाह न लें। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाक़ात होगी।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ नहीं है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास कर सकते हैं। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ायेगा। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। मन कुछ अशान्त रहने वाला है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
पृथ्वी — सुबह : 09.08
खुद्दार — दोपहर : 03.38

SONY MAX
दिल तो बच्चा है जी — सुबह : 10.52
पति पत्नी और वो — रात : 07.00

Utsav Gold
जुबान — सुबह : 09.00
किक — रात : 07.00

ZEE CINEMA
हीरो — सुबह : 11.20
त्रिमूर्ति — रात : 07.00

colors CINEPLEX
बद्रीनाथ की दुल्हनियां — सुबह : 09.33
भागम भाग — शाम : 06.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो!
पति- क्यों?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो!
पति- मैं कुछ समझा नहीं?
पत्नी- अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले और तो और आपने मेरे पांव भी दबाए...

पत्नी-अजी सुनते हो ?
ऊपर से वह बैग उतार देना! मेरा हाथ कुछ छोटा पड़ रहा है।
पति- तो जुबान से ट्राई कर ले।
फिर क्या घर में महाभारत छिड़ गई।

# पांच फीट और नीचे गिरा नैनी झील का जलस्तर

संवाददाता, नैनीताल

▶▶ सूखाताल की उपेक्षा से नैनी झील की हालत खराब

**अमृत विचार :** बीते पांच माह से वर्षा नहीं होने व झील से लगातार जल दोहन होने से नैनी झील का जलस्तर 12 फीट से घट कर 6 फीट 11 इंच पर आ गया है। यानी जनवरी के मध्य में 5 फीट नीचे आ गया है। बीते साल 23 जनवरी को झील का जलस्तर 7 फीट 1 इंच था। नैनी झील का जलस्तर एक से आधा इंच रोज घट रहा है।

अगर यही हालत रही तो इस वर्ष जल्दी ही डेल्टा दिखने के कयास लगाये जा रहे है। हालांकि अभी लोगों में वर्षा व शीतकाल में बर्फबारी होने की उम्मीद है। अच्छी वर्षा व बर्फबारी ही अब झील में संतुलन बना सकती है। प्राकृतिक रूप से नैनी झील वर्षा जल से 60 प्रतिशत व भूमिगत जल से 40 प्रतिशत रिचार्ज होती है। शीतकालीन बर्फबारी व वर्षा के बाद ही भूमिगत जल का संतुलन बना रहता है। बीते तीन वर्षों से नैनीताल में पर्याप्त बर्फबारी हुई और न ही शीतकालीन वर्षा नतीजतन इसका सीधा असर नैनी झील में पड़ा। जीवनदायिनी नैनी झील का जलस्तर अब तेजी से घटने का कारण पर्याप्त बर्फबारी शीतकालीन वर्षा नहीं होना रहा है। लेकिन इसका मुख्य कारण सूखाताल में अवैध निर्माणों के कारण झील का रिचार्ज नहीं होना भी है। झील 40 प्रतिशत भूमिगत व 60 प्रतिशत वर्षा जल से रिचार्ज होती है। जिसमें से सर्वाधिक रिचार्ज सूखाताल क्षेत्र के जलागम क्षेत्र से होता है। सूखाताल क्षेत्र में लगातार अवैध निर्माणों व इस क्षेत्र की भारी उपेक्षा के कारण नैनी झील की हालत खराब हुई है।



▶▶ सचिव पर्यटन ने राज्यपाल के समक्ष दिया प्रस्तुतिकरण

▶▶ सुविधाओं के विकास के साथ प्रचार की भी है जरूरत

# पर्यटक लें एयर सफारी और जायरोकॉप्टर का आनंद

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में आगामी दिनों में पर्यटक एयर सफारी और जायरोकॉप्टर का आनंद ले सकते हैं। पर्यटन विभाग ने प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इसके प्रयास तेज कर दिए हैं। वहीं, होम स्टे के माध्यम से भी लोगों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

यह जानकारी सचिव, पर्यटन सचिन कुर्वे ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और पहल के प्रस्तुतिकरण के दौरान मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल गुरमीत सिंह के समक्ष दी। राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि कोविड के बाद पूरा विश्व योग, आयुर्वेद, आध्यात्म और प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ लेना चाहता है, जिसके लिए उत्तराखंड से बेहतर और कोई स्थान नहीं है।

पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ-साथ प्रचार-प्रसार पर कार्य करने की जरूरत है। प्रस्तुतिकरण में सचिव ने बताया कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत प्रथम चरण में कुमाऊं के मंदिरों में सुनियोजित कार्य किए जा रहे हैं। इसमें अधिकांश मंदिरों में होने वाले विकास कार्यों की डीपीआर तैयार कर ली गई है।



# पहाड़ और मैदानी रूट पर जल्द दौड़ेंगी 330 नई बसें

**देहरादून, अमृत विचार :** प्रदेश में पहाड़ और मैदानी रूट पर जल्द ही 330 नई और आधुनिक बसें दौड़ेंगी। उत्तराखंड रोडवेज (परिवहन निगम) ने ढाई साल में न केवल 20 साल के घाटे को मात दी, बल्कि रिकॉर्ड 56 करोड़ का मुनाफा कमाकर रोडवेज की बसों को नई रफ्तार दी है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सचिवालय में परिवहन निगम के सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी एवं प्रबंध निदेशक डॉ. आनंद श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उत्तराखंड परिवहन निगम के पास वर्तमान में 1350 बसें हैं। इनका संचालन राज्य के भीतर और दूसरे राज्यों में किया जा रहा है। खासकर 151 सीएनजी युक्त बसें दिल्ली रूट पर चल रही हैं। निकट भविष्य में 200 सीएनजी बसें पहाड़ और मैदानी रूट पर संचालन के लिए खरीदने की योजना है जबकि पहाड़ी मार्गों के लिए 130 बसों को खरीदने की प्रक्रिया अंतिम चरणों में चल रही है।

**20** साल में पहली बार घाटे से उभरा परिवहन विभाग

### 8 बस स्टेशन बनकर तैयार 13 पर चल रहा है कार्य

घाटे से उभरने के बाद निगम ने 8 बस स्टेशन तैयार किए हैं जबकि 13 बस स्टेशनों का काम प्रगति पर है। हरिद्वार, ऋषिकेश, हल्द्वानी और काठगोदाम में 4 आईएसबीटी प्रस्तावित हैं। श्रीनगर, कोटद्वार, रुड़की, रानीखेत, काशीपुर में पांच वर्कशॉप बनाने के प्रस्ताव हैं।




# बैंक ऊंची दर पर वसूल रहे ब्याज : हाई कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के बावजूद बैंक मनमाने ढंग से अपने ग्राहकों से ऊंची ब्याज दर वसूल रहे हैं। न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने मनमीन सिंह नाम के एक व्यक्ति की याचिका निस्तारित करते हुए यह टिप्पणी की।

अदालत ने कहा कि आश्चर्य है कि आरबीआई दिशानिर्देश जारी करता रहा है, लेकिन इसे लागू करने के लिए उसने कुछ नहीं किया। बैंकों को मनमाने ढंग से बहुत ऊंची ब्याज दर वसूलने की अनुमति देकर वे महज एक मूक दर्शक बने रहे। देश में बैंकिंग नियामक के तौर पर आरबीआई की जिम्मेदारी पर चर्चा करते हुए अदालत ने कहा कि भले ही इन बैंकों को संदेह का लाभ दिया जाता है कि वे ब्याज दर लगाने के लिए मुक्त हैं, लेकिन यह देखना आरबीआई की जिम्मेदारी है कि ग्राहकों पर ऊंची दर से ब्याज लगाकर उन्हें परेशानी में ना डाला जाये। मामले के तथ्यों के मुताबिक, याचिकाकर्ता ने सालाना 12.5 प्रतिशत की परिवर्तनशील ब्याज दर पर स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक से नौ लाख रुपये ऋण लिया था। ऋण की पूरी रकम चुकाने के बाद उन्होंने बैंक से कोई बकाया नहीं का प्रमाण पत्र और बैंक में जमा संपत्ति दस्तावेज वापस करने के लिए अनुरोध किया

**कोर्ट-कचहरी**

▶▶ आरबीआई की कार्यशैली पर जताई नाराजगी

जो उन्हें उपलब्ध करा दिया गया।

बाद में, ऋण खाता बंद करने के दौरान याचिकाकर्ता को पता चला कि अनाधिकृत रूप से उनके खाते से 27 लाख रुपये काट लिए गए जबकि सालाना 12.5 प्रतिशत ब्याज दर से भुगतान की जाने वाली राशि 17 लाख रुपये से थोड़ी अधिक बनती थी। इसलिए उन्होंने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक को इसकी शिकायत की। याचिकाकर्ता ने आरबीआई के बैंकिंग लोकपाल से इसका समाधान निकालने के लिए संपर्क किया। हालांकि, उसे बैंक के जवाब की प्रति उपलब्ध कराए बगैर उसकी शिकायत निस्तारित कर दी गई। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता के ऋण पर 16-18 प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला गया, जबकि याचिकाकर्ता ने 12.5 प्रतिशत की दर से ब्याज का भुगतान करने की सहमति दी थी।

आरबीआई की ओर से पेश हुए अधिवक्ता सुमित कक्कड़ ने दलील दी कि आरबीआई बैंकों द्वारा वसूली जाने वाली ब्याज दरों का नियमन करता है और ऋणों पर ब्याज दर विभिन्न बाह्य कारकों पर निर्भर करती है। अदालत ने पाया कि याचिकाकर्ता से पूरे ऋण अवधि के दौरान निरंतर ऊंची दर से ब्याज वसूला गया। अदालत ने कहा कि बैंक यह कहकर अपने मनमाने तरीके पर पर्दा डालने का प्रयास कर रहा है कि याचिकाकर्ता ने फ्लोटिंग ब्याज दर पर भुगतान करने की ऋण समझौते में सहमति दी थी और आरबीआई ने बैंकों को बाजार स्थितियों के आधार पर ब्याज वसूलने की अनुमति दी है।

अदालत ने आगे कहा कि याचिकाकर्ता को इसके बारे में सूचित नहीं किया गया था और इसके परिणाम स्वरूप उसने बैंक द्वारा परिवर्तनशील ब्याज दर स्वीकार नहीं किया। आरबीआई द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के मुताबिक, ग्राहकों को नोटिस दिए बगैर और उसकी सहमति के बगैर ब्याज दर में किसी भी तरह के परिवर्तन को उस पर लागू नहीं किया जा सकता। अदालत ने इस मुद्दे को वापस बैंकिंग लोकपाल के पास भेजकर उस पर नए सिरे से निर्णय करने का आदेश दिया।

## ट्रक की टक्कर से उपनिरीक्षक की मौत

**गाजियाबाद:** दिल्ली मेरठ राजमार्ग पर बाइक से जा रहे एक पुलिस उपनिरीक्षक को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि एसआई रविंदर सिंह बालियान दिल्ली-मेरठ राजमार्ग पर मुरादनगर में आईटीएस इंस्टीट्यूट के पास एक पुलिस चौकी के प्रभारी थे। वह आधिकारिक कार्य के लिए जिला कोर्ट जा रहे थे, पुलिस चौकी से एक किलोमीटर दूर उनकी बाइक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) विवेक चंद्र यादव ने बताया कि ट्रक का चालक मौके से भाग गया लेकिन उसके सहायक को गिरफ्तार कर वाहन जब्त कर लिया गया है।

# नगर निगम के शौचालयों में हो रहा 'जादू-टोना'

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** काठगोदाम में नगर निगम ने 17 दुकानदारों के लिए सीढ़ियां तोड़कर शौचालय बनाया था लेकिन किसी ने यहां सिंदूर और गुड़िया लटका दी। गुड़िया को लाल रंग से रंगा गया है। लोग अब शौचालय जाने से डर रहे हैं।

काठगोदाम में नगर निगम ने दुकानें तो बनाईं लेकिन शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया। जब दुकानदारों को दिक्कत हुई तो नगर निगम से शौचालय निर्माण की मांग की। दुकान स्वामियों की मांग के बाद नगर निगम ने सीढ़ी को तोड़कर शौचालय का निर्माण करा दिया। इसके बाद नगर निगम ने यहां पर अपना सामान रख दिया।

10 दिन पूर्व ही शौचालय को खोला गया था और लोगों ने शौचालय का इस्तेमाल करना भी शुरू कर दिया। बीती शुक्रवार की रात को किसी ने यहां पर सिंदूर और गुड़िया लटका दी। गुड़िया को भी लाल रंग में रंगा गया है।

जिस तरह से किस्से और कहानियों में तंत्र-मंत्र के तरीके बताए जाते हैं, उसी तरह के पूरे साधन किए गए हैं। लोगों ने बताया कि शनिवार को वह जब यहां शौचालय में पहुंचे तो यह सब देखकर ही डर गए। स्थानीय लोगों का भी कहना है कि बीती रात एक मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को भी यहां पर देखा गया था। कई लोग इसे तंत्र विद्या से जोड़कर देख रहे हैं तो कुछ इसे अराजक तत्वों की हरकत बता रहे हैं। फिलहाल शौचालय का इस्तेमाल करने से लोग डर रहे हैं।



शौचालय में लटकाई गई गुड़िया।

**सनसनी**

▶▶ 17 दुकानों के व्यापारियों के लिए बना था शौचालय

▶▶ शौचालय बनाते ही किसी ने लाल रंग से रंगी गुड़िया टांगी



यह किसी अराजक तत्व ने किया है। किसी भी तरह की तंत्र विद्या जैसा मामला जुड़ा हुआ नजर नहीं आ रहा है। नगर निगम सफाई करवा देगा।
**-पंकज उपाध्याय,** नगर आयुक्त, हल्द्वानी

# वजूखाना के सर्वेक्षण पर हाई कोर्ट में सुनवाई आज

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ वादी राखी सिंह की ओर से हाई कोर्ट में दाखिल की गई है याचिका

**अमृत विचार : इलाहाबाद** हाई कोर्ट वाराणसी की अदालत के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर गुरुवार को सुनवाई करेगा जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद में पाये गये कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का सर्वेक्षण कराने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को निर्देश देने से मना कर दिया था। यह पुनरीक्षण याचिका राखी सिंह द्वारा दायर की गई है जो श्रृंगार गौरी पूजा वाद में वादकारियों में से एक हैं। यह याचिका वाराणसी की जिला अदालत में लंबित है।

वाराणसी की अदालत ने दिए आदेश में राखी सिंह की यह दलील खारिज कर दी थी कि कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का सर्वेक्षण प्रश्नगत संपत्ति का धार्मिक चरित्र निर्धारित करने के लिए आवश्यक है। हालांकि, राखी सिंह का आवेदन खारिज करते हुए जिला जज ने अपने आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में उस क्षेत्र को संरक्षित करने का आदेश दिया था जहां कथित तौर पर शिवलिंग पाया गया। इसलिए एएसआई को उस क्षेत्र का सर्वेक्षण करने का निर्देश देना उचित नहीं है ।

## भाजपा नेता की सभा में शामिल दरोगा और सिपाही निलंबित

**आगरा :** जिले में भाजपा के एक नेता की सभा में अपनी ड्यूटी छोड़कर शामिल होने वाले एक दरोगा समेत दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ है। पुलिस उपायुक्त रवि कुमार ने कहा कि मनसुखपुरा थाने में तैनात उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार और सिपाही जनमेश के को निलंबित कर दिया गया है। यह मामला थाना मंसुखपुरा के शाहपुर खालसा का है जहां शनिवार को आयोजित सभा में यह पुलिककर्मी ड्यूटी छोड़ शामिल हुए थे।

# जुआ खेलती मिली पुलिस, एसएसपी ने की लामाचौड़ चौकी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▶▶ एसपी सिटी ने चौकी पर मारा छापा, चौकी प्रभारी, हेड कांस्टेबल, 3 कांस्टेबल नपे

**अमृत विचार :** जब रात पहरेदारी का वक्त था तब लामाचौड़ पुलिस चौकी के प्रभारी सुनील गोस्वामी साथी पुलिस कर्मियों के साथ जुआ खेल रहे थे। एसपी सिटी ने आधी रात को चौकी में छापा मारा तो सभी रंगेहाथ पकड़े गए। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने सभी को लाइन हाजिर कर दिया है।

आज बुधवार को बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है। एसएसपी की ओर से लगातार बैठक कर चौकसी के निर्देश दिए जा रहे हैं। वहीं, गणतंत्र दिवस भी करीब है। बीती सोमवार रात एसपी सिटी हरबंस सिंह शहर के निरीक्षण पर निकल गए। रात के करीब 2 बजे चौराहों का निरीक्षण करते वह लामाचौड़ पुलिस चौकी पहुंचे तो चौकी के बाहर सन्नाटा था। अंदर पहुंचे तो चौकी प्रभारी सुनील गोस्वामी, हेड कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह, कांस्टेबल शंकर सिंह, धीरज सुगड़ा और चौकी प्रभारी का वाहन चालक सोबन सिंह अंदर जुआ खेल रहे थे। एसपी सिटी को सामने देख सभी के होश उड़ गए।

एसपी सिटी ने एसएसपी को उसी समय मौखिक रूप से अवगत कराते हुए मंगलवार को इसकी रिपोर्ट सौंप दी, जिसके बाद एसएसपी ने चौकी प्रभारी, एक हेड कांस्टेबल और 3 कांस्टेबल सहित पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने कहा कि सभी को मुस्तैदी से काम करना होगा। कोताही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने एसपी सिटी को आगे भी इसी तरह की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# खोदाई में निकले मुगलकालीन सिक्के

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** जिले की गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव में सड़क निर्माण के लिए मिट्टी खोदाई के दौरान खेत से मुगलकालीन सिक्के मिले हैं। फावड़े से मिट्टी समतल करने के दौरान मिट्टी का बर्तन फूटा तो उसमें निकले सोने-चांदी के सिक्कों को ग्रामीण उठाकर ले जाने में जुट गये। करीब 1 किलो 300 ग्राम वजन के सौ से ज्यादा सिक्के लेकर ठेकेदार भाग गया। कुछ सिक्के ग्रामीणों के भी हाथ लगे। जानकारी होने पर सीओ, एसडीएम भी गांव पहुंचे। ग्राम प्रधान ने ठेकेदार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव हरगोविंदपुर गांव में सड़क निर्माण के लिए ग्राम प्रधान कमलेश द्वारा मिट्टी डलवाई जा रही थी। सोमवार शाम को ठेकेदार सोमवीर मजदूरों के साथ गांव लहरा नगला श्याम के मनीराम के खेत से ट्रैक्टर ट्राली में मिट्टी लेकर गांव हरगोविंदपुर पहुंचा। मिट्टी पलटने के बाद ठेकेदार सोमवीर ने मजदूरों से सतीश के घर के सामने मिट्टी को समतल कराना शुरू किया तो फावड़े से मिट्टी समतल किए जाने के दौरान मिट्टी का बर्तन फूटा तो चारों तरफ सिक्के बिखर गये। ठेकेदार व मजदूरों ने मुगलकालीन सिक्कों को समेटना शुरू कर दिया। मिट्टी से खजाना निकलने की बात फैली तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ठेकेदार ने गांव के ही रघुनंदन से सिक्के साफ कराए। इसके बाद ठेकेदार सिक्कों को लेकर भाग गया। गांव की महिलाएं और बच्चे भी मिट्टी में सिक्के तलाशने में जुट गए। उन्हें भी कई सिक्के मिले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि तहरीर मिली ही है मामले की जांच की जा रही है।



▶▶ मिट्टी को समतल करने के दौरान फूटा बर्तन तो निकले सिक्के

▶▶ मुगलकालीन सिक्कों को लेकर भागा ठेकेदार, ग्रामीण भी पहुंचे

# बीमारी से सेना के जवान की मौत, अंतिम विदाई दी

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** भारतीय सेना में तैनात बंगाल इंजिनियरिंग के जवान गौरव लटवाल की इलाज के दौरान मौत हो गई। गौरव लटवाल (24) पुत्र बालम सिंह लटवाल निवासी नौंदा कोटाबाग इन दिनों रुड़की में तैनात थे। मंगलवार को जवान गौरव का सीतावनी घाट में सैन्य समान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस मौके पर जवानों ने उन्हें बंदूकों की सलामी दी।

गौरव के बड़े भाई हरेन्द्र अटवाल भी भारतीय सेना में तैनात हैं। बताया कि उनका भाई गौरव साढ़े पांच वर्ष से सेना में सेवा दे रहा था। बीते 1 जनवरी को गौरव की अचानक तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद दिल्ली आर्मी अस्पताल में भर्ती के बाद जांच कराई। डॉक्टरों की रिपोर्टों में कोई बीमारी नहीं निकली। रविवार को उसकी तबीयत और बिगड़ गई। उपचार के दौरान रात दम तोड़ दिया। गौरव का शव लेकर उसके साथी मंगलवार सुबह गांव पहुंचे तो उसकी मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।



गौरव लटवाल।

# अनुकंपा नियुक्ति दे देने से ग्रेच्युटी भुगतान से नहीं कर सकते इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ग्रेच्युटी भुगतान के एक मामले में अपने आदेश में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति दे देने से महाविद्यालय ग्रेच्युटी भुगतान से इनकार नहीं कर सकता। अतः अगली निर्धारित तिथि तक याची को ग्रेच्युटी का भुगतान किया जाए या भुगतान न करने का कारण बताया जाए।

मामले को आगामी 15 फरवरी 2024 को सूचीबद्ध किया गया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने पुष्पा देवी की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार याची के पति की वर्ष 2021 में बुन्देलखण्ड महाविद्यालय, झांसी में सहायक प्रोफेसर (विधि) के रूप में कार्य करते हुए कोविड-19 के कारण मृत्यु हो गई। उन्हें कोई मृत्यु-सह- सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी का भुगतान नहीं किया गया। याची का दावा है कि उनके पति की महामारी में असामयिक मृत्यु हो गई, इसलिए ग्रेच्युटी के लिए उनके दावे को अस्वीकार नहीं किया जा सकता है, हालांकि वह स्वीकार करती हैं कि उनके बेटे को अनुकंपा के आधार पर संस्थान में जूनियर क्लर्क के रूप में नियुक्ति दी गई है।

### दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष कारावास की सजा

मुजफ्फरनगर : जिले की एक अदालत ने करीब आठ वर्ष पहले एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ बलात्कार करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए मंगलवार को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता विनय कुमार अरोड़ा ने बताया कि मुजफ्फरनगर की पॉक्सो (अधिनियम) अदालत की विशेष न्यायाधीश अंजली कुमार सिंह ने आरोपी पप्पू को 17 वर्षीय एक लड़की का अपहरण कर उससे बलात्कार करने के मामले में दोषी ठहराया और दस साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी पप्पू पर 27 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

# मोदी की रामजी से माफी और योगी की हुंकार के मायने

**भगवान** श्रीराम के अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण जहां एक ओर भारतीय और अंतरराष्ट्रीय हिंदु समुदाय के लिए गर्व की बात है, वहीं भगवान श्रीराम के मंदिर में उनके बाल स्वरूप राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत के विश्व गुरु बनने का पथ प्रशस्त कर दिया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामजी से मांगी गई माफी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हुंकार दूर तक संदेश देने के लिए काफी है। उनकी माफी के पीछे कांग्रेस और उसकी केंद्र में कई दशकों तक रही सरकारों पर कड़ा प्रहार है। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन वे राजनीतिक बातें न करते हुए भी अपने अंदाज में बहुत कुछ कह गए। सबके राम और राम विवाद नहीं, समाधान हैं, के जरिए वे वर्ष- 2024 के लोकसभा चुनाव की जमीन भी तैयार कर गए हैं। इस मौके पर योगी आदित्यनाथ की हुंकार भी कोई कम संदेश नहीं देती है। वे कहते भी हैं कि अब अयोध्या की गलियों में गोलियों की तड़तड़ाहट नहीं सुनाई देगी, परिक्रमा में कोई बाधा नहीं बनेगा। इतना कहना रामभक्तों में ऊर्जा भरने के लिए काफी है।



*-गोलेश स्वामी, वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ*

**प्रभु कृपा** हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स ने सोने-हीरे, माणिक्य, पन्ना से 14 दिन में तैयार किए रामलला के भव्य आभूषण

# चमत्कार से कम नहीं था आभूषणों का आर्डर मिलना

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** सदियों की लंबी प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में सोमवार को रामलला अपने नव्य-दिव्य मंदिर में विराजमान हो गए। बाल स्वरूप में स्थापित प्रभु की मोहिनी मूरत के अलौकिक सौंदर्य से नजरें नहीं हटतीं। इस दिव्यता के अनुरूप ही रामलला के विग्रह को पहनाये गए आभूषण भी भव्य हैं। सोने-हीरे, माणिक्य, पन्ना से रामलला के आभूषण गढ़ने की जिम्मेदारी निभाने वाले हरसहायमल श्यामलाल ज्वैलर्स बरेली के निदेशक मोहित आनंद व लखनऊ के गोमतीनगर ब्रांच के संचालक इनके छोटे भाई अंकुर आनंद गदगद हैं।

मोहित आनंद ने अमृत विचार से बातचीत में बताया कि रामलला के आभूषणों का आर्डर मिलना हमारे लिए चमत्कार से कम नहीं था। जानकारी मिली तो हम हतप्रभ रहे गए। समझ नहीं आया कि इसे कैसे व्यक्त करें। न कोई सोर्स न फोर्स। सिर्फ 14 दिनों के अंदर रामलला के बालपन की स्वाभाविकता के अनुरूप 14 दिव्य आभूषण तैयार करने की चुनौती पूरी करना उन्हीं की कृपा के बिना संभव नहीं था। फर्म के कुशल करीगरों ने दिन-रात मेहनत कर ये आभूषण तैयार किए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास से भरे एक सदी से ज्यादा के सफर को रामलला का आशीर्वाद मिला है। इसे सहजकर रखने की जिम्मेदारी और बड़ी है। रामलला के आभूषणों के आर्डर पर मोहित कहते हैं कि यह गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास के करीब 130 साल से चले आ रहे सफर को प्रभु के आशीर्वाद स्वरूप मिला प्रसाद है। इसे व्यक्त करने के लिए शब्द ही नहीं हैं।





▶▶ गुणवत्ता, शुद्धता और विश्वास के सफर को मिला रामलला का आशीर्वाद

### रामलला के प्रति अतुल्य आस्था को ध्यान में रख बनाए आभूषण

मोहित आनंद ने बताया कि 2 जनवरी को ऑर्डर मिला। समय काफी कम था और चुनौती बड़ी। आर्डर मिलने के बाद नाप-फिटिंग व अन्य चर्चा के लिए तीन बार अयोध्या जाना पड़ा। रामलला से जुड़ी अतुल्य-अक्षुण्य आस्था का ध्यान रखना था। ऐसे में टीम ने लंबी रिसर्च की। पुरानी पेंटिंग देखीं। अध्यात्म रामायण, श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, श्रीरामचरित मानस,आलवंदार स्त्रोत के अध्ययन, उनमें वर्णित श्रीराम की शास्त्र सम्मत शोभा के अनुरूप शोध और अध्ययन किया। डिजाइन तैयार करने में दो दिन लग गए। इसके बाद 70 कुशल कारीगरों को लगाकर 14 दिन तक दिन-रात काम किया गया। 16 जनवरी की शाम को आभूषण तैयार कर मंदिर ट्रस्ट को सौंप दिए। आभूषणों में करीब 14 किलोग्राम सोना लगा है। तीन हजार माणिक्य, 18 हजार पन्ना के साथ हीरे भी जड़े हैं। अब मन बहुत आह्लादित है।

### 1893 में शुरू हुआ कारोबार

बदायूं में मोहित आनंद के दादा के दादा हरसहायमल ने 1893 में आभूषणों का काम शुरू किया था। अब ये फर्म 130 साल पुरानी हो चुकी है। बदायूं में 100 साल से ज्यादा तक परिवार ने कारोबार किया। 2007 में बरेली आए । इसके बाद कारोबार बढ़ता गया। 2016 में लखनऊ में शोरूम खुला। वहां मोहित आनंद के छोटे भाई अंकुर आनंद जिम्मेदारी संभालते हैं।

## कोतवाली के पास खड़े ट्रक में लगी आग

**टनकपुर, अमृत विचार:** कोतवाली गेट के पास खड़े ट्रक में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। ट्रक के भीतर किसी के न होने से एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस शॉर्ट सर्किट से आग लगने का मुख्य कारण मान रही है। चर्चा है कि यह ट्रक पिथौरागढ़ के सरन ट्रांसपोर्ट का है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोमवार रात्रि ट्रक संख्या यूके 05 सीए 1052 में एकाएक आग लग गई। पिथौरागढ़ के गुरना गांव का ट्रक चालक हरीश वाहन को लॉक कर नायक गोठ गांव में रहने वाले दोस्त हरीश मेहता के घर खाना खाने गया था। सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम ने आग बुझाई लेकिन तब तक ट्रक का अधिकांश हिस्सा जलकर राख हो चुका था।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1120 डीएमओ 995 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँ (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 चना |
| देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूँग खड़ा | 10000-10500 |
| मूँग दाल | 10500-11000 |
| मूँग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 |
| तेल सरसों (प्रति 15 ) | 1475-1900 |
| तेल अलसी | 2600-2700 |
| तेल तिल्ली | 2600-2700 |

# निवेश के लिए प्रमुख वैश्विक कंपनियों की पहली पसंद भारत

## डब्ल्यूईएफ की बैठक में सुविधाओं को लेकर हुई चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह स्विट्जरलैंड के दावोस में संपन्न विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में शामिल प्रमुख वैश्विक कंपनियों ने भारत को निवेश के लिए अनुकूल देश माना है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने दावोस बैठक में कई कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से मुलाकात की और देश में निवेश को सुविधाजनक बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

दावोस बैठक में शामिल भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा रहे सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ के दौरान भारत को लेकर प्रमुख कंपनियों की निवेश धारणा में स्पष्ट बढ़त देखी गई और वे भारत में वृद्धि के लिए व्यापक दृष्टिकोण का स्पष्ट रुझान रखते हैं।

उन्होंने दावोस बैठक के दौरान वोल्वो के चेयरमैन एवं सीईओ मार्टिन लुंडस्टैड, ऑडी के चेयरमैन एवं सीईओ गर्नोट डोएलनर और इकोलैब के चेयरमैन एवं सीईओ डारेल ब्राउन समेत कई शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात की। सचिव ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत के निवेश परिदृश्य को अनुकूल नजरिये से देखा गया।

### भारत की मौजूदगी से वैश्विक विश्वास को बढ़ावा



डीपीआईआईटी सचिव राजेश सिंह ने कहा कि डब्ल्यूईएफ में भारत की मौजूदगी विश्वास के वैश्विक माहौल को बढ़ावा देने और मौजूदा आर्थिक सुधारों को लेकर आत्मविश्वास जगाने की देश की प्रतिबद्धता पर जोर देने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूईएफ-2024 में यह प्रभावशाली उपस्थिति वैश्विक मंच पर खुद को एक विश्वसनीय और प्रभावशाली पक्ष के रूप में स्थापित करने की भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है।

## सीमेंट उद्योग 15-16 करोड़ टन क्षमता जोड़ने को तैयार

**मुंबई।** बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की बढ़ती मांग के चलते सीमेंट उद्योग वित्त वर्ष 2024-25 से 2027-28 के बीच 15-16 करोड़ टन की क्षमता जोड़ सकता है। क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया कि क्षमता वृद्धि बढ़ती मांग को पूरा करने के साथ ही अत्यधिक प्रतिस्पर्धी उद्योग में बाजार हिस्सेदारी को मजबूत करने के लिए भी की जाएगी। सीमेंट की मांग वित्त वर्ष 2021-22 में आठ प्रतिशत और 2022-23 में 12 प्रतिशत बढ़ी थी। अगले वित्त वर्ष में 7-7.5 करोड़ टन अतिरिक्त क्षमता के जुड़ने की उम्मीद है। इनमें 50-55 प्रतिशत पूर्वी और मध्य क्षेत्रों से होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि योजनाबद्ध क्षमता वृद्धि में बड़े खिलाड़ियों की हिस्सेदारी 50-55 प्रतिशत होगी।

# सोने, चांदी के हुक, सिक्कों पर अब आयात शुल्क 15 प्रतिशत

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने जारी की अधिसूचना

सरकार ने पांच प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर लगाकर सोने और चांदी के पिन, हुक जैसे उत्पादों (फाइंडिग्स) तथा सिक्कों पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक अधिसूचना में कहा कि कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क बढ़ाया गया है। अब इसपर 4.35 प्रतिशत कृषि अवसंरचना विकास उपकर (एआईडीसी) लगाया गया है।

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क को सर्राफा के बराबर लाने के उद्देश्य से 10 प्रतिशत के मूल सीमा शुल्क के अतिरिक्त एआईडीसी लगाया गया है। सोने या चांदी के 'फाइंडिग्स' का मतलब हुक, क्लैंप, पिन या स्क्रू बैक जैसे छोटे



उत्पादों से है, जिसका उपयोग आभूषण के पूरे टुकड़े या उसके एक हिस्से को आपस में जोड़ने या थामने के लिए किया जाता है।

अतिरिक्त शुल्क 22 जनवरी से अमल में आ गया है। सरकार ने 2021-22 के बजट में कृषि अवसंरचना के वित्तपोषण के लिए कुछ उत्पादों पर आईडीसी उपकर लगाने का प्रस्ताव किया था।

## मलेशिया एयरलाइंस की भारत में विस्तार की योजना

**नई दिल्ली।** मलेशिया एयरलाइंस जल्द ही एक भारतीय वाहक के एक कोडशेयर साझेदारी करेगी। साथ ही देश में पूर्वोत्तर तथा दक्षिणी गंतव्यों तक अपने परिचालन का विस्तार करेगी। मलेशिया एविएशन ग्रुप के समूह प्रबंध निदेशक कैप्टन इज़हाम इस्माइल ने कहा कि भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हम एक देश के रूप में भारत की सफलता की गाथा का हिस्सा बनना चाहते हैं। मलेशिया एयरलाइंस नौ भारतीय शहरों के लिए कुल 69 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है। यह नौ भारतीय गंतव्यों को मलेशिया से जोड़ती है। ये नौ शहर दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोच्चि, अमृतसर, अहमदाबाद और तिरुवनंतपुरम हैं। पिछले सप्ताह भारत की यात्रा पर आए इस्माइल ने कहा कि बातचीत अंतिम चरण में हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,650 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,750-47,950 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,200 |
| चांदी तैयार | 73,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,650 |
| चांदी पक्की | 728 (अनुमानित) |

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| गेहूँदड़ा | 2525-2550 |
| आर.आर.21 | 2700-2750 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूँग | 8500-8800 |
| अरहरफूल | 14300-14500 |
| अरहरस्पेशल1 | 12100-12300 |
| चनादाल | 6600-6700 |

## आरईसी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 13.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ लगभग 13.5 प्रतिशत बढ़कर 3,308.42 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,915.33 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय सालाना आधार पर 9,795.47 करोड़ रुपये से बढ़कर 12,071.54 करोड़ रुपये हो गई।

# एनपीएस को आकर्षक बनाने को उठाए जा सकते हैं कदम

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ पीएफआरडीए कराधान के मोर्चे पर ईपीएफओ में समानता का अनुरोध किया

सरकार 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान तथा निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। पेंशन फंड नियामक पीएफआरडीए ने नियोक्ताओं द्वारा योगदान के लिए कराधान के मोर्चे पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) में समानता का अनुरोध किया है। इस संबंध में कुछ घोषणाएं अंतरिम बजट में किए जाने की उम्मीद है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। वर्तमान में कर्मचारियों के लिए कोष निर्माण में नियोक्ताओं के योगदान में




असमानता है, जिसमें कॉर्पोरेट द्वारा मूल वेतन तथा महंगाई भत्ते के 10 प्रतिशत तक के योगदान को एनपीएस योगदान के लिए कर से छूट दी गई है, जबकि ईपीएफओ के मामले में यह 12 प्रतिशत है। डेलॉयट की बजट अपेक्षाओं के अनुसार, एनपीएस के माध्यम से दीर्घकालिक बचत को बढ़ावा देने और 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर के बोझ को कम करने के लिए एनपीएस के वार्षिकी हिस्से को 75 वर्ष की आयु से धारकों के लिए कर मुक्त किया जाना चाहिए। सरकारी कर्मचारियों के संबंध में सरकार ने पिछले साल उपाय सुझाने के लिए वित्त सचिव टी.वी. सोमनाथन के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया था।

### नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की उठी मांग

वित्तीय परामर्श एवं ऑडिट सेवा देने वाली कंपनी डेलॉयट के अनुसार एनपीएस को ब्याज तथा पेंशन के साथ शामिल किया जा सकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को एनपीएस से प्राप्त आय पर रिटर्न दाखिल न करना पड़े। वर्तमान में 60 प्रतिशत की एकमुश्त निकासी कर मुक्त है। नई कर व्यवस्था के तहत एनपीएस योगदान के लिए कर छूट प्रदान करने की भी मांग उठ रही है। अभी धारा 80सीसीडी (1बी) के तहत एनपीएस में किसी व्यक्ति के 50,000 रुपये तक के योगदान पर पुरानी कर व्यवस्था के तहत कटौती होती है।



## सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री गडकरी ने दी जानकारी

# पर्वतमाला परियोजनाओं की संख्या 400 की जाएगी : गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार पर्वतमाला परियोजना के तहत परियोजनाओं की संख्या अगले पांच साल में बढ़ाकर कम-से-कम 400 करने की योजना बना रही है। पर्वतमाला परियोजना या राष्ट्रीय रोपवे विकास कार्यक्रम बुनियादी ढांचा विकास का हिस्सा है। सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में हमने पर्वतमाला परियोजना शुरू की है। यह परियोजना देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

हमने इसके तहत 1.25 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं



की पहचान की है और ऐसी परियोजनाओं की संख्या 400 या उससे अधिक हो सकती है। पिछले साल सरकार ने कहा था कि वह इस कार्यक्रम के तहत पांच साल में 1,200 किलोमीटर से अधिक की लंबाई वाले रापवे के लिए 250 से अधिक परियोजनाएं विकसित करने की योजना बना रही है।

सरकार मेक इन इंडिया पहल के तहत रोपवे उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसको देखते हुए देश में एक बहुत अच्छा बुनियादी ढांचा विकसित करने की जरूरत है।

मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के लिहाज से आज हम पांचवें स्थान पर है...और अगले पांच साल में हम तीसरे स्थान पर होंगे...यही कारण है कि हम देश में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा विकसित कर रहे हैं। गडकरी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धौला कुआं-मानेसर खंड पर यातायात की भीड़-भाड़ पर चिंता जताई।

## यह शर्मनाक है कि हम नहीं जानते नेताजी के साथ क्या हुआ था : ममता

कोलकाता, एजेंसी

▸▸ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने जयंती पर नेता जी को दी श्रद्धांजलि

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि यह देश के लिए शर्म की बात है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के लापता होने के इतने वर्षों बाद भी लोग यह नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था और न ही उन्हें उनकी मौत की तारीख पता है। उन्होंने नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा न निभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा।



केंद्र द्वारा राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए सोमवार को केंद्र सरकार के कार्यालयों में आधे दिन के अवकाश की घोषणा करने के स्पष्ट संदर्भ में ममता ने कहा कि आज कल राजनीतिक विज्ञापनों के लिए छुट्टियों की घोषणा की जाती है लेकिन उन लोगों के लिए कोई घोषणा नहीं की गयी जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर कर दी थी।

ममता ने बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद कहा, यह भारत का दुर्भाग्य है कि इतने वर्षों बाद भी हमारे पास नेताजी की मौत की तारीख नहीं है। हम नहीं जानते कि उनके साथ क्या हुआ था। यह शर्मनाक है। देश मंगलवार को नेताजी की 127वीं जयंती मना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले नेताजी के लापता होने की जांच कराने का वादा किया था लेकिन बाद में वह भूल गयी।

# नगर निकाय ने सड़क किनारे बनीं अवैध दुकानों पर चलाया बुलडोजर

ठाणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

ठाणे जिले के नया नगर में सड़क किनारे बनीं अवैध दुकानें मंगलवार को बुलडोजर से तोड़ दी गईं जहां दो दिन पहले सांप्रदायिक झड़प हुई थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नया नगर क्षेत्र में द्रुत कार्य बल (आरएएफ) की एक टीम सहित पुलिसकर्मियों की बड़ी टुकड़ी तैनात की गई ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। दुकानों को तोड़े जाने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर रविवार रात मुंबई के बाह्य इलाके नया नगर में आयोजित एक वाहन रैली के दौरान दो समुदायों के सदस्य आपस में भिड़ गए थे। पुलिस ने बताया था कि लोहे की छड़ों, लाठियों एवं बल्लों से लैस भीड़ ने धार्मिक नारे लगाए और उस व्यक्ति पर हमला कर दिया जो तीन वाहनों और 10 दोपहिया वाहनों वाली एक शोभायात्रा में शामिल था। अधिकारियों के अनुसार, पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में 50-60 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और 13 लोगों को हिरासत में लिया है।



मुंबई में दो समुदायों में तनाव उत्पन्न होने के बाद तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

### दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने छात्रों पर किया हमला

पुणे। दक्षिणपंथी कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के पुणे स्थित भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) में मंगलवार को घुसकर 1992 के बाबरी मस्जिद विध्वंस से जुड़े बैनर लगाए जाने को लेकर संस्थान के छात्रों पर हमला कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एफटीआईआई छात्र संघ (एफएसए) ने दावा किया कि जिन छात्रों पर हमला किया गया, उनमें एफएसए के अध्यक्ष मनकप नोकवोहम भी शामिल हैं।

## एक नजर

### रेलवे के तीन कर्मचारियों की लोकट ट्रेन की चपेट में आने से मौत

मुंबई। महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई के पास एक लोकल ट्रेन की चपेट में आने से पश्चिम रेलवे (डब्ल्यूआर) के तीन कर्मचरियों की मौत हो गई। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सोमवार रात आठ बजकर 55 मिनट पर वसई रोड और नायगांव स्टेशन के बीच हुई। मृतकों की पहचान मुख्य सिग्नल निरीक्षक (भायंदर) वासु मित्रा, इलेक्ट्रिकल सिग्नल मेंटेनर (वसई रोड) सोमनाथ उत्तम लाम्बुत्रे और हेल्पर सचिन वानखड़े के रूप में हुई।

### मनोज जारांगे मुंबई में अनशन करने पर अड़े

**पुणे।** आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जारांगे ने मंगलवार को कहा कि मराठा समुदाय के सदस्य 26 जनवरी को मुंबई में ताकत दिखाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह आरक्षण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे। जारांगे ने 20 जनवरी को जालना जिले से मुंबई की ओर मार्च किया और रास्ते में हजारों समर्थक मार्च में शामिल हुए। वह मंगलवार को पुणे जिला पहुंचे। उन्होंने कहा कि मराठा समुदाय के लगभग दो-ढाई करोड़ लोग मुंबई आएंगे।

## प्रधानमंत्री ने बच्चों से की भेंट



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मंगलवार को 2024 के प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और साथ में फोटो भी खिंचवाया। ● एजेंसी

## भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार आईएएस बिश्नोई निलंबित

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले हाल ही में गिरफ्तार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी प्रेमसुख बिश्नोई को निलंबित कर दिया है। कार्मिक विभाग ने सोमवार रात इस बारे में आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार आईएएस अधिकारी और मत्स्य विभाग के निदेशक प्रेमसुख बिश्नोई को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित) 2018 एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी के तहत दर्ज प्राथमिकी में प्रथम दृष्टया लिप्त पाया गया। ब्यूरो ने शुक्रवार (19 जनवरी) को बिश्नोई को गिरफ्तार किया और 48 घंटे से अधिक समय तक उन्हें पुलिस/न्यायिक अभिरक्षा में रखा गया।

## मुस्लिमों की सार्वजनिक पिटाई पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने 2022 में खेड़ा जिले के एक गांव में मुस्लिम समुदाय के पांच लोगों की सार्वजनिक रूप से पिटाई के मामले में गुजरात पुलिस से नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को बांधने और पिटाई करने का अधिकार कहां से मिला। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ गुजरात हाईकोर्ट के 19 अक्टूबर, 2023 के आदेश के खिलाफ चार पुलिस कर्मियों- निरीक्षक एवी परमार, उप-निरीक्षक डीबी कुमावत, हेड कांस्टेबल केएल दाभी और आरआर दाभी की अपील पर सुनवाई कर रही थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, आपके पास कानून के तहत लोगों को खंभे से बांधने और पिटने का कोई अधिकार नहीं।

# राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं : राहुल

डोमडोमा (असम), एजेंसी

▸▸ कांग्रेस नेता ने कहा-अयोध्या में हुआ कार्यक्रम राजनीतिक था

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि राम मंदिर के नाम पर लहर नहीं है तथा अयोध्या में सोमवार को जो हुआ वह एक राजनीतिक कार्यक्रम था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शो किया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि असम में उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में अवरोध पैदा करने का जितना प्रयास किया जा रहा है उससे उनकी यात्रा को उतना ही प्रचार मिल रहा है। राहुल गांधी का कहना था कि कि



मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के धमकाने वाले कदमों से वह डरने वाले नहीं हैं।

यह पूछे जाने पर कि राम लहर का मुकाबला करने के लिए उनके पास क्या योजना है, तो कांग्रेस नेता ने कहा ऐसी कोई बात नहीं है कि लहर है। यह भाजपा का राजनीतिक कार्यक्रम था। प्रधानमंत्री ने फंक्शन किया, शो किया। वो सब ठीक है, अच्छी बात है। लेकिन हम स्पष्ट हैं कि देश को मजबूत बनाने के लिए पांच न्याय की योजना हमारे पास है। यह हम आपके सामने रखेंगे। इस सवाल पर कि क्या वह यात्रा के दौरान अयोध्या जाकर राम मंदिर का दर्शन करेंगे तो राहुल गांधी ने कहा कि फिलहाल वह यात्रा मार्ग का अनुसरण करेंगे।

## कांग्रेस का राज्य स्तरीय सम्मेलन 25 से

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज करने के मकसद से 25 जनवरी से देश भर में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करने जा रही है जिनमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बूथ से लेकर राज्य स्तर तक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में जोश भरने का प्रयास करेंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वेणुगोपाल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, आने वाले कुछ हफ्तों में विभिन्न राज्यों में राज्य स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी।

**उपलब्धि** | उत्तर प्रदेश के अस्पताल को सामाजिक कामों के बदले मिला ईनाम

# 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ नेता जी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर होती है इस पुरस्कार की घोषणा

उत्तर प्रदेश के 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए साल 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस पुरस्कार के तहत संस्था के मामले में 51 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र तथा किसी व्यक्ति के मामले में 5 लाख रुपये नकद और एक प्रमाण पत्र पुरस्कार के रूप में दिया जाता है।

एक आधिकारिक बयान में बताया गया है कि 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए संस्थागत श्रेणी में पुरस्कार के लिए चुना गया है। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने आपदा के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से एक वार्षिक पुरस्कार स्थापित किया है।

इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस 60 पैराशूट फील्ड अस्पताल की स्थापना 1942 में की गई थी। यह भारतीय सशस्त्र बलों का एकमात्र हवाई चिकित्सा प्रतिष्ठान है जिसने विभिन्न वैश्विक संकटों में अपनी असाधारण सेवा दी है। सहायता प्रदान करना शामिल है।

# आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में भारत का दबदबा, रोहित शर्मा कप्तान

## टीम में सबसे ज्यादा खिलाड़ी भारत के, अन्य में ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के शामिल

**दुबई, एजेंसी**

रोहित शर्मा को मंगलवार को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय टीम का कप्तान चुना गया, जिसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और मोहम्मद शमी व मोहम्मद सिराज की तेज गेंदबाजी जोड़ी के अलावा दो और भारतीयों को जगह मिली है। आईसीसी के मुताबिक टीम में जगह बनाने वाले अधिकतर खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे भारत और ऑस्ट्रेलिया के अलावा सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से हैं।



### रोहित और शुभमन चुने गए ओपनर



एकदिवसीय टीम में पारी का आगाज करने का मौका रोहित और शुभमन गिल को दिया गया है। भारतीय कप्तान ने पिछले साल एकदिवसीय प्रारूप में 52 के औसत से 1255 रन बनाए। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 208 रन की पारी खेली और 1584 रन के साथ इस प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड को जगह मिली है जिन्होंने पिछले साल लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और भारत के खिलाफ फाइनल में 137 रन की पारी खेली।

### रविंद्र जडेजा और अश्विन को भी मिली जगह

साल की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट टीम में भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी जगह मिली है। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का कप्तान चुना गया है। अश्विन भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाली बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैच में 25 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज थे। जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार विकेट चटकाने के अलावा 48 रन भी बनाए थे। भारत हालांकि यह मुकाबला हार गया था।

### मध्यक्रम में विराट कोहली भी शामिल

मध्यक्रम में कोहली, न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल के अलावा दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन और मार्को यानसेन शामिल हैं। कोहली एकदिवसीय प्रारूप में 1337 रन बनाकर दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्होंने पिछले साल छह शतक लगाए। उन्होंने एकदिवसीय प्रारूप में सर्वाधिक शतक के सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड को तोड़ा और विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। मिचेल ने पांच शतक की मदद से 52.34 के औसत और 100.24 के स्ट्राइक रेट से 1204 रन बनाए। क्लासेन ने भी पूरे साल बल्ले से दबदबा बनाया।

### गेंदबाजों में सिराज, शमी, कुलदीप और एडम जंपा



गेंदबाजी आक्रमण में सिराज, शमी और कुलदीप यादव की भारतीय तिकड़ी के अलावा ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा को जगह मिली है। जंपा ने 26.31 के औसत से 38 विकेट चटकाए और विश्व कप के लगातार तीन मुकाबलों में चार विकेट चटकाए। वह प्रतियोगिता में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर रहे। सिराज ने पिछले साल 44 विकेट चटकाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल में 21 रन देकर छह विकेट भी शामिल रहे। भारत ने एशिया कप फाइनल में श्रीलंका पर एकतरफा जीत दर्ज की। कुलदीप ने पिछले साल 49 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विकेट हासिल किए। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के सुपर चार चरण में 25 रन देकर पांच विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। शमी ने पूरे साल शानदार प्रदर्शन करते हुए चार बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मुंबई में विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 57 रन पर सात विकेट रहा। किसी भी भारतीय खिलाड़ी को आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय टीम में जगह नहीं मिली।

## रोशिबिना को सर्वश्रेष्ठ वुशु सांडा खिलाड़ी का पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार एशियाई खेलों की पदक विजेता नाओरेम रोशिबिना देवी को मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वुशु महासंघ ने एक महीने तक चले जनता के मतदान के बाद सांडा वर्ग में वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना। रोशिबिना ने ईरान की शहरबानो एम सेमिरोमी (88179) और चीन की वु शियाओवेइ (46753) को हराकर पुरस्कार जीता। उन्हें 93545 वोट मिले। रोशिबिना को पिछले साल एशियाई खेलों के महिलाओं के 60 किलो वुशू सांडा वर्ग के फाइनल में शियाओवेइ ने हराया था। इस दौरान 23 देशों के 45 उम्मीदवारों के लिए मतदान हुआ।

# इंग्लैंड के सामने हैदराबाद में होगी स्पिन की चुनौती

## कोच राहुल द्रविड़ बोले- जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मिलेगी मदद

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा कि गुरुवार से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट शृंखला के शुरुआती मैच में जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ेगा पिच से स्पिनरों को मदद मिलेगी। टेस्ट मैच से दो दिन पहले पिच काफी सूखी दिख रही थी, खासकर दोनों छोर के गुड लेंथ क्षेत्र के आसपास। द्रविड़ ने कहा कि पिच के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। जब मैच शुरू होगा तब इसके बारे में पता करेंगे। अब तक जो देखा है उसमें यह पिच अच्छी दिख रही है।



हैदराबाद में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट शृंखला शुरू होने से पहले पिच का मुआयना करते कप्तान रोहित शर्मा। • एजेंसी

### पिच से मिलेगा टर्न

बताते हैं कि पिच से स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हालांकि अभी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता है लेकिन खेल जैसे-जैसे आगे बढ़ेगा निश्चित रूप से गेंद को अधिक टर्न मिलेगा। दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने भी पिच के बारे में चर्चा की है। टीम पिच को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। वुड ने कहा कि हमारे पास स्पिनर हैं, तेज गेंदबाज और अच्छे बल्लेबाज हैं। हाल के दिनों में हमारा प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। हम खुद को इन पिचों के मुताबिक ढालेंगे। हमारे पास ऐसा कप्तान है जो हमेशा मैच को आगे ले जाने की सोचता है। ऐसे में यह मनोरंजक शृंखला होगी।

### बल्लेबाज- गेंदबाज दोनों के लिए होगी मददगार

हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा कि हमारे पास पिच तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है। इससे बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों को मदद मिलेगी लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, इसमें बदलाव आएगा। खिलाड़ियों के पास इन परिस्थितियों के मुताबिक खुद को ढालने का पर्याप्त अनुभव है। भारतीय खिलाड़ी ने गुरुवार को यहां नेट अभ्यास सत्र में भाग लिया। टीम के लिए यह वैकल्पिक सत्र था लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को छोड़कर सभी खिलाड़ियों ने दो घंटे से अधिक के इस सत्र में भाग लिया।

### बैजबॉल से मिल सकते हैं ढेरों विकेट : बुमराह



जसप्रीत बुमराह ने कहा कि इंग्लैंड के अति आक्रामक रवैये 'बैजबॉल' से उन्हें फायदा हो सकता है और पांच मैचों की आगामी टेस्ट शृंखला में उन्हें ढेरों विकेट मिल सकते हैं। बुमराह ने कहा कि अगर वे तेजी से खेलेंगे तो उन्हें थकाएंगे नहीं और ढेर सारे विकेट भी दे सकते हैं।

### रोहित के खिलाफ फेंकने होंगे सटीक बाउंसर : वुड



इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि रोहित शर्मा को शॉर्ट पिच गेंदों के इस्तेमाल से नियंत्रित करना और शृंखला में भारत को हराने की योजना में प्रमुखता से शामिल होगा। रोहित शॉर्ट गेंद के खिलाफ काफी अच्छा खेलते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि वह बाउंसर नहीं फेंकेंगे। उन्हें बेहद सटीक बाउंसर फेंकनी होगी।

## सीरिया से हारकर भारत एशियाई कप से बाहर

**अल खोर (कतर)।** भारतीय टीम आखिरी ग्रुप मैच में सीरिया से 0-1 से हारकर एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट से बाहर हो गई।



सीरिया के उमर खरबिन ने 76वें मिनट में गोल दागकर सीरिया को नॉकआउट की दौड़ में बनाए रखा है। भारत चार टीमों के ग्रुप बी में तीनों मैच हारकर और एक भी गोल किए बिना आखिरी स्थान पर रहा। भारत इससे पहले भी 1984, 2011 और 2019 में नॉकआउट में जगह नहीं बना सका था। भारत 1964 में उपविजेता रहा था जब सिर्फ चार टीमों ने इसमें भाग लिया था। इसके बाद से भारत कभी भी नॉकआउट में जगह नहीं बना सका है।

## खेल डायरी

### सात्विक-चिराग विश्व रैंकिंग में नंबर एक



**नई दिल्ली।** पिछले दो सप्ताह से शानदार प्रदर्शन कर रहे भारत के सात्विक साईंराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मंगलवार को बीडब्ल्यूएफ पुरुष युगल बैडमिंटन रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। एशियाई खेलों की यह चैंपियन जोड़ी मलयेशिया ओपन सुपर 1000 और इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंटों में उपविजेता रही थी। दोनों पिछले साल हांगझोऊ एशियाई खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के बाद पहली बार शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। इंडिया ओपन फाइनल में उन्हें विश्व चैंपियन कांग मिन युक और सिओ सांग जाए से हार का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीयों में एचएस प्रणय 8वें नंबर पर हैं, जबकि लक्ष्य सेन, किदांबी श्रीकांत और प्रियांशु राजावत क्रमश: 19वें, 25वें और 30वें स्थान पर हैं।

### इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ मैच में खेलेंगे रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** रिंकू सिंह को इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ अहमदाबाद में बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए मंगलवार को भारत ए टीम में शामिल किया गया। टी-20 में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी की झलक दिखा चुके रिंकू ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में पदार्पण किया था और दो मैच में 17 और 38 रन बनाए। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने 44 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं जिसमें 57.57 की औसत से 3109 रन बनाए हैं। भारत ए ने पिछले सप्ताह इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ पहला चार दिवसीय मैच ड्रॉ कराया था। भारत ए टीम : अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), साई सुदर्शन, रजत पाटीदार, सरफराज खान, तिलक वर्मा, कुमार कुशाग्र, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार, अर्शदीप सिंह, तुषार देशपांडे, विदवथ कावेरप्पा, उपेंद्र यादव, आकाश दीप, यश दयाल और रिंकू सिंह।

### देर रात तक नशा करने से बेहोश हुए थे मैक्सवेल



**सिडनी।** ग्लेन मैक्सवेल पिछले सप्ताह एडीलेड में देर रात शराब पीने के बाद बेहोश हो गए थे और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। पहले रिपोर्ट में इसका जिक्र नहीं था कि मैक्सवेल को अस्पताल क्यों ले जाना पड़ा लेकिन सिडनी के एक अखबार की एक रिपोर्ट में कहा गया कि शो के दौरान मैक्सवेल की भीड़ में कई लोगों के साथ तस्वीरें आई। इसके बाद वह और उनके दोस्त स्टेज के पीछे जाकर शराब पीने और गाने लगे। इसी दौरान मैक्सवेल बेहोश हो गए और उठाने पर भी नहीं उठे। फिर एंबुलेंस बुलाई गई। मैक्सवेल को जहां तक याद है कि वह अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उठ गए थे। उन्हें थोड़ी देर बार ही अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

### किरन जॉर्ज इंडोनेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में



**जकार्ता।** भारत के किरण जॉर्ज ने इंडोनेशिया मास्टर्स 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वालीफाइंग दौर में दो करीबी जीत के बाद मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया। कोच्चि के 23 वर्ष के जॉर्ज ने अब तक दो सुपर 100 खिताब जीते हैं। उन्होंने इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्टावितो को 21-17, 12-21, 21-15 से हराया। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 12-21, 21-18, 22-20 से मात दी थी। मुख्य ड्रॉ में सातवीं वरीयता प्राप्त एचएस प्रणय पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लो कीन यू के खिलाफ अभियान का आगाज करेंगे। वहीं लक्ष्य सेन का सामना चीन के वेंग होंग यांग से होगा। किदांबी श्रीकांत की टक्कर मलयेशिया के ली जि जिया से होगी, जबकि प्रियांशु राजावत का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा।

# जोकोविच 11वीं बार सेमीफाइनल में

**अब तक 10 बार आस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जीत दर्ज कर चुके हैं जोकोविच**

**मेलबर्न, एजेंसी**



नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हराकर 11वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 7-6, 4-6, 6-2, 6-3 से जीता। वह जितनी बार भी यहां क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, उतनी बार अपराजेय रहे। 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने मेलबर्न पार्क पर सभी दस सेमीफाइनल और फाइनल जीते हैं। वह 48वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर या पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव से होगा।

जोकोविच ने अब तक एक को छोड़कर सभी मुकाबलों में फ्रिट्ज को सीधे सेटों में हराया था। आस्ट्रेलिया में 2021 में मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा था।

### कोको गॉफ भी सेमीफाइनल में पहुंचीं

अमेरिका की चौथी वरीय कोको गॉफ ने मार्ता कोस्तयुक को 7-6, 6-7, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत गत चैंपियन एरिना सबालेंका और नौवीं वरीय बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगी। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन जीतने वाली कोको गॉफ ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में लगातार 12 मैच जीत चुकी हैं।



## डब्ल्यूपीएल का पहला मैच मुंबई और दिल्ली के बीच बेंगलुरू में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन मुंबई इंडियंस महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के पहले मैच में 23 फरवरी को बेंगलुरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगा। पूरा सत्र बेंगलुरू और दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। दिल्ली में अरुण जेटली स्टेडियम 15 और 17 मार्च को एलिमिनेटर और फाइनल की मेजबानी करेगा। इस साल डब्ल्यूपीएल में कुल 22 मैच होंगे। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुंबई इंडियंस ने पिछले साल फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराकर पहला खिताब जीता था।

**महिला प्रीमियर लीग का आगाज 23 फरवरी से**

## रवि शास्त्री और फारुख को कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार



रवि शास्त्री, फारुख इंजीनियर, दिलीप वेंगसरकर व अन्य। • एजेंसी

**हैदराबाद, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर और मुख्य कोच रवि शास्त्री और पूर्व विकेटकीपर फारुख इंजीनियर को मंगलवार को बीसीसीआई ने लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। बीसीसीआई ने समारोह में 2019-20 सत्र के लिए शीर्ष पुरुष और महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

शुभमन गिल को 12 महीने में शानदार प्रदर्शन करने के लिए वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए पॉली उमरीगर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यशस्वी जायसवाल ने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ 171 रनों की पारी खेलकर 2022-23 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण का पुरस्कार जीता। स्पिनर दीप्ति शर्मा ने 2022-23 सत्र के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर का पुरस्कार जीता।

# बॉलीवुड हलचल

## एटली का विजन और संवाद की क्षमता सराहनीय



किंग खान शाहरुख खान ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एटली की निर्देशन शैली की सराहना की है। एटली कुमार के निर्देशन में बनी फिल्म जवान को बॉक्स ऑफिस पर जोरदार सफलता मिली। फिल्म जवान में शाहरुख खान पिता और पुत्र की दोहरी भूमिका में नजर आए। जवान ने दुनिया में 1100 करोड़ से अधिक का कलेक्शन किया। शाहरुख खान ने कहा कि एटली का विजन स्पष्टता और संवाद करने की उनकी क्षमता वास्तव में सराहनीय है। वह उनकी निर्देशन शैली की सराहना करते हैं। वह विशाल, साहसी, जीवन से बड़े हैं, वह एटली हैं। यह सिर्फ एक स्क्रिप्ट को क्रियान्वित करने के बारे में नहीं था, बल्कि यह पात्रों, कथाओं और कहानी कहने की पारस्परिक खोज थी। फिल्म जवान आपको सोचने पर मजबूर करेगा, आपको प्यार में डालेगा, आपको गुस्सा दिलाएगा, आपको हंसाएगी और रुलाएगी भी, लेकिन यह आपके परिवार के साथ अनुभव करने लायक यात्रा होगी। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट प्रस्तुति, एटली द्वारा निर्देशित, गौरी खान द्वारा निर्मित और गौरव वर्मा द्वारा सह-निर्मित फिल्म जवान का प्रीमियर 28 जनवरी को जी सिनेमा पर होगा।

### शाहरुख खान ने बताया जवान बने रहने का तरीका

शाहरुख खान ने जिंदगी में जवान बने रहने का मंत्र साझा किया है। उन्होंने बताया कि दिल से साफ रहें और उन चीजों की तुलना या उन पर संदेह न रखें, जो आप कर रहे हैं। दिल से जवान बनने और दिल से खुश रहने का एकमात्र तरीका है दिल से साफ होना, ऐसा करने का एकमात्र तरीका यह है कि उन चीजों के प्रति संदेह न रखें और न ही उनकी तुलना करें, जो काम आप कर रहे हैं। अपने आसपास के लोगों के प्रति अच्छा बर्ताव और सम्मान करें, अपने परिवार और दोस्तों से प्यार करें और दयालु बनें। मुझे लगता है कि दिल से जवान बने रहने के लिए बहुत कम समय की जरूरत होती है।

## प्रभास का बॉडी डबल भी लेता है एक फिल्म की मोटी फीस



प्रभास ही नहीं, उनका बॉडी डबल भी मोटी फीस वसूलता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास की बढ़ती लोकप्रियता से उनके बॉडी डबल की भी चांदी हो गई है। वो जहां पहले काफी कम फीस पर प्रभास के लिए बॉडी डबल का काम करते थे। अब वो एक दिन के लिए 30 लाख रुपये चार्ज कर रहे हैं। प्रभास की कद-काठी का उनसे हुबहू मैच होना और उनके मुश्किल एक्शन सीन्स की वजह से मेकर्स उन्हें लंबी डेट्स के साथ कई दिनों तक के लिए रिजर्व रखते हैं। जिससे उनकी फीस 9-10 करोड़ रुपये प्रति प्रोजेक्ट तक हो चुकी है। उनकी मूवी सालार से लेकर कल्कि 2898 एडी में भी प्रभास के बॉडी डबल ने काम किया है।

### प्रभास की एक फिल्म की फीस 150 करोड़ रुपये से भी ज्यादा

बाहुबली स्टार प्रभास इंडस्ट्री के टॉप पेड एक्टर्स में से एक हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुपरस्टार एक मूवी के लिए करीब 150 करोड़ रुपये वसूलते हैं। बाहुबली की बंपर सफलता से प्रभास सिर्फ साउथ ही नहीं, बल्कि इंडिया के सबसे बड़े स्टार बनकर उभरे हैं। प्रभास का क्रेज साउथ से लेकर बॉलीवुड तक में है। अभी वह कई फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें उनके धमाकेदार एक्शन सीन्स हैं। इसके लिए मेकर्स को प्रभास के बॉडी डबल का भी ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना पड़ रहा है। बता दें कि सुपरस्टार प्रभास सालार की सफलता के बाद निर्देशक नाग अश्विन की मूवी 2898 एडी को लेकर सिनेमाघर पहुंचेंगे। इस में प्रभास के अपोजिट अदाकारा दीपिका पादुकोण लीड रोल में नजर आएंगी। इसके अलावा प्रभास निर्देशक मारुती की राजा साब को लेकर भी चर्चा में है। जो जल्दी ही सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में है।

## सुष्मिता सेन की वेबसीरीज आर्या 3 का ट्रेलर रिलीज




बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री सुष्मिता सेन की आने वाली वेबसीरीज आर्या-3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सुष्मिता सेन जबरदस्त एक्शन करती हुई दिखाई दे रही हैं। डिज्नी प्लस हॉटस्टार के पेज पर आर्या 3 के ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा गया है, एक आखिरी बार, शेरनी करेगी एक अंतिम वार। यह हॉटस्टार पर 9 फरवरी से स्ट्रीम होगी। आर्या 3 का निर्देशन राम माधवानी ने किया है। इसमें सुष्मिता सेन के अलावा चंद्रचूड़ सिंह, सिकंदर खेर, नमित दास, मनीष चौधरी, सुगंधा गर्ग जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं।

सुष्मिता सेन ने आर्या 3 में अपने किरदार पर बात करते हुए कहा कि यह सब तब शुरू हुआ जब आर्या के परिवार को टुकड़ों में तोड़ दिया गया, जिसके बाद वह बिजनेस की निडर शेरनी बन गई। अब बात खेल से परे न्याय की है। भले ही किस्मत में आर्या सरीन के लिए कुछ भी लिखा हो लेकिन वह उसका सामना डट के बिना किसी डर के साथ करती है। स्क्रीन पर आर्या सरीन के किरदार को निभाकर मुझे उस समय शक्ति मिली जब मैं खुद को संभाल नहीं पाती थी। उसके किरदार से एक एक्टर के तौर पर मैं खुद को तलाश पाई।

### जालीदार ड्रेस पहनने पर अनन्या की तुलना उर्फी जावेद से



उर्फी जावेद अपने कपड़ों को लेकर हमेशा चर्चा में बनी रहती है। अब अनन्या पांडे का एक ऐसा लुक सामने आया है, इसके बाद लोग उनकी तुलना भी उर्फी जावेद से कर रहे हैं। अनन्या पांडे के नए लुक का सोशल मीडिया पर जमकर मजाक उड़ाया जा रहा है। दरअसल अनन्या पांडे का हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। इस में वह रैंप वाक करती हुई नजर आ रही हैं। इस दौरान अनन्या पांड ने बेहद अतरंगी आउटफिट पहन रखा है। उन्होंने वन पीस शॉर्ट ड्रेस के साथ-साथ एक जालीदार चीज को अपने हाथ में पकड़ा हुआ है। अनन्या पांडे के इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस जमकर तारीफ करते हुए नजर आए तो ट्रोल ने एक्ट्रेस की क्लास लगाई और उनकी ड्रेस को लेकर तरह-तरह के कमेंट्स किए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।




# मुंबई: बिफ्फ फिल्म फेस्टिवल में कलाकारों को किया सम्मानित

मुंबई, अमृत विचार

मुंबई में बॉलीवुड इंटरनेशनल बिफ्फ फिल्म फेस्टिवल सीजन-4 का 20 जनवरी को आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश-दुनिया से आईं अनेक शख्सियतों ने हिस्सा लिया।

फेस्टिवल में बेहतरीन फिल्में, शॉर्ट, मोबाइल, स्टूडेंट्स, डॉक्युमेंट्रीज फिल्म व म्युजिक वीडियो दिखाए गए। बाद में कई कलाकारों को सम्मानित किया गया। बता दें, बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा और डायरेक्टर प्रतिभा शर्मा इस फेस्टिवल के संस्थापक हैं। आयोजन में बेस्ट फिल्म और अन्य बेस्ट कैटेगरी को चुनने के लिए पांच निर्णायक मंडल को नियुक्त किया गया है। कुनबा थियेटर अंधेरी वेस्ट में आयोजित कार्यक्रम में अजीत राय, धर्मेंद्र नाथ ओझा, नंदिता पुरी और बांग्लादेश के एक्टर डायरेक्टर तौकीर अहमद शामिल हुए। यशपाल, प्रतिभा और अविनाश दास ने कार्यक्रम का आरंभ किया। शिशिर, अखिलेन्द्र, राज ज्युतशी, नंदिता पुरी, एना बोल्मार्क, रामपाल बल्हारा समेत बॉलीवुड के अनेक गणमान्य हस्तियां मौजूद रहीं।

# यूएनएससी की स्थायी सीट भारत को मिलनी चाहिए: मस्क

न्यूयॉर्क, एजेंसी



▸▸ कहा-संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के ढांचे में बदलाव की जरूरत

दुनिया के सबसे अमीर शख्स और टेस्ला व स्पेसएक्स जैसी कंपनियों के मुखिया एलन मस्क ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता की वकालत की है। उन्होंने कहा है कि कुछ बिंदुओं पर दुनिया की सबसे बड़ी संस्था संयुक्त राष्ट्र में बदलाव करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद में सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के नाते भारत को स्थायी जगह मिलनी ही चाहिए। ऐसा नहीं किया जाना बेतुका है। एलन मस्क ने ट्वीट कर कहा कि कुछ बिंदु पर, संयुक्त राष्ट्र निकायों के संशोधन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश होने के बावजूद, सुरक्षा परिषद में भारत के लिए स्थायी सीट नहीं होना बेतुका है। उन्होंने लिखा कि अफ्रीका के लिए भी सामूहिक रूप से एक सीट होनी चाहिए। सयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद में फिलहाल पांच देश ही स्थायी सदस्यों के रूप में शामिल हैं।

बता दें, यूएनएससी, यूएन के छह प्रमुख अंगों में से एक है। इसकी स्थापना 24 अक्टूबर 1945 को हुई थी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने, महासभा में संयुक्त राष्ट्र के नए सदस्यों के प्रवेश की सिफारिश करने और संयुक्त राष्ट्र में किसी भी बदलाव को मंजूरी देने की जिम्मेदारी है।

# गायब हो जाते हैं शनि के चांद टाइटन के द्वीप

▸▸ नासा के अंतरिक्ष यान कैसिनी ने की आश्चर्यजनक खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने शनि ग्रह के चांद टाइटन में एक आश्चर्यजनक जानकारी जुटाई है। टाइटन के समुद्र में द्वीपों का पता चला है, जो नजर आते हैं और खुद ही गायब हो जाते हैं। वैज्ञानिकों ने इसे जादुई द्वीप नाम दिया है।

शनि का चंद्रमा टाइटन हमारे सौर मंडल में पृथ्वी के अलावा एकमात्र ऐसी दुनिया है, जिसकी सतह पर तरल झीलें और विशाल समुद्र हैं। नासा के कैसिनी अंतरिक्ष यान ने शनि के इस बड़े चंद्रमा टाइटन की सतह पर झीलें पृथ्वी से मिलते जुलते देखी हैं। मगर टाइटन में अत्यधिक ठंड के चलते पर -179 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है। जिस कारण टाइटन के समुद्र में हाइड्रोकार्बन, तरल मीथेन और ईथेन होते हैं।



टाइटन के समुद्र में गायब हो जाने वाले द्वीप।

इधर कैसिनी टाइटन में द्वीपों जैसे चमकीले क्षेत्रों का पता लगाया है, जो समुद्र पर तैरते दिखाई देते हैं और फिर गायब हो जाते प्रतीत होते थे। वैज्ञानिकों ने इन द्वीपों को टाइटन का जादुई द्वीप कहा है। अमेरिकी शोधकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह द्वीप संभवतः एक अलग प्रकार के जमे हुए कार्बनिक ठोस पदार्थों के तैरते हुए टुकड़े हैं। विज्ञान पत्रिका जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स (एजीयू) यह खोज प्रकाशित है।

इस खोज को लेकर टेक्सास सैन एंटोनियो विश्वविद्यालय भौतिकी व खगोल विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ज़िनटिंग यू का कहना है कि समुद्र में यह द्वीप गायब होने से पहले घंटों से लेकर कुछ हफ्तों तक नजर आते हैं। इस रहस्य को समझने के लिए वैज्ञानिको ने विभिन्न सिद्धांत प्रस्तुत किए।

मगर सत्यता का सही पता नही चल पाया। इस पर नए तरीके से अध्ययन किया गया, तब पता चला कि टाइटन के जादुई द्वीप झरझरा छत्ते वाले कार्बनिक पदार्थ से बने हैं।

## टाइटन पर पनप सकता है जीवन

पानी की मौजूदगी के चलते टाइटन पर जीवन की संभावना जताई जा सकती है। इस उपग्रह पर जीवन की संभावना करीब दो दशक से बनी हुई है। जिसके चलते नासा ने इस उपग्रह की सतह को जानने के लिए कैसनी अंतरिक्ष यान को भेजा। कौसनी इस ग्रह की अनेक जानकारी जुटाने में सफल रहा है।

## एक नजर

### मध्य प्रदेश: इंदौर केंद्रीय कारागार में कैदी ने लगाई फांसी, मौत

**इंदौर।** इंदौर में केंद्रीय कारागार के कैदी ने चादर से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने बताया कि घटना सोमवार शाम की है। जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने कहा, जेल के बैरक नंबर 2 में बंद अनिल मांझे ने आत्महत्या करने के लिए बेडशीट का इस्तेमाल किया। उसने बेडशीट के एक सिरे को शौचालय की जाली से बांध दिया और दूसरे सिरे से खुद को फांसी लगा ली। बाद वे उसे एमवाई अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और उसके परिवार के सदस्यों को इसके बारे में सूचित किया गया है। मांझे पर मामूली विवाद में पत्नी की हत्या करने का आरोप था।

### ईरान: हिजाब विरोधी प्रदर्शनों में गिरफ्तार एक और व्यक्ति को फांसी

**तेहरान।** ईरान ने वर्ष 2022 के देशव्यापी प्रदर्शनों के दौरान गिरफ्तार किए गए एक और कैदी को फांसी दे दी। 22 वर्षीया महसा अमीनी को हिजाब नहीं पहनने के कारण हिरासत में लिया गया था। मोरलिटी पुलिस की हिरासत में 16 सितंबर, 2022 को महसा की मौत के बाद देश भर में भड़के हिजाब विरोधी प्रदर्शन में कम से कम 529 लोगों की मौत हो गई थी और हजारों लोगों को इस दौरान हिरासत में लिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद कोबादलु को राजधानी तेहरान के समीप पारांड कस्बे में रैली के दौरान अपनी कार से कुचल कर एक पुलिसकर्मी की जान लेने और पांच अन्य को घायल करने के लिए सजा सुनाए जाने के बाद फांसी दी गई। महीनों तक चले प्रदर्शनों के बाद नौवें व्यक्ति को फांसी दी गई है।

# गाजा में 21 आईडीएफ सैनिकों की मौत

## इजराइली सेना पर बड़ा हमला, नेतन्याहू बोले- सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी

यरुशलम, एजेंसी

इजराइली सेना ने बताया है कि सोमवार को गाजा में हमास के साथ हुई लड़ाई में उनके 21 सैनिक मारे गए हैं। दरअसल लड़ाई के दौरान एक शक्तिशाली विस्फोट हुआ, जिसकी चपेट में कुछ सैनिक आ गए। यह विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि इसकी चपेट में आकर दो इमारतें भी तबाह हो गईं। वहीं इजराइली सेना के एक टैंक पर हमास के लड़ाकों ने आरपीजी से हमला किया। इन सैनिकों की मौत के बाद हमास के साथ लड़ाई में इजराइली सेना के अब तक 200 से ज्यादा सैनिक मारे जा चुके हैं।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कसम खाई कि फिलिस्तीन में एक दिन में सबसे ज्यादा मौतें होने के बाद इजराइल जीत पूरी होने तक गाजा में लड़ाई बंद नहीं करेगा। यह युद्ध शुरू होने के बाद से इजराइली सेना को सबसे बड़ी क्षति पहुंची है। नेतन्याहू ने 21 सैनिकों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि सेना जीत पूरी होने तक लड़ती रहेगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में नेतन्याहू ने कहा, युद्ध की शुरुआत के बाद से सोमवार का दिन सबसे कठिन दिनों में से एक था।

उन्होंने कहा कि सेना उस हमले की जांच शुरू करेगी जिसमें एक आतंकवादी ने एक टैंक पर रॉकेट चालित ग्रेनेड दागा जिससे विस्फोट हुआ और सैनिक विस्फोट के बाद ध्वस्त हुई दो इमारतों के मलबे में दब गए। रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा कि उनका दिल इस कठिन और दर्दनाक सुबह में मारे गए लोगों के परिवारों के साथ है, लेकिन इजराइल पीछे नहीं हटेगा।

### यमन: अमेरिका-ब्रिटेन ने फिर किया हूती के 8 ठिकानों पर हमला

**वाशिंगटन।** यमन स्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने हमले तेज कर दिए हैं। पेंटागन ने बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने सोमवार को यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर हमला किया है। पेंटागन के अनुसार, अमेरिकी और ब्रिटिश सेना ने अंडरग्राउंड स्टोरेज स्थल और हूतियों की मिसाइल व निगरानी क्षमता को तबाह किया गया है। वहीं, हूती विद्रोहियों ने कहा कि इजराइल द्वारा गाजा पर किए जा रहे हमले के बाद वह फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता से खड़े हैं, इसलिए ये हमले फिलिस्तीनियों के समर्थन में हैं। छह देशों द्वारा हस्ताक्षरित एक संयुक्त बयान के अनुसार, अमेरिका और ब्रिटिश सेना ने ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, कनाडा और नीदरलैंड के समर्थन से यमन में 8 अलग-अलग स्थानों पर हमले किए हैं। इससे पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि हूती विद्रोहियों के खिलाफ ये हवाई हमले जारी रहेंगे। एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य



अधिकारी बताया कि लगभग 25 से 30 गोले दागे गए। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि इन हमलों ने हूती विद्रोहियों की हमलों की क्षमता को कम कर दिया है। हालांकि, उन्होंने अब तक नष्ट हुई मिसाइल, रडार, ड्रोन या अन्य सैन्य क्षमताओं की संख्या के बारे में कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है।

# गर्भपात की इजाजत वाला फैसला दिल्ली कोर्ट ने वापस लिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट मंगलवार को अपने पहले एक आदेश को वापस ले लिया है। जिसमें कोर्ट ने 29 हफ्ते की गर्भवती महिला को गर्भपात की इजाजत देने का आदेश दिया था।




केंद्र सरकार की ओर से हाईकोर्ट में अर्जी दी गई थी।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा कि आदेश वापस लिया जाता है। केंद्र की ओर से एक याचिका दायर करने के बाद आया है। जिसमें बीती चार जनवरी के आदेश को वापस लेने की मांग की गई है। गर्भावस्था को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति दी गई थी। केंद्र सरकार ने अपनी याचिका में कहा कि गर्भावस्था का समापन तब तक नहीं हो सकता है। जब तक कि डॉक्टर भ्रूणहत्या न कर दें। ऐसा न करने पर बड़ी जटिलताओं के साथ समय से पहले प्रसव होगा।

# केएनपी में नामीबियाई चीता ने तीन शावकों को दिया जन्म

श्योपुर, एजेंसी

▸▸ सीएम मोहन ने दी बधाई, इससे पहले मार्च 2023 में ज्वाला चीता ने चार शावकों को दिया था जन्म



कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मंगलवार को तीन चीता शावकों का जन्म हुआ है। मादा चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है। तीनों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। इससे पहले मार्च 2023 में ज्वाला चीता ने चार शावकों को जन्म दिया था। इनमें से तीन शावकों की मौत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुनो में शुरू किया गया अभिनव प्रकल्प चीता प्रोजेक्ट सफल हो रहा है। एशिया से गायब हुए चीता मध्यप्रदेश के पारिस्थितिक तंत्र में न सिर्फ फल फूल रहा है, बल्कि वंश वृद्धि में भी लगा है। यह प्रदेश के लिए सौभाग्य की बात है। कुनो में मादा चीता ज्वाला ने 3 नन्हे चीता शावकों को जन्म दिया है। प्रदेश में चीता प्रजाति के प्राणियों की संख्या अब 21 हो गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में चीतों के कुनबे में वृद्धि होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) में मंगलवार को चीता शावकों के जन्म के बाद चीतों की तादाद बढ़कर 17 हो गई है। इसमें सात शावक शामिल है। करीब एक महीने पहले ही नामीबिया से लाई गई मादा चीता आशा ने तीन शावकों को जन्म दिया था। इससे पहले मार्च 2023 में मादा चीता ज्वाला ने ही चार शावकों को जन्म दिया था। उनमें से तीन की मौत कुछ ही महीनों में हो गई थी। कूनो प्रबंधन ने शावकों की मौत की वजह भीषण गर्मी को बताया था। इस मादा चीता को पहले सियाया के नाम से जाना जाता था, बाद में उसका नाम ज्वाला रखा गया था। ज्वाला को भी नामीबिया से कूनो नेशनल पार्क लाया गया है। कूनो नेशनल पार्क से काफी दिनों बाद बड़ी खुशखबरी सामने आई है। यहां अफ्रीकी देश नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने तीन शावकों को जन्म दिया है।

# भारत लगा रहा अफ्रीका को उठाने की बाजी, बढ़ेगी साझेदारी

अबुजा, एजेंसी



▸▸ जयशंकर बोले उचित स्थान हासिल नहीं कर लेता, तब तक वैश्विक व्यवस्था संतुलित नहीं होगी

नाइजीरिया के साथ उन्नीसवें गुटनिरपेक्ष आंदोलन शिखर सम्मेलन के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर नाइजीरिया में हैं। उन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत अफ्रीका को उठाने की बाजी लगा रहा है और जब तक यह महाद्वीप अपना उचित स्थान हासिल नहीं कर लेता, तब तक वैश्विक व्यवस्था संतुलित नहीं होगी। उन्होंने कहा, इस महाद्वीप के बिना बहुध्रुवीयता नहीं हो सकती।

जयशंकर नाइजीरिया-भारत व्यापार परिषद (एनआईबीसी) में बोल रहे थे। विदेश मंत्री ने कहा, नई वैश्विक व्यवस्था का फिर से संतुलन तभी होगा, जब इसके मूल में आर्थिकी होगी। आर्थिक उत्थान से ही अफ्रीका का उदय होगा। उन्होंने कहा, दूसरों के लिए बाजार बनकर या सिर्फ संसाधन मुहैया कराकर वैश्विक व्यवस्था में ऊपर जान बहुत मुश्किल है। इसलिए, अब मैं विकल्प पेश करता रहता हूं। उन्होंने कहा, अफ्रीका आगे बढ़ रहा है और भारत अफ्रीका को उठाने पर बाजी लगा रहा है।

मंत्री ने कहा, भारत अफ्रीका को उठाने की बाजी इसलिए लगा रहा है, क्योंकि आज अफ्रीका में जनसांख्यिकी, संसाधनों और महत्वकांक्षा में बहुत अधिक वृद्धि हो रही है।

## हीटिंग सिस्टम फेल...



**मॉस्को :** रूस की राजधानी मॉस्को समेत पूरे देश में इन दिनों भीषण सदी है। मॉस्को में पारा माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। विंड चिल फैक्टर और कई जगहों पर हीटिंग सिस्टम काम नहीं करने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विंड चिल फैक्टर में हवाओं की वजह से तापमान 5 डिग्री और कम महसूस होता है। रूस में पारा गिरने की शुरुआत दिसंबर में शुरू हुई थी। यह गिरावट थमी नहीं है। इस हफ्ते, निजनी नोवगोरोड शहर में हीटिंग पाइप फटने से खौलता पानी सड़क पर फैल गया था। इससे 16 लोग झुलस गए थे। इसमें 3,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। ● एजेंसी

# भारतवंशी 22 वैज्ञानिकों को मिलेगी वैभव फेलोशिप

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ केंद्र सरकार ने की घोषणा वैज्ञानिक अमेरिका, ब्रिटेन कनाडा समेत 9 देशों में हैं कार्यरत



केंद्र सरकार ने मंगलवार को भारतीय मूल के 22 वैज्ञानिकों को 'वैभव' फेलोशिप देने की घोषणा की है। ये वैज्ञानिक देश के प्रमुख संस्थानों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और क्वांटम तकनीक जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं चलाने में मदद करेंगे। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह घोषणा की। इस दौरान नीति आयोग के सदस्य वीके सारस्वत, मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार एके सूद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (डीएसटी) विभाग के सचिव अभय करंदीकर भी मौजूद थे। वैभव फेलोशिप कार्यक्रम बीते साल 2023 में डीएसटी की ओर से शुरू किया गया था।

वैभव फेलोशिप के लिए जिन 22 वैज्ञानिकों के नामों की घोषणा की गई है, वे ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, जापान, सिंगापुर, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के शीर्ष संस्थानों में हैं। ये वैज्ञानिक मिलकर परियोजनाओं पर अगले तीन वर्षों तक आईआईएससी, आईयूसीएए और आईआईटी जैसे भारतीय संस्थानों के साथ काम करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2020 में वैभव शिखर सम्मेनल का उद्घाटन किया था। इसी दौरान यह विचार निकलकर सामने आया। इसी दौरान भारत के उच्च शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों और सार्वजनिक वित्त पोषित वैज्ञानिक संस्थानों और प्रवासी भारतीय वैज्ञानिकों के बीच सहयोग की परिकल्पना की गई थी। कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के खगोल विज्ञान विभाग में प्रोफेसर मानसी मनोज कासलीवाल डाटा विज्ञान के क्षेत्र में आईआईटी-बॉम्बे में काम करेंगी। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथर्न कैलिफोर्निया से मुरली अन्नावरण आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और मशीन लर्निंग के क्षेत्र बंगलूरू स्थित आईआईएससी में वैज्ञानिकों के साथ काम करेंगे। इसी तरह यूनिवर्सिटी ऑफ जिनेवा के अजीत श्रीवास्तव पुणे स्थित आईआईएसईआर के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उफकरणों के क्षेत्र में काम करेंगे। जबकि, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर सुबीर सरकार डाटा विज्ञान के क्षेत्र में टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के साथ काम करेंगे।

# दुनिया में पिछड़ा पाकिस्तान, पटरी पर लाना आसान नहीं

**खैबर पख्तूनख्वा।** पूर्व पीएम नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के हालत को लेकर बड़ा बयान दिया है। नवाज ने कहा कि पाकिस्तान को पटरी पर लाना आसान काम नहीं होगा।



एक रैली को संबोधित करते हुए नवाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया में पिछड़ गया है और देश का पुनर्निर्माण करना होगा। शरीफ ने कहा कि उनकी सरकार ने न केवल पाकिस्तानी रुपये के मुकाबले डॉलर को 104 तक सीमित किया था, बल्कि देश से लोड शेडिंग को भी समाप्त कर दिया था। शरीफ ने इमरान से सवाल पूछा कि इन्होंने जनता के लिए अपने 10 साल के शासन के दौरान क्या किया? उन्होंने कहा इमरान ने इस प्रांत को बर्बाद कर दिया है।

**रिपोर्ट में दावा** | 34 लाख करोड़ का होगा भारत का टूरिज्म, मध्य वर्ग के दम पर पर्यटन सेक्टर होगा 3 गुना

# 2030 तक पर्यटन पर खर्च में विश्व का चौथा देश होगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

छुट्टियां मनाना और नई जगहें घूमना आमतौर पर उच्च वर्ग के लोगों की बात कही जाती रही है। हालांकि आने वाले समय में यह धारणा गलत साबित हो सकती है। दरअसल, उच्च वर्ग के साथ भारत का मिडिल क्लास भी नई-नई जगहों पर घूमना चाहता है और इसकी शुरुआत भी हो गई है। मध्य वर्ग की बढ़ती रुचि के कारण 2030 तक भारत पर्यटन पर खर्च करने वाला दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश बन जाएगा।

इसकी बड़ी वजह मिडिल क्लास की आबादी है। अनुमान है कि 2030 तक देश में मध्यम वर्ग की आबादी 47.8 फीसदी होगी (मिडिल क्लास सालाना 5 लाख से 30 लाख के बीच कमाने वाले)। मैकिन्से एंड कंपनी, पीपल रिसर्च और बुकिंग कॉम की रिपोर्ट का के आधार पर यह अनुमान जताया गया है।

2030 तक भारत की औसत आयु 28.2 साल होगी जो दुनियाभर की तमाम बड़ी इकॉनमी से 10 साल कम होगी।

ब्रांड यूएसए कंपनी के एक सर्वे में अनुमान लगाया गया है कि 2030 तक 23 लाख भारतीय पर्यटक के रूप में अमेरिका जाएंगे, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 15 लाख था। कुछ समय से मध्य वर्ग के लोगों की पर्यटन के क्षेत्र में रूची बढ़ी है। बता दें, भारत भी पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा दे रहा है।



**2019** में पर्यटन पर 12.47 लाख करोड़ रूपये भारतीयों ने किए खर्च, 2030 तक यह आंकड़ा 34.08 लाख करोड़ होने की उम्मीद।

### पिछले साल यूएई रहा भारतीयों की पहली पसंद

पिछले साल छुट्टियों के लिए यूएई भारतीयों की पहली पसंद रहा। उसके बाद, थाईलैंड, सिंगापुर, इंडोनेशिया, मालदीव, हांगकांग, अमेरिका व ब्रिटेन रहे। बता दें कि दुनियाभर में पर्यटन पर सबसे अधिक खर्च करने वाला क्लास मिडिल क्लास है। कोरोना से पहले के आंकड़ों को देखें तो 2019 में पर्यटन पर भारतीय 12.47 लाख करोड़ खर्च करते थे। 2030 तक यह आंकड़ा 34.08 लाख करोड़ हो जाने की उम्मीद है।

# एक माह में चौथी बार 6 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने छह भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौकाएं जब्त कर ली हैं। आरोप है कि ये मछुआरे उसके जलक्षेत्र में मछलियां पकड़ रहे थे। इस तरह की एक महीने के भीतर यह चौथी घटना है।

श्रीलंकाई नौसेना ने बताया गया है कि भा दो नौकाओं को सोमवार को जाफना के डेल्फ्ट द्वीप के उत्तर में जब्त कर लिया गया। इसमें आगे कहा गया है कि पकड़े गए छह मछुआरों को कंकासनथुरई बंदरगाह ले जाया गया। उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। पिछले हफ्ते 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। उनकी दो नौकाएं भी जब्त कर ली गई थीं। दोनों देशों के बीच लंबे समय मछुआरों का विवादास्पद मुद्दा है। श्रीलंकाई नौसेना ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की थी।

# फरवरी में रामलला के दर्शन करने जाएगा पूरा कैबिनेट

गुवाहाटी, एजेंसी



▸▸ सीएम हिमंत बिस्वा ने एक्स पर दी जानकारी

असम कैबिनेट ने 22 फरवरी को अयोध्या राम मंदिर का दौरा करने का फैसला किया है। यह फैसला मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया। सीएम सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, कैबिनेट ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। इ

सके साथ ही भारत के लोगों को भी बधाई दी। पूरा कैबिनेट 22 फरवरी को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या जाएगा। सीएम ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने दस जिलों में भूमिहीन मूलनिवासियों को भूमि देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, 'सोनितपुर, तिनसुकिया, धेमाजी, नागांव, विश्वनाथ, कामरूप (महानगर), कामरूप, बोंगाईगांव, गोलपारा और धुबरी जिलों में मिशन बसुंधरा 2.0 के तहत भूमिहीन मूलनिवासियों को भूमि दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन परिवारों में 84 फीसदी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग से ताल्लुक रखते हैं। पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए असम परीक्षा विधेयक 2024 को कैबिनेट की तरफ से मंजूरी दे गई है।